दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004
/// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 176 | जयपुर | गुरूवार, 01 मई, 2025 | बैशाख, शुक्ल पक्ष चतुर्थी संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹5.00 | पृष्ठ : 12
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## मोदी सरकार का बड़ा फैसला
# अब देश में होगी जाति जनगणना
## विपक्ष के हाथ से फिसला बड़ा चुनावी मुद्दा



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने ऐतिहासिक फैसला लेते हुए देश में जाति आधारित जनगणना कराने की घोषणा की है। इस जनगणना में हर नागरिक से उसकी जाति की जानकारी ली जाएगी, और इसके लिए जनगणना के फॉर्म में अलग से जाति का कॉलम जोड़ा जाएगा। यह फैसला ऐसे समय में लिया गया है जब बिहार विधानसभा चुनाव कुछ ही महीने दूर हैं और विपक्ष लंबे समय से जातिगत जनगणना की मांग कर रहा था।

### जाति जनगणना की मांग और विपक्ष की रणनीति

कांग्रेस नेता राहुल गांधी, सपा प्रमुख अखिलेश यादव, और अन्य विपक्षी दल लगातार यह मांग करते रहे हैं कि देश में जाति जनगणना कराई जाए ताकि सामाजिक न्याय की दिशा में ठोस नीतियाँ बनाई जा सकें। राहुल गांधी ने बार-बार कहा है कि जब तक देश को यह नहीं पता कि किस जाति की जनसंख्या कितनी है, तब तक संसाधनों का सही बंटवारा संभव नहीं है। उन्होंने यह भी ऐलान किया था कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो वह न केवल जातिगत जनगणना कराएंगे, बल्कि आरक्षण की वर्तमान 50 प्रतिशत सीमा को भी तोड़ देंगे। ऐसे में मोदी सरकार के इस फैसले को विपक्ष की रणनीति पर 'सर्जिकल स्ट्राइक' माना जा रहा है। अब सरकार खुद यह आंकड़ा इकट्ठा करेगी, जिससे विपक्ष के हाथ से एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा निकल गया है।

### जनगणना फॉर्म में 29 कॉलम, केवल एससी-एसटी की डिटेल

2011 तक जनगणना फॉर्म में कुल 29 कॉलम होते थे। इनमें नाम, पता, व्यवसाय, शिक्षा, रोजगार और माइग्रेशन जैसे सवालों के साथ केवल एससी और एसटी कैटेगरी से ताल्लुक रखने को रिकॉर्ड किया जाता था। अब जाति जनगणना के लिए इसमें एक्स्ट्रा कॉलम जोड़े जा सकते हैं।

### राज्यों की जाति जनगणना अब तक मिली-जुली तस्वीर

कई राज्यों ने अपने स्तर पर जातिगत सर्वेक्षण किए हैं। बिहार ने हाल ही में जाति आधारित सर्वे कराया था, जिसके लिए तेजस्वी यादव और विपक्षी नेता श्रेय लेते रहे हैं। लेकिन अब केंद्र सरकार के इस कदम से नीतीश कुमार और भाजपा को इसका बड़ा राजनीतिक लाभ मिल सकता है। कर्नाटक में हुई जाति जनगणना पर विवाद भी हुआ था, जिसे अश्विनी वैष्णव ने गैर-प्रमाणिक बताया।



### अश्विनी वैष्णव का बयान
#### बिना बवाल के ऐतिहासिक कदम

**केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को कैबिनेट मीटिंग के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि यह फैसला समाज के हर वर्ग के कल्याण को ध्यान में रखकर लिया गया है। उन्होंने कहा कि इससे नीतियां बनाने में मदद मिलेगी और लाभ का सही वितरण हो सकेगा। उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि उसने हमेशा जाति जनगणना का विरोध किया। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने 2010 में इस पर विचार करने की बात तो कही थी, लेकिन अमल कभी नहीं हुआ। सिर्फ एक सीमित सर्वे ही किया गया।**

### 2011 में सामाजिक-आर्थिक गणना हुई, आंकड़े जारी नहीं

मनमोहन सिंह सरकार के दौरान 2011 में सामाजिक-आर्थिक और जातिगत जनगणना करवाई गई थी। इसे ग्रामीण विकास मंत्रालय, शहरी विकास मंत्रालय और गृह मंत्रालय ने करवाया था। हालांकि इस सर्वेक्षण के आंकड़े कभी भी सार्वजनिक नहीं किए गए। ग्रामीण विकास मंत्रालय की वेबसाइट पर इसके एससी-एसटी हाउसहोल्ड के आंकड़े ही जारी किए गए हैं।

## अक्षय तृतीया पर सोना 1,650 सस्ता हुआ
#### 10 ग्राम की कीमत 94,361 हुई; चांदी 3,276 सस्ती होकर 94,114 किलो बिक रही



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अक्षय तृतीया पर सोने और चांदी में गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 1,650 गिरकर 94,361 पर आ गया है। इससे पहले 10 ग्राम सोने की कीमत 96,011 थी। वहीं, एक किलो चांदी की कीमत 3,276 कम होकर 94,114 प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी का भाव 97,390 प्रति किलो था। एक्सपर्ट्स के अनुसार मुनाफा वसूली के कारण ये गिरावट देखने क को मिली है। बीते दिनों सोने-चांदी की कीमतें बढ़ने के बाद अब निवेशक अपना गोल्ड बेचकर मुनाफा कमा रहे हैं। एक्सपर्ट्स के अनुसार आने वाले दिनों में शॉर्ट टर्म में सोने-चांदी में और गिरावट देखने को मिल सकती है। इससे पहले सोने ने 21 अप्रैल को 99,100 का और 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 का ऑल टाइम हाई बनाया था।

अगले साल अक्षय तृतीया तक 1.05 लाख पहुंच सकता है सोना-केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि जियो पॉलिटिकल टेंशन बढ़ने से गोल्ड को सपोर्ट मिल रहा है। वहीं गोल्ड श्वञ्जस्न में निवेश भी बढ़ रहा है। इससे गोल्ड की डिमांड बढ़ रही है। ऐसे में अगली अक्षय तृतीया तक सोना 1.05 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है।



## होटल में आग लगी, 15 की मौत
### छत-खिड़की से कूदते नजर आए लोग, एसआईटी जांच करेगी

बढ़ता राजस्थान

**कोलकाता (एजेंसी)।** कोलकाता के फालपट्टी मछुआ इलाके में मंगलवार रात एक होटल में आग लगने से 15 लोगों की मौत और 13 लोग घायल हो गए। आग पर काबू पा लिया गया है। 22 लोगों को बचाया गया। पुलिस के मुताबिक, मरने वालों में 2 महिलाएं और 1 बच्चा शामिल है। वहीं, 12 पुरूष मृतकों में से 8 की पहचान कर ली गई है। पुलिस कमिश्नर मनोज वर्मा ने बताया- आग ऋतुराज होटल में लगी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और पुलिस की टीमों ने मौके पर पहुंचकर राहत-बचाव का काम शुरू किया। अब तक 14 शव निकाले जा चुके हैं। हादसे की जांच के लिए स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम बनाई गई है। शुरुआती जांच में पता चला है कि होटल की चौथी मंजिल पर लगे बिजली मीटर में शॉर्ट सर्किट होने से आग लगी। घटनास्थल पर मौजूद एक शख्स ने बताया कि जान बचाने के लिए कई लोग होटल की छत और खिड़कियों से कूदते नजर आए। पश्चिम बंगाल कांग्रेस अध्यक्ष शुभंकर सरकार ने कहा- यह एक दुखद हादसा है। सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं थे। समझ नहीं आता कोलकाता नगर निगम क्या कर रहा है।

### पीएम मोदी ने हादसे पर दुख जताया

हादसे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शोक व्यक्त किया है। पीएम ने कहा, लोगों की मौत की खबर से बहुत दुखी हूं। यही कामना है, घायल जल्द ठीक हों। प्रधानमंत्री राहत कोष से मृतकों के परिजनों को 2 लाख और घायलों को 50,000 की सहायता राशि दी जाएगी।

### बंगाल भाजपा अध्यक्ष बोले- सरकार जरूरी सहायता पहुंचाए

केंद्रीय मंत्री और बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने हादसे पर दुख जताया। साथ ही कहा- मैं राज्य प्रशासन से आग्रह करता हूं कि प्रभावित लोगों को तुरंत बचाया जाए और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करें। भविष्य में ऐसी घटना न हो, इसके लिए फायर सेफ्टी के सख्त नियम बनाए जाएं।

**कई लोगों की हालत गंभीर-** भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने कड़े शब्दों में कहा, बुर्राबाजार के मछुआ इलाके में लगी भीषण आग ने निर्दोष लोगों की जान ले ली। कई और लोग जीवन के लिए संघर्ष कर रहे हैं। फिर भी, मुख्यमंत्री ने चुप रहना चुना और दीघा में अपने धार्मिक कार्यक्रम को जारी रखा।

## राहुल पहलगाम में मारे गए शुभम के परिवार से मिले
### पत्नी रोने लगीं तो गले लगाया; कहा-मैंने भी पिता, दादी को खोने का दर्द झेला

बढ़ता राजस्थान



**अमेठी/ रायबरेली/कानपुर।** राहुल गांधी के यूपी दौरे का बुधवार को दूसरा दिन है। बुधवार को उन्होंने पहलगाम हमले में मारे गए कानपुर के शुभम द्विवेदी के परिजनों से मुलाकात की। शुभम की पत्नी ऐशन्या राहुल को देखकर रोने लगीं। इस पर राहुल ने उन्हें गले लगा लिया और सांत्वना दी। शुभम के पिता भी राहुल को देखकर अपने आंसू नहीं रोक पाए। ऐशन्या ने राहुल को पहलगाम में हुई घटना के बारे में सब कुछ बताया। उन्होंने बताया कि कैसे मेरे पति को आतंकियों ने गोली मार दी। ऐशन्या ने बताया कि हर जगह सुरक्षा की व्यवस्था थी, लेकिन पहलगाम में कोई सिक्योरिटी नहीं थी। ऐशन्या ने राहुल गांधी को बताया- 22 अप्रैल को दोपहर 2.25 बजे हम लोग लंच कर रहे थे। तभी नॉर्मल कपड़ों में एक आतंकी आया। उसने पूछा- हिंदू हो या मुसलमान? हिंदू कहते ही सिर्फ 5 सेकेंड में मेरे पति को गोली मार दी। राहुल ने पूछा- यह सब कितनी देर तक चला? इस पर ऐशन्या ने कहा- करीब 45 मिनट तक आतंकियों ने खून-खराबा किया। वे आराम से लोगों से नाम पूछ-पूछकर उन्हें मार रहे थे।




## हार्वर्ड में पाकिस्तान कॉन्फ्रेंस पर विवाद
#### पहलगाम हमले के बाद आयोजन, भारतीय स्टूडेंट्स की अमेरिकी विदेश मंत्री को चिट्ठी; यूनिवर्सिटी बोली- हम पीड़ितों के साथ

बढ़ता राजस्थान

वॉशिंगटन(एजेंसी)। अमेरिका की हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के साउथ एशिया इंस्टीट्यूट में हाल ही में पाकिस्तान कॉन्फ्रेंस हुई। इसमें पाकिस्तान वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब और अमेरिका में पाकिस्तान के राजदूत रिजवान सईद शेख ने हिस्सा लिया। यह कार्यक्रम 27 अप्रैल को हुआ था, जिसका आयोजन पाकिस्तानी छात्रों ने किया था।

इस इवेंट के 4 दिन पहले यानी 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमला हुआ था। इस कॉन्फ्रेंस को लेकर भारतीय स्टूडेंट्स ने हार्वर्ड के सामने अपना विरोध और आपत्ति दर्ज कराई। इसके बाद हार्वर्ड ने खुद को इस मुद्दे से अलग कर लिया और अपनी वेबसाइट से कार्यक्रम की जानकारी हटा दी।

### भारतीय स्टूडेंट्स ने अमेरिकी विदेश मंत्री को चिट्ठी लिखी

**दो भारतीय स्टूडेंट सुरभि तोमर और रश्मिनी कोपरकर ने हार्वर्ड एडमिनिस्ट्रेशन और अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो को लेटर लिखा। लेटर में उन्होंने लिखा कि यूनिवर्सिटी को पाकिस्तानी सरकार के अधिकारियों को बुलाना गलत था। स्टूडेंट्स ने लिखा- आतंकवाद को बढ़ावा देने या उसे उचित ठहराने वाली सरकार के अधिकारियों को बुलाना गलत है। लोग हार्वर्ड पर भी ये सवाल उठाएंगे कि आतंकवादी हमले में यूनिवर्सिटी भी शामिल है। स्टूडेंट्स ने यह भी मांग की कि हार्वर्ड पहलगाम हमले की सार्वजनिक रूप से निंदा करे। इस इवेंट का आयोजन हार्वर्ड के पाकिस्तानी छात्रों ने किया था।**

सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरू, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

# विश्व मजदूर दिवस : मेहनत-मजदूरी कर बेटों को बनाया कामयाब

## सफलता एक दिन में नहीं मिलती लेकिन एक दिन जरूर मिलती है: सूरज मल बुनकर



बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** हर मां-बाप का सपना होता है कि उनके बच्चे पढ़ लिखकर कामयाब बने और उनका नाम रोशन करें। बेटा हो या बेटी, उन्हें कामयाब बनाने के लिए मां-बाप दिन-रात अथक मेहनत व मजदूरी करते है। ऐसी मिसाल पेश कर रहे है 61 वर्षिय ग्राम बिदारा निवासी सूरज मल बुनकर। बुनकर स्वयं दसवीं तक पढें लिखे है लेकिन आर्थिक स्थिति के चलते आगे की पढ़ाई उन्होंने बीच में ही छोड़ दी और अब वो पिछले 30 वर्षों से मजदूरी व राज मिस्त्री का कार्य कर रहे है। उनका शादी के बाद बच्चे पैदा होने के बाद मन में एक ही ख्याल आया की उनका जीवन तो ईंट और पत्थर उठाने तक ही सीमित रहा, लेकिन वे अपने बच्चे को कुछ न कुछ जरूर बनायेंगे। इसके लिए सबसे जरूरी था बच्चे को पढ़ाना और उन्होंने बच्चों की पढ़ने के लिए सारे साधन उपलब्ध कराये। बुनकर ने बेटे को पढ़ने और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। बच्चों की पढ़ाई में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। इसमें उनकी पत्नी संतरा देवी ने भी मनेरगा में मजदूरी कर उनका सहयोग किया। उसके संघर्ष का नतीजा हुआ कि उनके पुत्र नीरज कुमार बुनकर पंचायती राज विभाग में ग्राम विकास अधिकारी, राजेश कुमार बुनकर भारतीय रेल सेवा में ट्रेक अनुरक्षक, मुकेश कुमार बुनकर शिक्षक, डॉ. पूरणमल बुनकर शिक्षा विभाग में और हार्दिक वर्मा जीएनएम कर प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहा है। सभी बेटों की शिक्षा सरकारी विधालयों मे ही पूरी हुई है। उनकी सफलता से समाज मे उनकी प्रतिष्ठा बढ़ी है। बुनकर ने युवाओं को संदेश दिया कि सफलता के लिए कोई शॉर्टकट नहीं होता, सफलता एक दिन में नहीं मिलती लेकिन एक दिन जरूर मिलती है सफलता कड़ी मेहनत, दृढ़ता और आपके रास्ते में आने वाली चुनौतियों के बावजूद आगे बढ़ते रहने के साहस का परिणाम है।

# सैनी संस्थान भवन निर्माण के लिए दिया 11 लाख का दान

## साहवा के दानदाता धन्नाराम सैनी की अनूठी पहल



बढ़ता राजस्थान

**साहवा ( कृष्ण कुमार )।** कस्बे के साधारण परिवार के एक व्यक्ति ने बड़ा दिल दिखाते हुए सैनी संस्थान में भवन निर्माण के लिए 11 लाख रुपये नकद रूप में दान किया। बुधवार को साहवा के दानदाता धन्नाराम पुत्र स्व. लालचंद तंवर ने सैनी संस्थान में भवन निर्माण में सहयोग करते हुए सैनी संस्थान अध्यक्ष दीनाराम तंवर और कोषाध्यक्ष कन्हैयालाल तंवर को नगद 11 लाख रुपये की धनराशि सौंपी। कस्बे की नगरपालिका के वाइस चैयरमैन नोरंगलाल तवँर की प्रेरणा से धन्नाराम तंवर ने सैनी संस्थान में यह सहयोग राशि प्रदान की है। इस अवसर पर संस्थान अध्यक्ष दीनाराम तंवर, एडवोकेट हजारी सैनी, जोधराज सैनी, एमपी सैनी, दुर्गाराम सैनी, अमरसिंह देईया, गोबिंद दैईया, मनोहर दईया, जयकरण गौड़, कन्हैयालाल सैनी आदि समाजबंधु उपस्थित थे।

# व्यास बने राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य

बढ़ता राजस्थान



**साहवा ( कृष्ण कुमार )।** कस्बे के सेवानिवृत्त व्याख्याता एवं समाजसेवी मोरध्वज व्यास को अखिल भारतवर्षीय श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में सदस्य मनोनीत किया गया है । महासभा के अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, प्रधानमंत्री प्रद्युम्न जोशी ने व्यास को राष्ट्रीय कार्यकारिणी में शामिल किया। जिस पर उनके मित्रगण, समाजबंधुओं आदि ने उनको बधाई दी है। विदित रहे व्यास पूर्व में भी इस कार्यकारणी में प्रांतीय संगठन मंत्री, अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ (शिक्षा प्रकोष्ठ) चूरू के जिलाध्यक्ष, विप्र फाउंडेशन, शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) एवं अनेक सामाजिक संगठनों में सक्रिय भूमिका में रहे है।

# रात्रि में खनन कार्य की रोक के आदेशों की नहीं हो रही पालना

## अजमेर डीजीएमएस के महानिदेशक से मिले ग्रामीण

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली। ( बिल्लूराम सैनी )।** ग्राम पवाना अहीर में रात्रि में खनन कार्य की रोक के लिए अजमेर डीजीएमएस के महानिदेशक द्वारा दिये गए आदेशों की पालना नहीं होने पर ग्रामीणों ने बुधवार को अजमेर डीजीएमएस के महानिदेशक सरजीत कटेवा से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंपते हुए कार्यवाही की मांग की। ग्रामीणों की समस्याओं को वाजिब मानते हुये उन्होंने ठोस कार्यवाही का आश्वासन दिया। राधेश्याम शुक्लावास व ग्यारसीलाल आर्य ने महानिदेशक को बताया कि स्कूल, कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय छात्रावास व एससी मोहल्ले सहित सघन आबादी में खनन संचालकों द्वारा रात्रि में रूक-रूक कर खनन कार्य किए जाने से ग्रामीणों को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। दिन भर प्रशासन, माइनिंग, पुलिस विभाग के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। खनन पट्टा में लगातार कई महीनों से खान सुरक्षा विभाग अजमेर की परमिशन रिवोक की जा चुकीं हैं और ब्लास्टिंग व हैवी मशीनरी से दिन रात धड़ल्ले से अवैध खनन किया जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि यदि शीघ्र सुनवाई नहीं होती है तो जिला कलक्टर के समक्ष गुहार लगाई जायेगी। इस दौरान ग्यारसी लाल आर्य, जगदीश आर्य, सुल्तान यादव, लालचन्द यादव, रोहिताश यादव, नवल किशोर मीणा समेत अन्य मौजूद रहे।

# तारानगर में भाजपा कार्यालय का हुआ उद्घाटन

## चुरु भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा रहे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि

बढ़ता राजस्थान

साहवा (कृष्ण कुमार)। तारानगर विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी के नवीन कार्यालय का विधिवत रूप से उद्घाटन किया गया। बुधवार को तारानगर स्थित चौधरी गेस्ट हाउस में समारोह के मुख्य अतिथि चुरु भाजपा जिला अध्यक्ष बसंत शर्मा ने फीता काटकर विधिवत् रूप से उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि बसंत शर्मा ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि नव-स्थापित भाजपा कार्यालय का प्रमुख उद्देश्य क्षेत्रवासियों की समस्याओं को सुनकर उनका शीघ्र समाधान करना है, ताकि जन-जन को सुशासन और संगठन का वास्तविक लाभ प्राप्त हो सके। यह कार्यालय संगठन और जनता के बीच एक सेतु का कार्य करेगा, जहां जनता की आवाज सीधे पार्टी तक पहुंचेगी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस दौरान सानू सिंह राठौड़ को कार्यालय प्रभारी नियुक्त किया गया है । इस अवसर पर पार्टी मंडल अध्यक्ष अनूप खंडेलवाल, भाजपा के प्रत्याशी राकेश जांगिड़, वरिष्ठ भाजपा नेता जम्मरदीन तेली, पूर्व न.पा.अध्यक्ष जसवंत स्वामी, जिला उपाध्यक्ष नरेश सहारण, विधानसभा संयोजक अजीत सिंह राठौड़, मोहम्मद तैयब, मण्डल अध्यक्ष बुचावास रणजीत सिंह, मण्डल अध्यक्ष साहवा सुनील भाकर, मण्डल अध्यक्ष सात्यूं मदन लाल नायक, महासचिव साबीर हुसैन, महासचिव रामवतार सैनी, तिलोक रेगर, हरि इंदौरिया, ताराचंद कसवां, अमित मुड़वाल, जे.के. दायमा, मण्डल मंत्री गुमान सैनी, नरेश प्रजापत, जगदीश सैनी, मनोहर लाल, दिनेश शर्मा, दौलतगिरी गोस्वामी, विशाल शर्मा, ओम प्रकाश जांगिड़, देवकरण कला, मोहम्मद फारूक, ओम सरावगी, किशन सिंह राठौड़, गणेश सरावगी, पंडित प्रहलाद शर्मा, संजय पावर, दुलीचंद प्रजापत, साबिर जिंद्रन, ओम प्रकाश गिवारीया, चिरंजीलाल, मो.समीर, दुर्गादत्त दर्जी, मुकेश शर्मा, भगवान मिस्त्री, महेश राहड, सुभाष सहारण, महावीर प्रसाद, रामावतार सैनी, नरेश झाझडिया, बाबूलाल पटीर, नरेश प्रजापत, पुनीत राहड,अनीश लाम्बा, अशोक जांगिड़, विकास, शीशराम, राकेश टाक, शाहरुख खान सहित अनेक जनप्रतिनिधि, पदाधिकारीगण एवं समर्पित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# सोजतिया के वर्कशॉप रिसर्च से ग्राहको को हुआ फायदा

बढ़ता राजस्थान




**उदयपुर।** कम वजन और अधिक फैलावट व हॉलमार्क 91.6 की तरह हॉलमार्क 75 भी अच्छी होने के कारण अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर शहर वासियों तथा उदयपुर के आसपास के क्षेत्र से आए ग्राहकों ने सोजतिया ज्वेलर्स पर जमकर खरीदारी करी।

डॉ महेंद्र सोजतिया ने बताया कि रोहिणी नक्षत्र तथा बुधवार के दुर्लभ संयोग ने इस वर्ष अक्षय तृतीया को खास बना दिया। डॉ. महेंद्र सोजतिया ने बताया की गत वर्ष अक्षय तृतीया की तुलना में इस वर्ष अक्षय तृतीया पर सोने और चांदी का भाव लगभग 30 प्रतिशत से अधिक है। उन्होंने कहा की सोजतिया ज्वेलर्स पर सोने के भाव में वृद्धि के कारण ग्राहक का बजट नहीं बिगड़े इस हेतु इसे ध्यान में रखकर दो कार्य किए हैं। 1. कम वजनः अधिक फैलावट अर्थात लाइटवेट ज्वेलरी, उदाहरण के तौर पर 50 ग्राम हार सेट को सोजतिया ने अपने वर्कशॉप में बिना फैलावट को कम किये लगभग 40 ग्राम में बनाने में सफलता हासिल की है। इसके लिए कारीगरों की निपुण टीम ने पूरे प्रयास करके वजन को कम किया जिससे ग्राहक के बजट पर सोने की भावों में हुई वृद्धि के प्रभाव को कम किया जा सके। इसी तरह सोजतिया पर 916 हॉलमार्क ज्वेलरी के साथ-साथ 75 हॉलमार्क ज्वेलरी को भी प्रचलन में लाया जा रहा है। उन्होंने कहा की 75 की ज्वेलरी की फिनिशिंग तथा मजबूती भी अच्छी रहती है। इस तरह यदि ग्राहक 916 की जगह 75 की ज्वेलरी खरीदता है तो ग्राहक का बजट सोने के भावो में वृद्धि के कारण नहीं बिगड़ेगा। डॉ ध्रुव सोजतिया ने बताया इस तरह सोने के भाव में बेतहाशा वृद्धि के कारण ही हम, इन दोनों बिंदुओं पर बहुत ही तन्मयता से तथा सावधानी पूर्वक कार्य कर रहे हैं। नेहल सोजतिया ने बताया की जड़ाऊ पोलकी ज्वैलरी को भी कम वजन में बनाने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा सोजतिया के इस क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों से निश्चित रूप से ग्राहकों को फायदा होगा।

# बटुक भैरवनाथ मंदिर चौपड़ बस स्टैंड के पास से 3 मई शनिवार को श्यारोली भैरवनाथ पदयात्रा सुबह 7:00 बजे जाएगी

बढ़ता राजस्थान




**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ताा )।** श्यारोली स्थित भैरवनाथ बाबा की छठ की बड़ी जात के अवसर पर 3 मई शनिवार को शौभायात्रा निकाली जायेगी।विनोद बागरेनिया, दिनेश सोनी ने बताया कि जिसकी शोभायात्रा सुबह 7:00 बटुक भैरवनाथ मंदिर चौपड़ बस स्टैंड के पास से डैम्परोड, भायलापुरा, गौशाला होती हुई भैरव धाम श्यारौली पहुंचेगी। कटकड नदी पर टावर के पास सभी यात्रियों की भोजन प्रसादी रखी गई है। भैरव धाम श्यारौली मंदिर में सायं 4:00 बजे महाआरती महंत हेमराज के सानिध्य में सामूहिक छप्पन भोग व फूल बंगला झांकी एवं भजन संध्या तथा प्रसादी वितरण का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में विनोद बागरैनिया दिनेश सोनी, मदन मोहन, संजय बंडी भोला, राजेंद्र धाकड़, गोपाल लाल, सुल्तान सिंह, गणपत, कल्ला संतोष, आदि मौजूद रहे।

# परशुराम जयन्ती पर शोभायात्रा आज

बढ़ता राजस्थान

**पावटा।** विष्णु के छटे अवतार भगवान परशुराम जयन्ती के अवसर पर बुधवार को ब्राह्मण महासभा पावटा द्वारा भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा रामलीला मैदान से भगवान परशुराम की पावन आरती के पश्चात् सायं 4 बजे प्रारम्भ हुई। जो नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए रामलीला मैदान पहुँच कर विसर्जित हुई। नगर में जगह-जगह नगरवासियों द्वारा पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। कस्बे के वार्ड नम्बर 15 में सैन समाज ने शोभायात्रा का भव्य स्वागत करते हुए ठण्डाई की व्यवस्था की। कस्बे के मुख्य बाजार में सुशील बंसल पत्रकार एवं अमित शर्मा, घण्टाघर चौक पर अग्रवाल समाज द्वारा भव्य स्वागत किया गया। शोभायात्रा में बाहुबली परशुराम, अघोरी सहित विभिन्न संजीव झांकियां प्रमुख आकर्षण का केन्द्र रही। इस दौरान ब्राह्मण महासभा पावटा अध्यक्ष अमरनाथ पटेल, उपाध्यक्ष गजानन्द बोहरा, कोषाध्यक्ष ललित शर्मा, महामंत्री दीपक पटेल, संगठन मंत्री गिरिराज बोहरा, पूर्व विधायक सुभाष शर्मा, सुरेश शर्मा नयावाशी, विकास पुजारी, दिनेश शर्मा, मुकेश शर्मा, सवार मल शर्मा, हितेन्द्र पटेल, राहुल बोहरा, उपस्थित रहे।

# नव विद्यालय का हुआ उद्घाटन



बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** अक्षय तृतीय के शुभ अवसर पर प्रगति शिक्षण संस्थान प्रेमनगर दादूका के उद्घाटन समारोह में विशिष्ट अतिथि सुरेश जी गठाला पूर्व चेयरमैन कृषि उपज मण्डी, भागीरथ मल जी मीणा, भीमसिंह जी धींधवाल तथा समारोह की अध्यक्षता कृष्ण जी आर्य (सरपंच भालोजी) ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संस्था के अध्यक्ष सुबेसिंह चौधरी,सह निदेशक महेंद्र चौधरी और संस्था के सचिव नरेन्द्र चौधरी ने समारोह में पधारे सभी गणमान्य लोगों को माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर सभी क्षेत्र वासियों ने खुशी जाहिर करते हुए इस शिक्षा रूपी पौधे को एक विशाल रूप देने का लक्ष्य लिया। इस मौके पर रामनिवास चोधरी, जलेसिंह चौधरी, देशराज चौधरी, कैलाश आर्य, बजरंग नेनावत, दुलीचंद चौधरी, रामसिंह यादव, संतोष मीना, गुलाब जिलोवा, राजवीर चौधरी मौजूद रहे।

# भगवान परशुराम जयन्ती पर निकली भव्य शोभायात्रा





बढ़ता राजस्थान

**पावटा।** विष्णु के छटे अवतार भगवान परशुराम जयन्ती के अवसर पर बुधवार को ब्राह्मण महासभा पावटा द्वारा भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा रामलीला मैदान से भगवान परशुराम की पावन आरती के पश्चात् सायं 4 बजे प्रारम्भ हुई।जो नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए रामलीला मैदान पहुँच कर विसर्जित हुई। नगर में जगह - जगह नगरवासियों द्वारा पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया।कस्बे के वार्ड नम्बर 15 में सैन समाज ने शोभायात्रा का भव्य स्वागत करते हुए ठण्डाई की व्यवस्था की। कस्बे के मुख्य बाजार में सुशील बंसल पत्रकार एवं अमित शर्मा, घण्टाघर चौक पर अग्रवाल समाज द्वारा भव्य स्वागत किया गया। शोभायात्रा में बाहुबली परशुराम, अघोरी सहित विभिन्न संजीव झांकियां प्रमुख आकर्षण का केन्द्र रही। इस दौरान ब्राह्मण महासभा पावटा अध्यक्ष अमरनाथ पटेल, उपाध्यक्ष गजानन्द बोहरा, कोषाध्यक्ष ललित शर्मा, महामंत्री दीपक पटेल, संगठन मंत्री गिरिराज बोहरा, पूर्व विधायक सुभाष शर्मा, सुरेश शर्मा नयावाशी, विकास पुजारी, दिनेश शर्मा, मुकेश शर्मा, सवार मल शर्मा, हितेन्द्र पटेल, राहुल बोहरा, उपस्थित रहे।

# प्रागपुरा में भामाशाह द्वारा वाटर कूलर भेंट



बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा के पालिका क्षेत्र प्रागपुरा में आबकारी थाना स्थित पशु चिकित्सालय के सामने बुधवार को भामाशाह द्वारा वाटर कूलर भेंट किया। पंचायत समिति सदस्य मुखराम धनकड़ भांकरी ने कहा कि गर्मी के तेवर को देखते हुए भामाशाह शिम्भू दयाल व राम किशन महावर द्वारा वाटर कूलर भेंट किया है ताकि राहगीरों के लिए ठंडा पेयजल मुहैया हो सकेगा। इस मौके पर कस्बा वासियों द्वारा भामाशाह शिम्भू दयाल व राम किशन महावर का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान समाज सेवी बंशीधर मेहरा, मुजिफ खान, मदन लाल स्वामी, विकास सैनी, पप्पू स्वामी, मुकेश सैनी, इस्लाम फकीर, शंकर वाल्मीकि, जमील फकीर, प्रकाश वाल्मीकि भांकरी, सोहन लाल स्वामी, ख्यालीराम सैनी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# राजघराने की विरासत, हड्डी रोगों का पारंपरिक इलाज

## जयपुर का ऐतिहासिक दवाखाना बना मरीजों के लिए उम्मीद की किरण

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर, ( बाबू अंसारी )।** आधुनिक एलोपैथी के दौर में भी एक दवाखाना ऐसा है जो भारतीय चिकित्सा की सदियों पुरानी परंपरा को जीवित रखे हुए है। बगरू वालों के रास्ते पर स्थित यह ऐतिहासिक अस्थि चिकित्सा केंद्र न सिर्फ जयपुर की पहचान है, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चिकित्सा धरोहर का प्रतीक भी है।

हड्डी रोगों का इलाज, बिना सर्जरी सिर्फ जड़ी-बूटियों और लेप से स्लिप डिस्क, साइटिका, सर्वाइकल, जोड़ों का दर्द या फिर फ्रैक्चर इन सभी अस्थि समस्याओं का इलाज यहाँ आयुर्वेदिक लेप, हड्डियों को बैठाने की पारंपरिक तकनीकों और विशेष पट्टियों से किया जाता है। आधुनिक विज्ञान भी इन विधियों की पुष्टि कर चुका है।

**ब्रिस्टल यूनिवर्सिटी से मिला समर्थन**-इंग्लैंड की ब्रिस्टल यूनिवर्सिटी के डॉ. ऐलन की रिसर्च में इस चिकित्सा पद्धति को असरदार बताया गया है। खास बात यह है कि इस अध्ययन में जयपुर के उस्ताद अलादीन परिवार का विशेष उल्लेख हुआ है, जो वर्षों से इस परंपरा को संजोए हुए है।

**राजघराने के चिकित्सक, अखाड़े के उस्ताद**-इस दवाखाने की नींव उस्ताद अलादीन ने रखी थी। वे न सिर्फ हड्डी रोग विशेषज्ञ थे, बल्कि जयपुर रियासत के पहलवानों को भी प्रशिक्षित करते थे। दवाखाना और अखाड़ा दोनों का संगम आज भी उनके पुत्र उस्ताद जफर अहमद और शहजाद अहमद के नेतृत्व में जारी है।

**फर्जी हकीमों से सावधान!**-शहजाद अहमद कहते हैं, 'कुछ लोग आज पारंपरिक चिकित्सा का नाम लेकर मरीजों को गुमराह कर रहे हैं। ये न केवल पद्धति की छवि को नुकसान पहुंचाते हैं, बल्कि मरीजों की जान भी खतरे में डालते हैं।' वे स्पष्ट करते हैं कि पारंपरिक चिकित्सा वैज्ञानिक आधारों पर टिकी है, न कि सिर्फ किस्सों-कहानियों पर।

# महात्मा ज्योतिबा फुले जी के जीवन पर आधारित फिल्म देख भावुक हुए लोग

## फिल्म देखने के बाद महात्मा फुले जी को भारत रत्न देने की उठाई मांग




बढ़ता राजस्थान

**गुरुग्राम। ( बिल्लूराम सैनी )।** महात्मा ज्योतिबा फुले जी के जीवन पर आधारित फिल्म का यहां एमजीएफ पीवीआर सिनेमा में शो हाउस फुल रहा। समाज उत्थान न्यास संस्था की ओर से लोगों को महात्मा जी के संघर्षपूर्ण जीवन को दिखाने के लिए अलग-अलग क्षेत्रों से लोगों को सिनेमाघर ले जाया गया। लोग उनकी फिल्म देखकर भावुक हो गए। फिल्म देखने के बाद महात्मा फुले जी को भारत रत्न देने की मांग को पुरजोर तरीके से उठाया।

एमजीएफ पीवीआर सिनेमा में 125 लोगों को समाज उत्थान न्यास संस्था ने महात्मा ज्योतिबा फुले की फिल्म दिखाई। महान समाज सुधारक, शिक्षा पुंज, समाज प्रबोधक, विचारक, समाजसेवी, लेखक, दार्शनिक, पिछड़े एवं दलितों के सच्चे हितेषी तथा महिला शिक्षा के जनक महात्मा ज्योतिराव गोविंदराव फुले जी की जयंती के उपलक्ष में उनके जीवन पर आधारित फिल्म फुले दिखाकर उनके संघर्ष पूर्ण जीवन परिचय के बारे में समाज के लोगों को अवगत करवाया।महात्मा ज्योतिबा फुले ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीपाल ने कहा कि महापुरुषों के जीवन से जुड़ी स्मृतियों और उनके जीवन के संघर्ष को बहुत ही बारीकी से फिल्म में दिखाया गया है। फिल्म के निर्माता, निर्देशक, सभी कलाकार और उनकी पूरी टीम को साधुवाद के पात्र हैं। प्रसिद्ध उद्योगपति सुरेंद्र सैनी ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले जी भारत रत्न के हकदार हैं। दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सरकार को उन्हें यह सम्मान देना चाहिए। समाजसेवी अशोक सैनी ने कहा कि पूरा समाज महात्मा ज्योतिबा फुले के आदर्शों पर चलकर काम कर रहा है। उनका सम्मान किया जाना चाहिए। सरकार में बैठे समाज के लोगों को यह मांग मजबूती से उठानी चाहिए। संस्था के अध्यक्ष गगनदीप सैनी ने कहा कि पूरी टीम के सहयोग से एक सप्ताह में दो शो इस फिल्म के दिखाने का प्रयास होगा। हम चाहते हैं महात्मा जी के जीवन से हमारी आने वाली पीढियां प्रेरणा लें। किताबों के साथ फिल्म के माध्यम से उनके जीवन का आसानी से समझा जा सकता है। इस अवसर पर समाजसेवी खेमचंद फरीदाबाद, समाजसेविका लक्ष्मी ताई, संस्था के संरक्षक सूबे सिंह, बुधराम सैनी, महावीर, विजय, चेयरमैन नरेश कुमार, कोषाध्यक्ष विकास, महासचिव हितेश, संगठन सचिव भाई गौतम, चीफ काउंसलर कुलवंत, युवा सैनी समाज विकास समिति के प्रधान कृष्ण गोपाल, समाजसेवी नरेंद्र सैनी, सीए संदीप, सीए सुकेश, सीए केशव, राकेश सैनी, भाई पारस, जग प्रवेश, केशव, रवि, मयंक, अक्षत, गर्वित, चंद्रपाल, महेश समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

# 1 मई से होगा पेयजल समस्या समाधान शिविरों का आगाज

## जिला कलक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी ने अधिकारियों आमजन की समस्या के निस्तारण के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** आगामी ग्रीष्म ऋतु में पेयजल की समस्या को देखते हुए जिला कलक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी के निर्देश पर जयपुर में 1 मई से पेयजल समस्या समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। अतिरिक्त जिला कलक्टर श्री देवेंद्र कुमार जैन ने बताया कि आमजन की पेयजल से जुड़ी समस्याओं के प्रभावी निस्तारण के लिए के लिए पेयजल समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि शहरी क्षेत्र, उपखंड, तहसील मुख्यालयों और ग्राम पंचायत में आयोजित होने वाले शिविरों में पेयजल लीकेज दुरुस्त करने, जॉनिंग/ रीजोनिंग से संबंधित समस्या के निस्तारण करने, नए एवं बकाया पेयजल कनेक्शन करवाने, समर कंटीन्जेंसीज प्लान के अनुरूप कार्य करने, पेयजल की समस्या से ग्रस्त स्थान पर टैंकर से जलापूर्ति की व्यवस्था करने, हेड पंपों की मरम्मत करवाने सहित अन्य संबंधित कार्य किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि जिला कलक्टर डॉ जितेंद्र कुमार सोनी के निर्देशों के अनुपात में आमजन की समस्याओं के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए शिविरों के आयोजन के बाद में फॉलोअप शिवरों का भी आयोजन किया जाएगा।

# कठपुतली नगर में आंगनबाड़ी के बच्चों को वितरित की खाद्य सामग्री

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर, ( बाबू अंसारी )।** अक्षय तृतिया के उपलक्ष्य में कठपुतली नगर की कच्ची बस्ती में आंगन बाड़ी के बच्चों को महावीर इंटरनेशनल पिंक सिटी द्वारा खाद्य व आवश्यक सामग्री का वितरण किया गया। वरिष्ठ समाजसेवी रत्ना भर्गव एवं वीरा माया बोथरा ने आंगनबाड़ी केंद्र पर मौजूद सैकड़ों बच्चों को अल्पाहार कराया। वहीं उन्होंने बताया कि ऐसे आयोजन वैद्य जितेन्द्र भार्गव की स्मृति में किए जाते रहे है, जो निरंतर जारी है। वहीं कठपुतली नगर कच्ची बस्ती विकास समिति के अध्यक्ष डॉ. ओपी टांक ने अतिथियों एवं सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान आंगनबाड़ी केंद के बच्चों को मिल्क रोज, चाकलेट, बिस्किट, नमकीन आदि वितरित किए गए। जिसमें उज्जैन से आई हुई बहन का भी सहयोग रहा।

महाराव शेखाजी बलिदान दिवस–

# महाराव शेखाजी के आदर्शों को जीवन में उतारें, महापुरूषों का स्मरण गौरवशाली कार्य - देवनानी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने महाराव शेखा जी के बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्हें पुष्पाजंलि अर्पित करने के बाद कहा कि महाराव शेखाजी के आदर्शों को जीवन में उतारें। श्री देवनानी ने कहा कि महापुरूषों का स्मरण गौरवशाली कार्य है। महाराव शेखाजी ने सामाजिक समरसता व धर्म निरपेक्षता का परिचय दिया। राजस्थान के कण-कण में वीर पैदा हुए है। सभी वीरों ने स्वाभिमान की अमिट मिशाल छोडी है। श्री देवनानी ने कहा कि राष्ट्र प्रथम का भाव संस्कारों से आएगा। वीरों की गाथाओं और उनके स्मरण की अनुभूति युवा पीढी को करानी होगी। महापुरूषों के जीवन के सार्थक पहलुओं को राष्ट्र और समाज के सामने लाना होगा। श्री देवनानी ने कहा कि महापुरूषों के प्रति अश्रद्धा का भाव पैदा करना गलत है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का उल्लेख करते हुए कहा कि अब कोई भी महापुरूषों पर अनर्गल टिप्पणी नहीं कर सकेगा। राष्ट्र नायकों का अपमान न तो कोई भारतीय करेगा और न ही ऐसा सहन करेगा। यह भाव नई पीढी में पैदा करने की जरूरत है। इस मौके पर सांसद श्री राव राजेन्द्र, पूर्व सांसद श्री राम कुमार, पूर्व विधायक श्री सतीश पूनियां, सेवानिवृत न्यायाधिपति श्री आर.एस.पूनिया और क्षत्रिय युवा के संरक्षक श्री भगवान सिंह सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# अक्षय तृतीया पर गौशाला में गौ सेवा एवं पेड़ पौधों का रोपण किया



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** अक्षय तृतीय एवं विजयवर्गी वैश्य समाज समाज के रत्न श्री कैलाश विजयवर्गीय मंत्री नगरीय विकास एवं अवसान विभाग ,मध्य प्रदेश के जन्म दिन पर अखिल भारतीय विजयवर्गीय वैश्य समाज महासभा के अध्यक्ष श्री राकेश विजयवर्गीय थाली वालों के नेतृत्व में महेश कोथून, कमलेश डोटवाड़ी जयपुर प्रदेश अध्यक्ष, रतनलाल अजमेरी जयपुर अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामबाबू बरतला, मालवीय नगर अध्यक्ष अभिषेक, प्रदेश मंत्री हंसराज सिरोही ,परामर्शदाता रामबाबू लड़ावर वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मोहनलाल बावड़ी , संयोजक सदस्य उमाकांत खेड़ा कल्याणपुर , रामबाबू बरतला, देवेंद्र बांदीकुई, रतनलाल राजगढ़ एवं मीडिया प्रभारी बनवारी लाल विजय बांदीकुई सहायक मीडिया प्रभारी आशीष



विजय दुबे आदि का स्वागत सत्कार गौ सेवा संघ दुर्गापुर के श्री राधे श्याम जी धनवानी प्रशासनिक मंत्री एवं उनकी टीम के द्वारा स्वागत किया गया एवं समाज द्वारा गौ सेवा



में 25001 का चेक एवं 4100 रुपए नगद गौ सेवा दुर्गापुरा गौशाला को दिए और सभी के द्वारा गायों को हरा चारा खिलाया एवं पेड़ पौधे लगाकर सब प्रफुल्लित हो गए।

# आरएएस भर्ती, 2023 साक्षात्कार द्वितीय चरण के अभ्यर्थियों के साक्षात्कार पत्र अपलोड

**जयपुर, ( का.स. )।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा, 2023 के अंतर्गत साक्षात्कार के द्वितीय चरण में सम्मिलित अभ्यर्थियों के साक्षात्कार पत्र आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर दिये गये है। आयोग की उपसचिव श्रीमती चित्रा जैनानी ने बताया कि द्वितीय चरण में सम्मिलित अभ्यर्थियों के साक्षात्कार का आयोजन दिनांक 5 मई से 16 मई, 2025 तक किया जाएगा।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER P.W.D DN. ALIGARH**

No: 214-223 Dated:- 23/4/202)

**Notice Inviting Bid 01/2025-26**

3 Nos. Bids for Construction of Culvert works on Various Roads are invited from interested bidders upto 02.05.2025 Time 6.00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in) of the state; and Public Works department Rajasthan website. The approximate value of the procurement is Rs. 49.12 Lacs.

**NIB code** PWD2526A0253
**UBN is:** PWD2526050300781
PWD2526W50800782
PWD2528L050B00783

**(B. 8. Meena)**
**Executive Engineer,**
**P.W.D. Dn. Aligarh**

**कार्यालय नगरपालिका लाम्बाहरिसिंह जिला टोंक**

क्रमांक : न.पा.ला / 2025–26 / 48 दिनांक : 22.04.2025

**ई-निविदा सूचना संख्या (02/2025-26)**
**(NIB NUMBER - DLB2526A0794)**

एतद्द्वारा यह है कि राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए राजकीय विभाग में नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर भी उपलब्ध हैं एवं किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय में आकर देखी जा सकती है।
निविदा के कुल कार्य –01
UBN NO.–1. DLB2526SLRC03086
राज.संवाद / सी / 25 / 1546

अधिशाषी अधिकारी

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर सामाजिक सहभागिता की अनुकरणीय पहल

## विद्यालय विकास के लिए सौंपे 91 हजार रुपए



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली। ( बिल्लूराम सैनी )।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर ढ़ाणी गूंदका वाली सरूण्ड के राजकीय प्राथमिक विद्यालय में एक अनुकरणीय सामाजिक पहल देखने को मिली। परशुराम स्वयंसेवी संगठन ने जनसहयोग से एकत्रित 91 हजार रुपए की राशि विद्यालय के विकास हेतु भेंट की जो शिक्षा के क्षेत्र में सामाजिक सहभागिता की प्रेरक मिसाल बन गई है। विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान संगठन के वरिष्ठ सदस्य सत्यनारायण शर्मा, गोपाल शरण गौतम, श्याम सुंदर शर्मा, राजेश ढोडू, सीताराम मुदगल, प्रवीण शर्मा व सोनू शर्मा ने यह राशि विद्यालय प्रधानाध्यापक जितेंद्र शर्मा को सौंपते हुए शिक्षा को मजबूत आधार देने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम संयोजक भास्कर शर्मा ने कहा कि शिक्षा ही समाज की असली पूंजी है।

यदि हम बच्चों को बेहतर वातावरण देंगे तो वे आने वाले समय में सशक्त भारत की नींव बनेंगे। यह पहल एक छोटी शुरुआत है जो भविष्य में बड़ा रूप लेगी। प्रधानाध्यापक जितेंद्र शर्मा ने संगठन की इस पहल की सराहना करते हुए सभी भामाशाहों का आभार जताया और कहा कि यह सहयोग भावी पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगा। शिक्षा और सामाजिक उत्थान की दिशा में यह प्रयास सकारात्मक परिवर्तन की उम्मीद जगाता है। कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने बच्चों सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

**OFFICE OF SUPERINTENDING ENGINEER P.H.E.D CIRCLE TONK**

No. 715-722 Date 16/04/2025

**NOTICE INVITING TENDERS THROUGH e-procurement system**
**NIT No. 05-08/2025-26**

Bids are invited from interested bidders from 19.04.2025 (06.00 PM) to 12.05.2025 (06.00 PM) as per following details. Other particulars of the bid may be visited on procurement portal (https://sppp.raj.nic.in) of the state

NIB No. PHE2526AD534

| NIT No. | Name of work | UBN No. |
|---|---|---|
| 05/2025-26 | Drilling of bore hole by DTH & Combination rig of 200 mm dia, supply and installation of energy efficient Submersible Pump sets, Panels, Cables and other allied works including commissioning and testing of tube well in Sub Division Malpura under jurisdiction of Division Malpura under Annual rate contract. (Estimated Cost Rs. 250.00 Lacs) | PHE 2526 WSRC 01303 |
| 06/2025-26 | Drilling of bore hole by DTH & Combination rig of 200 mm dia, supply and installation of energy efficient Submersible Pump sets, Pariels, Cables and other allied works including commissioning and testing of tube well in Sub Division Todaraisingh under jurisdiction of Division Malpura under Annual rate contract. (Estimated Cost Rs. 250.00 Lacs) | PHE 2526 WSRC 01305 |
| 07/2025-26 | Annual Rate Contract For Deepening And Flushing Of Tubewell And Handpump Under Division Malpura (Estimated Cost Rs. 250.00 Lacs) | PHE 2526 WSRC 01306 |
| 08/2025-26 | Annual Rate Contract For Uplifting And Plateform Repairing Of Handpump In Sub Division Malpura Under Jurisdiction Of Division Malpura (Estimated Cost Rs. 250.00 Lacs) | PHE 2526 WSRC 01307 |

Date & time of opening of tender 13.05.2025 at 04:00 PM

**(Rajesh Kumar Goyal)**
**Superintending Engineer**
**PHED Circle Tonk**

## सम्पादकीय

# स्वस्थ उम्रदराज जनसंख्या के लाभ!

अक्सर उम्रदराज होते समाजों को धीमी वृद्धि और बढ़ते राजकोषीय दबाव के साथ जोड़ा जाता है लेकिन अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के ताजा विश्व आर्थिक दृष्टिकोण (डब्ल्यूईओ) को देखें तो एक ऐसा नज़रिया सामने आता है जो स्वस्थ ढंग से उम्रदराज होती जनसंख्या के संभावित आर्थिक लाभांशों को सामने लाता है। वैश्विक स्तर पर बढ़ती उम्र के लोगों के साथ एक ऐसा कथानक जुड़ा हुआ है जो बढ़ती स्वास्थ्य सेवा कीमतों और पेंशन देनदारियों से संबंधित राजकोषीय निहितार्थों के इर्दगिर्द घूमता है। भारत भी इसका अपवाद नहीं है। डब्ल्यूईओ के अनुमानों में उल्लिखित अध्ययन बताता है कि 2025 से 2050 के बीच देश के सकल घरेलू उत्पाद में होने वाली वृद्धि में उम्रदराज लोगों के कारण 0.7 फीसदी की कमी हो सकती है। सदी के उत्तरार्द्ध में जैसे-जैसे भारत जनांकिकी परिवर्तन बिंदु को पार करेगा, यह गिरावट बढ़ेगी। बहरहाल, स्वस्थ ढंग से उम्रदराज होने में एक उम्मीद की किरण भी छिपी है। अध्ययन बताता है कि हाल के वर्षों में बुजुर्ग होने वाले लोग अपने पुराने समकक्षों की तुलना में शारीरिक रूप से मजबूत और संज्ञानात्मक रूप से बेहतर हैं। उभरती बाजार अर्थव्यवस्था वाले देशों समेत 41 देशों में किया गया अध्ययन बताता है कि 2022 में 70 वर्ष के व्यक्ति में औसतन उतनी ही संज्ञानात्मक क्षमता थी जितनी कि 2000 में 53 वर्ष के व्यक्ति में रहती थी। यह सकारात्मक रुझान काम करने की अवधि बढ़ा सकता है, उत्पादकता में इजाफा कर सकता है और इस प्रकार आर्थिक वृद्धि में योगदान कर सकता है। वास्तव में कुछ विपरीत तथ्यात्मक आकलन से तो यह पता चलता है कि आबादी के बेहतर ढंग से उम्रदराज होने के कारण श्रम की आपूर्ति और मानव संसाधन में जो सुधार होगा वह 2050 तक वैश्विक जीडीपी में सालाना 0.4 फीसदी का योगदान कर सकता है। भारत में यह सालाना उत्पादन में 0.6 फीसदी की वृद्धि कर सकता है जिससे उम्रदराज होने का असर काफी हद तक सीमित हो सकेगा। इस बीच अमीर देशों में लंबी आयु प्रदान करने से संबंधित क्लीनिक एक सांस्कृतिक बदलाव को रेखांकित कर रहे हैं। अब उम्रदराज होने की प्रक्रिया को उलटने की कोशिशें तेज हो रही हैं। सिलिकन वैली के कई अधिकारी और स्वास्थ्य को लेकर काम करने वाले इन्फ्लुएंसर लोगों के लिए व्यक्तिगत रूप से विकसित स्वास्थ्य मानकों, प्लाज्मा ट्रांसफ्यूजन में निवेश और सेल्युलर रिप्रोग्रामिंग की वकालत कर रहे हैं। ये रुझान विवादास्पद हैं लेकिन ये सक्रिय स्वास्थ्य प्रबंधन को लेकर लोगों की बढ़ती भूख को दर्शाते हैं। स्वास्थ्य के क्षेत्र में निवेश, उम्रदराज कर्मियों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाना, लैंगिक भेद को कम करना और तकनीक की मदद लेना जनांकिकी संबंधी बदलाव में प्रभावी ढंग से मददगार साबित हो सकता है। 65 वर्ष से अधिक आयु के लोगों की श्रम शक्ति भागीदारी बढ़ाने पर भी विचार किया जा सकता है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि भारत को श्रम शक्ति भागीदारी में लैंगिक अंतर को पाटना चाहिए। यह सही है कि देश की श्रम शक्ति में महिलाओं की भागीदारी की दर 2017-18 के 23.2 फीसदी से बढ़कर 2023-24 में 41.7 फीसदी हो गई। इसके बावजूद यह पुरुषों की 77.2 फीसदी की श्रम भागीदारी दर से काफी कम है। यह 50 फीसदी की वैश्विक महिला भागीदारी से भी कम है। पेंशन सुधारों की भी उम्रदराज होती आबादी की मदद में अहम भूमिका है। न्यू पेंशन सिस्टम को अपनाना हाल के दशकों में देश के सबसे बड़े सुधारों में से एक है। हालांकि, कुछ राज्यों ने दोबारा पुरानी पेंशन योजना को अपनाया है जिसका प्रबंधन समय के साथ मुश्किल हो सकता है। तकनीक, खासतौर पर आर्टिफिशल इंटेलिजेंस जैसी तकनीक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से बचाव बढ़ाने में अहम भूमिका निभा सकती है। उदाहरण के लिए अध्ययन में भारत के एक निजी स्वास्थ्य सेवा प्रदाता का उल्लेख है जिसने एआई आधारित टूल की मदद से लाखों लोगों के रेटिना की जांच की है।

## आज का इतिहास
बढ़ता राजस्थान

### 1 मई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- यूनाइटेड किंगडम ने पहला आधिकारिक डाक टिकट 1840 को जारी किया।
- रानी विक्टोरिया ने लंदन में 1851 में महाप्रदर्शनी का उद्घाटन किया।
- अमेरिका में कामगारों के लिये काम के घंटे तय करने को लेकर 1886 में हड़ताल की गई और उसी दिन से 1 मई अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस घोषित किया गया।
- स्वामी विवेकानंद ने 1897 में रामकृष्ण मिशन की स्थापना की।
- प्रफुल्ल चाकी ने 1908 में मुजफ्फरपुर बम कांड को अंजाम देने के बाद खुद को गोली मारी।
- कार निर्माता फोर्ड वह पहली कंपनी 1914 में बनी जिसने अपने कर्मचारियों के लिए आठ घंटे काम करने का नियम लागू किया।
- भारत में सन 1923 में मई दिवस मनाने की शुरुआत में चेन्नई में हुई। इससे पहले भारत के 80 देश ऐसे थे जहां एक मई को श्रम दिवस के रूप में मनाया जाता था।
- सोवियत लाल सेना का बर्लिन 1945में प्रवेश।
- जोनास सॉल्क द्वारा विकसित पोलियो वैक्सीन जनता के लिए 1956 में उपलब्ध करायी गयी।
- महाराष्ट्र को 1960 में राज्य घोषित किया गया था।
- क्यूबा के प्रधानमंत्री डॉक्टर फ़िदेल कास्त्रो ने क्यूबा को 1961 में समाजवादी राष्ट्र घोषित कर दिया और चुनावी प्रक्रिया को खत्म कर दिया।
- देश की कोयला खदानों का 1972 में राष्ट्रीयकरण किया गया।
- इस्तांबुल के तकसीम स्क्वायर 1977 में श्रम दिवस समारोह के दौरान लगभग 36 लोगों की मौत हुईं।
- फू दोरजी बिना ऑक्सीजन के 1984 में माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने में सफल हुये।
- श्रीलंका के राष्ट्रपति रणसिंघे प्रेमदास की 1993 में बम विस्फोट में मृत्यु हुईं।
- संयुक्त राष्ट्र ने स्वयं को सरकारी तौर पर 1996 में निर्धन घोषित किया।
- पोलैंड, हंगरी और चेक गणराज्य को नाटो में शामिल करने संबंधी प्रस्ताव सीनेट 1998 में पारित हुआ।
- मिरया मोस्कोसो पनामा की प्रथम महिला राष्ट्रपति नियुक्त 1999 में की गईं।
- अंतर्राष्ट्रीय अन्तर-संसदीय संघ ने पाकिस्तान, आइवरी कोस्ट व सूडान को देश की संसद भंग करने के लिए संघ की सदस्यता से सन 2000 में निलंबित किया।
- जैश-ए-मोहम्मद एवं लश्कर-ए-तोइबा संयुक्त राज्य अमेरिका में आतंकवादी संगठन घोषित, भारत संयुक्त अमेरिका की विशेष 301 सूची 2001 में शामिल कीया गया
- अमेरिका की अपील पर इस्त्रायल ने 2002 को हेब्रोन से सेना हटाई।
- मारेक बेल्का 2004 में पोलैंड के नए प्रधानमंत्री बने।
- अमेरिकी राजनयिक पाल ब्रोमर की 2003 में इराक के प्रशासक पद पर नियुक्ति।

## अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर विशेष

विशेष आलेख

# समाज और राष्ट्र की धुरी हैं मजदूर

**बहरहाल , यहां यह कहना ग़लत नहीं होगा कि किसी भी देश की आर्थिक और सामाजिक प्रगति में मजदूरों की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण और अहम् होती है और यह दिवस मजदूरों को उनके अधिकारों, रोजगार, उनकी कड़ी मेहनत और समाज और देश को उनके योगदान विशेष को सम्मान देने के क्रम में हर साल मनाया जाता है।कवि सूर्यकांत त्रिपाठी निराला अपनी एक कविता में मजदूरों की दशा पर कुछ यूं लिखा है-वह तोड़ती पत्थर, देखा उसे मैंने इलाहाबाद के पथ पर, वह तोड़ती पत्थर, कोई न छायादार पेड़ वह जिसके तले बैठी हुई स्वीकार, श्याम तन, भर बंधा यौवन नत नयन प्रिय, कर्म-रत मन गुरु हथौड़ा हाथ, करती बार-बार प्रहार, सामने तरु-मालिका अट्टालिका, प्राकार।**



सुनील कुमार महला



एक मइ को हर वर्ष अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस या मजदूर दिवस या मई दिवस के रूप में मनाया जाता है। वास्तव में, यह दिवस मजदूरों और श्रमिक वर्गों का उत्सव है, जिसे अंतरराष्ट्रीय श्रम आंदोलन द्वारा बढ़ावा दिया जाता है और यह हर साल 1 मई, या मई के पहले सोमवार को होता है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि 1 मई महाराष्ट्र दिवस और गुजरात दिवस के साथ भी मेल खाता है, जो 1960 में दो भारतीय राज्यों के गठन का प्रतीक है। बहरहाल, हमें यह बात अपने जेहन में रखनी चाहिए कि किसी भी समाज और राष्ट्र का विकास तभी संभव हो सकता है, जब वहां के श्रमिक/मजदूर सुरक्षित और सम्मानित हों। यहां यह गौरतलब है कि इस दिवस की नींव सर्वप्रथम वर्ष 1886 में रखी गई थी, जब इस दिन को मनाने की मांग अमेरिका के शिकागो शहर में उठी, जब वहां के मजदूर अपने सम्मान और अधिकारों के लिए सड़क पर उतर आए थे। हालांकि, पहली बार मजदूर दिवस वर्ष 1889 में मनाने का फैसला लिया गया था। उल्लेखनीय है कि वर्ष 1886 से पहले अमेरिका में मजदूरों ने अपने हकों के लिए हड़ताल की। दरअसल ,मजदूरों की कार्य अवधि (काम के घंटों)को लेकर यह आंदोलन हुआ था, क्यों कि उस दौर में मजदूर 15-15 घंटे काम किया करते थे। आंदोलन के दौरान पुलिस ने मजदूरों पर गोलियां चलाईं , जिसमें कई श्रमिकों की जान चली गई और कई घायल हो गए। घटना के तीन साल बाद 1889 में अंतरराष्ट्रीय समाजवादी सम्मेलन का आयोजन हुआ, जिसमें हर मजदूर की प्रतिदिन कार्य-अवधि 8 घंटे तय कर दी गई। वहीं एक मई को मजदूर दिवस के तौर पर मनाने का फैसला लिया गया। बाद में अमेरिकी मजदूरों की तरह ही दूसरे देशों में भी श्रमिकों के लिए 8 घंटे काम करने का नियम लागू कर दिया गया। यहां पाठकों को बताता चलूं कि पिछले साल मजदूर दिवस 2024 की थीम जलवायु परिवर्तन के बीच कार्यस्थल पर सुरक्षा और स्वास्थ्य सुनिश्चित करना रखी गई थी, जिसमें मजदूरों को सामाजिक न्याय और सभ्य कार्य, उनकी सुरक्षा एवं स्वास्थ्य, डिजिटलीकरण और कार्य का भविष्य तथा कार्यस्थल पर लैंगिक समानता को शामिल किया गया था। कहना ग़लत नहीं होगा कि अंतरराष्ट्रीय मज़दूर दिवस हमें मज़दूरों और ट्रेड यूनियनों के संघर्षों और उपलब्धियों की याद दिलाता है। सच तो यह है कि यह सामाजिक आंदोलनों और मज़दूरों की बेहतर अधिकारों, सभ्य मज़दूरी और उचित व्यवहार की माँगों को दर्शाता है।उल्लेखनीय है कि भारत में पहला मजदूर दिवस समारोह वर्ष 1923 में चेन्नई (तब मद्रास) में लेबर किसान पार्टी ऑफ हिंदुस्तान द्वारा आयोजित किया गया था।

पाठकों को बताता चलूं कि इस दिन की शुरुआत चेन्नई में कम्युनिस्ट नेता सिंगारवेलु चेट्टियार ने की थी। उन्होंने मजदूरों के हक और अधिकारों की मांग को लेकर मद्रास हाई कोर्ट के सामने पहली बार मजदूर दिवस की सभा आयोजित की थी। इसी सभा में पहली बार भारत में %मई दिवस% मनाया गया। बहरहाल, कहना ग़लत नहीं होगा कि मजदूरों को काम करने के अधिकार(पसंद का काम करने का अधिकार), भेदभाव के विरुद्ध अधिकार(समान कार्य,समान वेतन), न्यायोचित और मानवीय कार्य स्थितियाँ(कार्यस्थल पर स्वास्थ्य और सुरक्षा, उचित कार्य समय, और अवकाश का अधिकार), सामाजिक सुरक्षा(बेरोजगारी, बीमारी, और अन्य स्थितियों में), मजदूरी की सुरक्षा(समय पर और पूरी मजदूरी का भुगतान, और न्यूनतम मजदूरी का अधिकार), संगठित होने और ट्रेड यूनियन बनाने का अधिकार आदि प्रदान किए गए हैं। इतना ही नहीं, मजदूरों को कार्यस्थल पर गोपनीयता का अधिकार, शिकायतों का निवारण, और प्रबंधन में भागीदारी का अधिकार भी है। आज मशीनीकरण, औधोगिकीकरण, तकनीक का युग है। आज भी मजदूरों को कम वेतन दिया जाता है,उनका शोषण किया जाता है और कठिन परिस्थितियों में काम करने के लिए मजबूर किया जाता है, जो कि सरासर ग़लत और मजदूरों के साथ घोर अन्याय है। मजदूरों के समर्पण, परिश्रम और योगदान का ही नतीजा होता है कि देश और समाज तरक्की के पथ पर अग्रसर होता है। मजदूर अपने कठिन परिश्रम से आम जनमानस के जीवन को आसान और सरल बनाते हैं, इसलिए देश और समाज निर्माण में उनकी भूमिका को नकारा नहीं जा सकता है। वे किसी भी राष्ट्र के विकास के असली स्तंभ और धुरी होते हैं।अंत में अदम गोंडवी जी के शब्दों में बस यही कहूंगा कि -%वो जिसके हाथ में छाले हैं पैरों में बिवाई है,उसी के दम से रौनक आपके बंगले मे आई है।

# क्या कनाडा में भारतीय समुदाय ने खालिस्तानियों से मुंह फेर लिया है!

**मार्क कार्नी ने पिछले दिनों भारत के साथ तनावपूर्ण संबंधों कहा था कि ''मैं संकट के समय सबसे उपयोगी होता हूं।'' उनके इस बयान को इस तरह से देखा गया है कि उनकी जीत नई दिल्ली और ओटावा के बीच द्विपक्षीय संबंधों में संभावित सुधार ला सकती है, जो पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के कार्यकाल में काफी हद तक खराब हो गए थे। अपने चुनावी कैम्पेन के दौरान मार्क कार्नी ने कई मंदिरों का दौरा किया था और भारतीय समुदाय से जुड़ने की इच्छा जताई थी।**



रामस्वरूप रावतसरे

कनाडा के संघीय चुनाव में एक बार फिर से जस्टिन ट्रूडो की लिबरल पार्टी ने जीत हासिल कर ली है। मार्क कार्नी, जिन्होंने जस्टिन ट्रूडो के इस्तीफे के बाद कनाडा के शासन को संभाला था, वो लिबरल्स की जीत के बाद फिर से देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। हालांकि जस्टिन ट्रूडो के कार्यकाल में लिबरल पार्टी ने जनता का विश्वास खो दिया था, लेकिन ट्रूडो के इस्तीफे और विपक्षी नेता पियरे पोइलिवर के बेहद खराब कैंपेन की वजह से मार्क कार्नी ने एक हारे हुए मैच को जीत में तब्दील कर दिया। लिबरल पार्टी ने डोनाल्ड ट्रंप के कनाडा विरोधी बयानबाजी को देश की संप्रभुता, अखंडता और राष्ट्रवाद से जोड़ दिया था, जिसका उन्हें जबरदस्त फायदा मिला। लिहाजा सवाल उठने लगे हैं कि जबकि कनाडा में एक बार फिर से लिबरल पार्टी की सरकार बनी है, क्या भारत के साथ संबंध सुधर पाएंगे? मार्क कार्नी ने इलेक्शन कैम्पेन के दौरान कहा था कि ''कनाडा जो करने की कोशिश कर रहा है, वह समान विचारधारा वाले देशों के साथ हमारे व्यापारिक संबंधों में विविधता लाना है, और भारत के साथ संबंधों को फिर से बनाने के अवसर हैं। उस वाणिज्यिक संबंध के इर्द-गिर्द मूल्यों की साझा भावना होनी चाहिए, और अगर मैं प्रधानमंत्री होता, तो मैं इसे बनाने के अवसर की तरह देखता।'' मार्क कार्नी ने चुनाव अभियान के दौरान भारत को एक महत्वपूर्ण देश बताया था। इसके अलावा उन्होंने संकेत दिया था कि उनकी मंशा भारत के साथ संबंधों को सुधारने की है, खासकर कारोबारी संबंध को, क्योंकि कनाडा डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफयुद्ध का नुकसान उठा रहा है। इसके अलावा मार्क कार्नी ने चुनावी कैम्पेन में अमेरिका के ऊपर से अपनी निर्भरता कम करने की बात कही थी, ऐसे में कनाडा के पास एक बड़े बाजार के तौर पर भारत ही बचता है, क्योंकि चीन के साथ उसके पहले से ही खराब संबंध हैं। मार्क कार्नी के प्रधानमंत्री बनने के बाद भारत और कनाडा के बीच सीईपीए पर फिर से बातचीत शुरू होने की संभावना बढ़ी है। ये एक ट्रेड डील है, जिसे ट्रूडो ने भारत से विवाद के बाद रोक दिया था। जून 2023 में ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में एक गुरुद्वारे के बाहर कनाडा के नागरिक और खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद भारत और कनाडा के संबंध बिगड़ने लगे थे। जस्टिन ट्रूडो ने हत्या का आरोप भारतीय एजेंट्स पर लगाए थे। जिसके बाद भारत-कनाडा संबंध 2023 में अपने सबसे निचले स्तर पर पहुंच गए थे। नई दिल्ली ने लंबे समय से ओटावा पर कनाडा के सिख प्रवासियों में चरमपंथ को बढ़ावा देने का आरोप लगाया था। जस्टिन ट्रूडो की सरकार में खालिस्तानी चरमपंथियों का वर्चस्व था। इसके अलावा जगमीत सिंह, जो खालिस्तान समर्थक हैं उनकी न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी के समर्थन से जस्टिन ट्रूडो सरकार चला रहे थे, लिहाजा जगमीत सिंह को भारत कनाडा संबंधों के खराब होने की सबसे बड़ी वजह माना गया। लेकिन इस बार जगमीत सिंह बुरी तरह से चुनाव हार गया है। वो तीसरे स्थान पर रहा है, जो खालिस्तानियों के लिए बहुत बड़ा झटका है। चुनाव कैम्पेन के दौरान भारतीय मूल के कनाडाई नागरिक आदित्य झा, जो एक कारोबारी हैं और जिन्हें कनाडा का सर्वोच्च सम्मान ऑर्डर ऑफ कनाडा मिल चुका है।

## शख्सियत
बढ़ता राजस्थान



**दीपक कट्टा
( डायरेक्टर राम प्रताप कट्टा एंड संस )**

नमस्कार साथियों हमारे आज की शख्सियत कॉलम के सुपर डुपर स्टार हैं राम प्रताप कट्टा एंड संस ज्वेलर्स के डायरेक्टर श्री दीपक कट्टा। इनका जन्म सन 15 सितम्बर सन 1967 को उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले में हुआ। स्कूली शिक्षा उत्तर प्रदेश में हुई और बीकॉम यहां राजऋषि कॉलेज अलवर से आकार की। चूँकि अलवर में ऑलरेडी इनका व्यापार था परिवार भी रहता था। ऐसे में अलवर ही शिफ्ट हो गए और 18 साल की उम्र में पढ़ाई के साथ-साथ बाजाजा बाजार स्थित अपने राम प्रताप कट्टा एंड संस् ज्वेलरी शोरूम में संभालने लगे। कपड़े का भी काम किया एमआईए में कट्टा केमिकल इंडस्ट्रीज के नाम से शुरू किया लेकिन सन 2002 में बजाज बाजार और सराफा बाजार के मुख्य जेवर बाजार को छोड़कर शहर के रोड नंबर दो पर अपना नया शोरूम डाला और अपने विश्वास को अपने पूर्वजों के बने हुए अटूट विश्वास को लोगों के साथ बनाए रखा और आज भी रामप्रताप कट्टा एंड सन का नाम जेवराती बाजार में विश्वसनीयता से लिया जाता है। ज्वेलरी के बाजार में इनका नाम ही काफी है। 2016 में रोटरी क्लब से जुड़े और विभिन्न सामाजिक सरोकार के कार्यक्रमों में मुख्य भागीदारी निभाते हुए सामाजिक सरोकार के अनेकों कार्यक्रम किये। वर्तमान में दीपक कट्टा रोटरी क्लब अलवर के अध्यक्ष हैं । जिले का सबसे पहला हॉलमार्क लाइसेंस भी इन्होंने ही लिया। सन 2008 में जिले में सबसे पहले होल मार्क इनके द्वारा ही लगाए गए। बच्चियां उस समय स्कूल नहीं जाया करती थी ऐसे में इनके पूर्वजो द्वारा शाहजहांपुर में सन 1967 में लड़कियों के लिए एक स्कूल भवन सहित बनाकर सरकार को भेंट किया। तत्कालीन शिक्षा मंत्री शिवचरण माथुर स्वयं आए और स्कूल का उद्घाटन किया वही। राम प्रताप कट्टा राजकीय कन्या विद्यालय के साथ-साथ लोगों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सके इसके लिए जूथाराम राम प्रताप कट्टा राजकीय चिकित्सालय भी बनाकर सरकार को दान दिया। दीपक कट्टा ज्वेलरी के बाजार में अपनी चौथी पीढ़ी का नेतृत्व कर रहे हैं।

## 2025_0115
बढ़ता राजस्थान

**Suduko**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | 2 | | 9 | |
| | 9 | 4 | | 8 | | 2 | | |
| | 7 | 6 | | 3 | 9 | 4 | | |
| | | | 9 | | 4 | | | 1 |
| 9 | 6 | 3 | | 7 | 1 | | 4 | 2 |
| | | 1 | 3 | 2 | 5 | 9 | | |
| | | | | 5 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 4 | 9 | | | | 8 | | 5 |

Ans_2025_0114

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 1 | 2 | 4 | 5 | 9 | 7 | 6 | 8 |
| 5 | 6 | 4 | 7 | 1 | 8 | 2 | 3 | 9 |
| 8 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 | 1 |
| 7 | 8 | 9 | 6 | 2 | 1 | 3 | 4 | 5 |
| 4 | 2 | 5 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 | 6 |
| 6 | 3 | 1 | 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 7 |
| 2 | 7 | 6 | 1 | 9 | 4 | 5 | 8 | 3 |
| 1 | 5 | 8 | 3 | 7 | 2 | 6 | 9 | 4 |
| 9 | 4 | 3 | 5 | 8 | 6 | 1 | 7 | 2 |

### कैसे खेलें

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
दवाई खरीदने या अस्पताल की फीस पर आकस्मिक खर्च हो सकता है। आज दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ हर काम को आसानी से बना पाएंगे। गृहस्थ जीवन में सुख और शांति बनी रहेगी। शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा।

**वृष**
किसी तरह का आर्थिक लाभ भी हो सकता है। हालांकि, स्वास्थ्य को लेकर उतार-चढ़ाव बना रहेगा। गृह एवं संतान सम्बंधी शुभ समाचार आप को मिलेंगे। पुराने और बचपन के दोस्तों से मुलाकात हो सकती है।

**मिथुन**
स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दोपहर के बाद पारिवारिक जीवन में हर्षोल्लास का वातावरण बना रहेगा। आज कोई नया काम शुरू कर सकते हैं। पिता से आपको लाभ होगा। ज्योतिष और आध्यात्मिक विषयों में आपकी रुचि बनी रहेगी।

**कर्क**
स्वभाव में उग्रता हो सकती है, इसलिए वाणी पर संयम रखें। दोपहर के बाद आप आप मनोरंजन की ओर ज्यादा बढ़ेंगे। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ प्रवास या पर्यटन का योग है। शारीरिक और मानसिक रूप से आप स्वस्थ रह पाएंगे। दोस्तों के साथ मुलाकात होगी।

**सिंह**
मित्रों का सहयोग भी आप को प्राप्त होगा। विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी। पारिवारिक शांति बनाए रखने के लिए निरर्थक वाद-विवाद न करें। धन और प्रतिष्ठा में हानि हो सकती है। आप की रचनात्मकता में सकारात्मक वृद्धि होगी।

**कन्या**
व्यापार में किसी तरह का लाभ होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। पूंजी निवेश में सावधानी बरतें। धार्मिक काम के पीछे धन खर्च हो सकता है। कोर्ट-कचहरी के विषय में संभलकर चलें। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल है।

**तुला**
आज वाणी पर संयम रखें. स्नेहीजनों के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। आय की अपेक्षा व्यय अधिक रहेगा। किसी उलझन में दिन गुजरेगा। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें। आप नए काम का आरंभ कर सकेंगे।

**वृश्चिक**
अपनी वाणी और व्यवहार को संयमित रखना आपके ही हित में रहेगा। आज आपकी नौकरी और व्यवसाय में रुचि बढ़ेगी। आज स्वास्थ्य का ध्यान रखें। साथी कर्मचारियों का साथ मिलेगा। संतान की चिंता आपको हो सकती है।

**धनु**
आज के दिन बौद्धिक काम, नए सृजन और साहित्यिक गतिविधि में आप उलझे रहेंगे। किसी धार्मिक यात्रा का आयोजन हो सकता है। व्यापार में लाभ का अवसर मिलेगा। आज आपको कार्यालय और व्यापार में थोड़ा संभलकर चलना होगा।

**मकर**
सुबह का समय दोस्तों के साथ घूमने-फिरने, खान-पान एवं मनोरंजन में बीत सकता है। पार्टनरशिप काम में ध्यान रखें। व्यापार में ज्यादा लाभ की उम्मीद नहीं है। दोपहर के बाद आप को प्रतिकूलता का सामना करना पड़ सकता है।

**कुंभ**
मानसिक रूप से आप में भावुकता की मात्रा अधिक रहेगी। किसी बात को लेकर ज्यादा विचलित ना हों। अपनी कल्पनाशक्ति से साहित्य-सृजन में आप नवीनता ला पाएंगे। सुख-शांति बनी रहेगी। व्यवसाय में सफलता प्राप्त होगी।

**मीन**
आज का आपका दिन लाभकारी है। पारिवारिक और प्रोफेशनल दोनों ही क्षेत्रों में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-परिवार में आनंद का वातावरण आप को खुश रखेगा। बहुत दिनों से अटके सरकारी कामों में सफलता मिलेगी। स्नेहीजनों के साथ घनिष्ठता बढ़ेगी।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

## अरे बाप रे ! भागो-भागों ....टाइगर-टाइगर, रणथंभौर फोर्ट में!

### घूम रहे पर्यटकों के सामने अचानक आया बाघ
### बाघ के रास्ते में आने से दहशत फैली

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** सवाई माधोपुर स्थित प्रदेश के सबसे बड़े रणथंभौर टाइगर रिजर्व के मध्य स्थित त्रिनेत्र गणेश मंदिर मार्ग में टाइगर के हमले की आशंका एक बार फिर गंभीर होती जा रही है। रणथंभौर दुर्ग और मंदिर मार्ग में लगातार टाइगर की मौजूदगी देखी जा रही है। बताया जा रहा है कि इस क्षेत्र में करीब 17 से 18 टाइगर लगातार विचरण कर रहे हैं, जो श्रद्धालुओं की जान के लिए बड़ा खतरा बन चुके हैं. किसी भी समय इस मार्ग पर बड़ी अनहोनी से इनकार नहीं किया जा सकता।

#### जैन मंदिर के पास आज सामने आया

बुधवार को भी दुर्ग के ऊपर स्थित जैन मंदिर के पास एक टाइगर के आ जाने से श्रद्धालुओं में अफरा-तफरी मच गई। भयभीत श्रद्धालु एक-दूसरे का सहारा लेकर टाइगर के रास्ते से हटने का इंतजार करते रहे। टाइगर के नजरों से ओझल होते ही श्रद्धालुओं ने भय के साये में आगे का रास्ता तय किया।

#### कुछ दिन पहले बच्चे का शिकार कर चुका है टाइगर

गौरतलब है कि 16 अप्रैल को इसी मार्ग पर दर्शन कर लौट रहे एक बच्चे को टाइगर ने अपना शिकार बना लिया था, जिसके बाद वन विभाग ने नौ दिनों तक मंदिर मार्ग बंद रखा था। उस समय दावा किया गया था कि अब यह मार्ग पूरी तरह सुरक्षित है, लेकिन वर्तमान स्थिति इस दावे को झुठला रही है।

#### सुरक्षा पर उठ रहे सवाल

मंदिर मार्ग फिर से खुलते ही आए दिन किसी न किसी स्थान पर टाइगर की उपस्थिति श्रद्धालुओं के लिए खतरा बनी हुई है। अभी हाल ही में दुर्ग के नीचे एक टाइगर ने दो लोगों पर हमला करने की कोशिश की थी। सुरक्षा के नाम पर वन विभाग द्वारा किए गए इंतजाम ऊंट के मुंह में जीरे के समान साबित हो रहे हैं। जोगी महल गेट से त्रिनेत्र गणेश मंदिर तक श्रद्धालुओं को पैदल ही जाना पड़ता है। इस पूरे रास्ते में टाइगर का मूवमेंट बना हुआ है, जिससे कभी भी किसी जगह हमला हो सकता है।

## रजवास में घर-घर पहुंचने लगा कचरा संग्रहण वाहन

### गांव स्वच्छ नजर आने लगा

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत रजवास में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत घर-घर कचरा संग्रहण वाहन की शुरुआत की है। ग्राम विकास अधिकारी विनोद परिडवाल ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत प्रतिदिन सुबह हर घर के दरवाजे पर कचरा संग्रहण गाड़ी पहुंचेगी। गांव को स्वच्छ रखने के लिए कचरा उठाने वाले वाहन की शुरुआत भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र से की। ग्राम पंचायत में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेस टू अंतर्गत रजवास पंचायत में कचरा निस्तारण केंद्र लगभग बनकर तैयार हो गया है। कचरा निस्तारण केंद्र तक सुखा व गीला कचरा ढोने के लिए ई-रिक्शा की शुरूआत की गई। ई-रिक्शा के माध्यम से गांव में सार्वजनिक स्थान, घरों के बाहर रखे डस्टबिन से गीला और सूखा को अलग-अलग कर ई रिक्शा के माध्यम से आरआरसी प्लांट पर लाया जाएगा। आरआरसी प्लांट पर कचरे को निस्तारित किया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया कि सुबह जाने वाली गाड़ी में ही कूड़ा डालें या घर के बाहर एक स्थान पर एकत्रित करें और गांव को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सहयोग करें। इस अवसर पर ग्राम पंचायत प्रशासक कानाराम जाट, कनिष्ठ सहायक नन्दकिशोर बैरवा, पटवारी आशुतोष जांगिड़, ई मित्र संचालक किशन चौधरी, सलमान खान, परमसुख जैन व बजरंगलाल प्रजापत सहित कई ग्रामीणा मौजूद थे।

## तीन दिवसीय दीक्षा महोत्सव आज से

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )** मालपुरा के टोडा रोड स्थित श्री जैन श्वेतांबर खरतरगच्छ संघ की ओर से दादाबाड़ी में तीन दिवसीय भव्य भगवती रत्नत्रयी दीक्षा महोत्सव 1 से 3 मई तक आयोजित होगा। कार्यक्रम आयोजन समिति के संयोजक पदम सिंह चौधरी ने बताया कि डॉ. साध्वी लक्ष्यपूर्णा श्रीजी महाराज के पावन सानिंध्य में मुमुक्षु कुमारी संजना एवं मुमुक्षु कुमारी अंजली का दीक्षा महोत्सव आचार्य मंज्जिनपूर्णानंद सागर सुरीश्वर महाराज एवं डॉक्टर साध्वी लक्ष्यपूर्णा श्रीजी महाराज के सानिंध्य में आयोजित होगा। कार्यक्रमों के अन्तर्गत 1 मई गुरुवार प्रात: गुरु भगवंतो का मंगल प्रवेश एवं डोरा बंधन, 10बजें श्री शक्रस्तव महाअभिषेक दोपहर में उपकरणों की छांव भरवाने की उमंग ,केसर छाटना, कपड़े रंगना तथा 3 बजे हल्दी, मेहंदी एवं सांझी तथा सांयकाल 7 बजे भक्ति एवं नाटिका का आयोजन किया जाएगा । वहीं 2 मई शुक्रवार को प्रात: 6 बजे प्रभातिया, साढें 8 बजें व्यास सर्किल से वर्षीदान वरघोड़ा, दोपहर 2 बजे दादा गुरुदेव की बड़ी पूजा, 3 बजें संयम स्पर्शना तथा सांयकाल 5 बजे मुमुक्षु बहनों का संसार त्याग से पूर्व अंतिम वायणा, 7 बजे बिंदोरी, रात्रि 8 बजे से मुम्बई के दिवांगी शाह एंड पार्टी द्वारा संसार का त्याग नाटिका एवं संयम की आज विदाई समारोह आयोजित किया जाएगा।

# बिजली उपभोक्ताओं को अब नई व्यवस्था से देना होगा बिल

## राजस्थान में 1.43 करोड़ स्मार्ट मीटर लगाने का काम शुरू

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** राजस्थान के विद्युत उपभोक्ताओं (कृषि को छोड़कर) को बिजली उपभोग करने से पहले पैसा देना ही होगा। डिस्कॉम्स करीब 1.43 करोड़ कनेक्शनधारियों के स्मार्ट मीटर लगाने का काम शुरू कर रहे हैं। इसमें अब पोस्टपेड की सुविधा (उपभोग के बाद भुगतान) नहीं मिलेगी। केवल प्रीपेड सुविधा होगी यानि बिजली उपभोग करने से पहले पैसा (रिचार्ज कराना) देना होगा। इससे बिजली कंपनियों की तिजोरी में बिजली सप्लाई से पहले ही सालाना करीब 50 हजार करोड़ रुपए आ जाएंगे।

**स्मार्ट मीटर लगाने का काम होने जा रहा है शुरू :** अभी इतनी राशि की बिलिंग हो रही है। हालांकि, उपभोक्ता को 15 पैसे यूनिट की छूट इसमें भी मिलती रहेगी। केंद्र सरकार की आरडीएसएस स्कीम के तहत प्रदेश में करीब 1.43 करोड़ कनेक्शनधारियों के स्मार्ट मीटर लगाने का काम शुरू होने जा रहा है। इस पर 14037 करोड़ रुपए खर्च होंगे। अभी तक इसमें पोस्टपेड का भी विकल्प है।

**उपभोक्ताओं को सुविधा का दावा..**

1- प्रतिदिन की बिजली खपत और शुल्क (खर्चे) की जानकारी मिलेगी। इस आधार पर मासिक उपभोग की प्लानिंग कर पाएंगे।

2- घर की सप्लाई बंद होते ही सीधे कंट्रोल रूम में सूचना पहुंचेगी।

3- बिजली सप्लाई का लोड अधिक होते ही मोबाइल पर अलर्ट मैसेज आता रहेगा।

#### शुरुआत दो-चार माह तक होगी बिलिंग

डिस्कॉम ऐसा मैकेनिज्म तैयार कर रहा है कि जिससे उपभोक्ता इसे आसानी से अपना ले। इसके लिए शुरुआती दो से चार माह तक पोस्टपेड की सुविधा देने पर विचार कर रहे हैं। इसके बाद स्वत: प्रीपेड किया जाएगा। इसलिए मीटर में दोनों विकल्प होंगे। टीम ने सर्वे शुरू कर दिया गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि प्रीपेड व्यवस्था के साथ निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जानी चाहिए। राजस्थान में कंपनियां बनाएंगी सस्ती बिजली, पर प्रदेश को नहीं मिलेगी 1 यूनिट भी।

#### इसलिए कर रहे बदलाव

1- ऊर्जा विभाग के अफसरों का कहना है कि केंद्र सरकार ने एजेंडा तय किया है कि देशभर में पुराने मीटर को प्रीपेड स्मार्ट मीटर में बदला जाए। इसके पीछे मंशा डिस्कॉम्स की आर्थिक स्थिति सुधारना और लोगों को निर्बाध बिजली आपूर्ति करना है।

2- डिस्कॉम्स को पहले ही पैसा मिल जाएगा तो वह भी उत्पादन कंपनियों को समय पर भुगतान कर पाएगी। इससे विलंब शुल्क, पेनल्टी की नौबत नहीं आएगी। बैंकों से लोन लेने की नौबत कम आएगी। बिलिंग जारी करने से लेकर वितरित करने की प्रक्रिया से मुक्ति मिलेगी।

3- उपभोक्ताओं को पन्द्रह पैसे यूनिट की छूट मिलती रहेगी, इसी आधार पर प्लान तैयार किया गया है।

## जिले में मीजल्स-रूबैला उन्मूलन के लिए अभियान



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर जिले में 30 अप्रैल तक विश्व टीकाकरण सप्ताह के तहत मीजल्स-रूबेला उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जैमिनी ने बताया कि अभियान के तहत वंचित बच्चों का टीकाकरण कर इसकी प्रविष्टियां यूविन पर दर्ज की जा रही हैं। अभियान में शिक्षा विभाग, पंचायती राज विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित अन्य विभागों का भी सहयोग लिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सभी को फील्ड में निर्देशित किया गया है कि एमआर 1 और एमआर 2 से टीकाकृत लाभार्थियों की सूचना यूविन पर दर्ज करानी आवश्यक है। इसकी सूचना राज्य स्तर से जारी गूगल शीट पर भी दर्ज किया जाना अनिवार्य है।

**परिजन स्वयं भी कर सकते है टीकाकरण के लिए रजिस्ट्रेशन:-** सीएमएचओ ने आमजन से अपील कि है कि अभिभावक अपने बच्चों को मीजल्स-रूबेला का टीका अवश्य लगवाएं। इसके लिए अभिभावक स्वयं भी यूविन पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करा अपाइंटमेंट बुक करा सकते हैं। इसकी पहली खुराक 9 से 12 माह और दूसरी खुराक 16 से 24 माह पर दी जाती है।

## पीड़ित प्रतिकर बैठक : पीडितों को 5.75 लाख रुपये की प्रतिकर राशि प्रदान करने के आदेश



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर के तत्वावधान में बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) सवाई माधोपुर देवेन्द्र दीक्षित की अध्यक्षता में पीड़ितों को प्रतिकर राशि दिलवाये जाने हेतु जिला प्राधिकरण के पदेन सदस्यगण के साथ मीटिंग का आयोजन किया गया। पीड़ित प्रतिकर स्कीम के तहत लंबित अंतिम स्तर के दो एवं अंतरिम स्तर के दो प्रकरण सहित कुल 04 प्रकरणों में प्रतिकर हेतु विचार-विमर्श किया गया । जिसमें समिति द्वारा जीवन हानि (हत्या) के अंतिम स्तर के एक प्रार्थना पत्र में सर्वसम्मति से 5 लाख रूपये एवं पोक्सो के अंतरिम स्तर के एक प्रार्थना पत्र में 75,000 रूपये प्रतिकर के रूप में स्वीकृत किये जाने के आदेश दिये गए। इस प्रकार सर्वसम्मति से दो प्रकरणों में कुल 5,75,000 रूपये (अक्षरे पांच लाख पिचहत्तर हजार रूपये) प्रतिकर के रूप में प्रदान किए जाने के आदेश प्रदान किये गये।

साथ ही कारागृहों के नवीन भवन निर्माण हेतु एवं जेलों के निर्धारित मापदण्डों को पूरा करने के लिए गठित जेल एम्पावर्ड कमेटी तथा विधिक सहायता के प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय विकास कुमार खण्डेलवाल, न्यायाधीश पोक्सो न्यायालय मीनाक्षी जैन, न्यायाधीश मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण सुंदरलाल बंशीवाल, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव समीक्षा गौतम, अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश भावना भार्गव, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आशुतोष सिंह आढ़ा, जिला कलक्टर सवाई माधोपुर शुभम चौधरी, पुलिस अधीक्षक सवाई माधोपुर ममता गुप्ता, लोक अभियोजक जितेन्द्र शर्मा, जेलर जिला कारागृह सवाई माधोपुर महावीर प्रसाद मीना उपस्थित रहे।

## आचार्य ताराचंद शास्त्री का लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने किया सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** कोटा शहर में हाल ही भगवान परशुराम राष्ट्रीय पंडित परिषद ट्रस्ट की ओर से आयोजित ज्योतिष सम्मेलन में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मां कामाख्या ज्योतिष शोध संस्थान खेरदा माधोपुर के अध्यक्ष आचार्य पंडित ताराचंद शास्त्री का हाडोती ज्योतिष गौरव सम्मान से नवाजा। राष्ट्रीय महासचिव पंडित आप शास्त्री ने बताया कि इस सम्मेलन में देश के साथ नाम ज्योतिषों ने भाग लिया जिसमें पंडित ताराचंद शास्त्री को उनके उल्लेखनीय ज्योतिष विद्या के लिए सम्मानित किया गया। इस मौके पर लोकसभा अध्यक्ष ने ज्योतिष विद्या पर प्रकाश डालते हुए इसके महत्वत्ता बताई।

## अक्षया तृतीया महोत्सव में भजन संध्या का हुआ आयोजन

### गायक कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजनों की दी प्रस्तुति

बढ़ता राजस्थान

**नटवाड़ा ।** गाँव में स्थित श्री बद्रीनाथ धाम पर तीन दिवसीय अक्षया तृतीया महोत्सव के दौरान ग्राम पंचायत एवं ग्रामवासी समिति के तत्वावधान में बुद्धवार की रात विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्यअतिथि भामाशाह एवं समाजसेवी पुण्यप्रताप करण एवं प्रशासक नीता कंवर ने श्री बद्री विशाल भगवान की प्रतिभा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि करण ने कहा कि मेले एवं धार्मिक कार्यक्रमों भाग लेने से मन को तो शान्ति मिलती ही हैं साथ लोगो में आपसी भाईचारे एवं प्रेम की भावना भी बढती हैं। भजन संध्या का शुभारम्भ मध्यप्रदेश आए गायक कलाकार पटवारी बंजारा ने आओ-आओजी गजानन्द प्यारा..... गणेश वन्दना प्रस्तुत कर की। इसके पश्चात गायक बंजारा ने भक्त के बस में हैं भगवान.........,कभी-कभी भगवान को भी भक्तो से काम पड़े.........म्हाने बद्रीनाथ को मेळो दिखा द ढोला..........सहित अनेक भजन प्रस्तुत कर श्रोताओ को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद कृष्ण मुरारी ने क्यो लगावे शोक छिनी जिन्दगी दारू ने......,मात-पिता की सेवा कर ले मत बण दास लूगाई को....प्रस्तुत कर आज की युवा पीढी पर कटाक्ष किया। कार्यक्रम में सजाई गई सजीव झांकियों के द्वारा कलाकारो अपनी कला का प्रदर्शन लोगो को दाँतो तले अंगुलिया दबाने को विवश कर दिया। वही लोगों ने तालियां बजाकर लोक कलाकारों को प्रोत्साहित किया। भजन संध्या में डांसरो पारंपरिक भक्ति नृत्य किया वही नृत्य कलाकारो ने राजस्थानी नृत्य प्रस्तुत कर लोगो को तड़के तक रोका रखा। मेला समिति अध्यक्ष एवं प्रशासक नीता कॅवर ने बताया कि धार्मिक एवं ऐतिहासिक मेले में छाया, पानी एवं श्रद्वालुओ की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गए हैं। मन्दिर में साज-सज्जा व भक्तो की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम भी किए गए हैं। मेले दुकान लगाने वाले दुकानदारो को नि:शुल्क जगह दी गई। मेले जहां बच्चो ने झूले-चकरी में घूमकर लुफ्त उठाया। महिलाओ ने मेले में घरेलू सामान एवं सौन्दर्य प्रसाधन के सामानो की जमकर खरीददारी की वही किसानो ने पशुओ के सजाने के सामानो को खरीदकर मेले आनन्द लिया।



# अवैध बजरी खनन व परिवहन सहित अन्य मामलों में 17 गिरफ्तार, 2 ट्रैक्टर ट्रॉली व 1 डम्पर जब्त

बढ़ता राजस्थान



**निवाई ( का.स. )।** सदर थाना पुलिस ने डोमिनेशन अभियान के तहत अवैध बजरी खनन व परिवहन सहित अन्य मामलों के 17 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान आरोपियों से 2 ट्रैक्टर ट्रॉली व एक डम्पर को जब्त किया है। सदर पुलिस थानाधिकारी हीरालाल वर्मा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशों के तहत अवैध बजरी खनन व परिवहन की रोकथाम को लेकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बृजेन्द्रसिंह भाटी व पुलिस वृत्ताधिकारी मृत्युंजय मिश्रा के पर्यवेक्षण में गठित 5 टीमों द्वारा कार्यवाही करते हुए 24 स्थानों पर दबिश देकर 17 आरोपियों को गिरफ्तार किया है एवं 2 ट्रैक्टर ट्रॉली व 1 डम्पर को जब्त किया है। उन्होंने बताया कि सदर थाने के नेतृत्व में 20 सदस्यों की गठित 5 टीमों ने कार्यवाही करते हुए बुधवार को अभियान के तहत गिरफ्तारी वारण्टों के आरोपी छीतर बैरवा निवासी राहोली, सयानी सांसी निवासी सांसी बस्ती कैथुनिया, अशोक उर्फ कालु सांसी निवासी अहमदपुरा उर्फ कैथुनिया व केदार मीना निवासी सुनारा शिवाजी कॉलानी को गिरफ्तार किया है। इसी प्रकार 170 बीएनएसएस मामले में आरोपी छोटुलाल गुर्जर निवासी चुराडा, चेतन मीणा निवासी हिंगोटिया, मदनलाल मीणा निवासी बाढ छौरिया, गणेश जाट निवासी चतुर्भुजपुरा, हेमराज यादव निवासी गोपालपुरा, बाबुलाल गुर्जर निवासी काली का बाग, दयाराम बैरवा निवासी खण्डवा, जितेन्द्र यादव निवासी झिलाय, सुरजमल जाट निवासी लुहारा, दिलखुश मीणा निवासी देवरी, मुकेश यादव निवासी वनस्थली व कालुराम मीणा निवासी ढाणी जुगलपुरा को गिरफ्तार किया है। इसी प्रकार वांछित प्रकरण में आरोपी हेमराज मीणा निवासी इनायतगंज रानोली थाना झिराणा को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि अवैध बजरी खनन व परिवहन के मामले में बजरी के 2 ट्रैक्टर ट्रॉली व 1 डम्पर को जब्त किया है।

## विमुक्त, घुमंतू व अर्द्ध-घुमंतू परिवारों के लिए न्यास द्वारा भूमि को चयन कर स्थाई बसावट की जाए : विधायक कोठारी

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** गाड़िया लौहार परिवार का मेवाड़ के इतिहास में एक अलग स्थान है, महाराणा प्रताप के साथ इन्होंने अपने घरों को त्याग कर मेवाड़ की आन-बान-शान के लिए सब कुछ न्यौछावर कर दिया था, उसके बाद भी आज तक यह परिवार इधर से उधर बेघर भटकते रहते है। विमुक्त, घुमंतू व अर्द्ध-घुमंतू समुदाय के सशक्तिकरण एवं आश्रय उपलब्ध कराने की मांग को लेकर शहर विधायक अशोक कोठारी ने जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू को पत्र लिखा है। मीडिया प्रभारी पंकज आडवाणी ने बताया कि, राजस्थान गाड़िया लौहार युवा विकास संस्थान के सदस्यों द्वारा कार्यालय पर उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र दिया था, उसमे लिखा था कि स्थाई रूप से रहने के भूमि आवंटन हो तथा स्थाई बसावट के अभाव में बच्चों का शैक्षणिक व आर्थिक विकास नहीं हो पा रहा है। राजस्थान सरकार द्वारा बजट 2025-26 में विमुक्त, घुमंतू व अर्द्ध-घुमंतू समुदाय के सशक्तिकरण व उत्थान की दृष्टि से 'दादूदयाल घुमंतू सशक्तिकरण योजना' प्रारम्भ करने की घोषणा भी हुई थी। इस घोषणा पर 60 करोड़ रुपये का व्यय के साथ ऐसे परिवारों को आश्रय उपलब्ध कराने के लिए आगामी वर्ष में 25 हजार पट्टे वितरित किये जाना भी प्रस्तावित है। विधायक कोठारी ने आग्रह करते हुए कहा कि सरकार की मंशा अनुसार नगर विकास न्यास द्वारा भूमि आवंटित कर विमुक्त, घुमंतू व अर्द्ध-घुमंतू परिवारों को स्थाई बसावट किया जाए, जिससे कि यह समाज की मुख्य धारा के साथ जुड़ सकेंगे।

# वन मंत्री ने जनसुनवाई कर परिवेदनाओं के त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

## सामूहिक विवाह सम्मेलन में शिकरत कर नव विवाहित जोड़ों के उज्ज्वल भविष्य व सुखद दाम्पत्य जीवन की कामना की

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने आज अपने निवास स्थान 201 रघुमार्ग पर जनसुनवाई कर आमजन की परिवेदनाओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में ग्राम पंचायत पुनर्गठन से संबंधित अधिकांश परिवेदनाओं के साथ-साथ सडक, विद्युत, पुलिस, स्थानांतरण की परिवेदनाएं प्रमुख रही जिस पर मंत्री श्री शर्मा ने संबंधित अधिकारियों को दूरभाष से परिवेदनाओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिये। परिवेदनाओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बरते जाने पर सख्त कार्रवाई अमल में लाई जावेगी। उन्होंने फरियादियों से कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा आमजन के कल्याण हेतु विभिन्न योजनाएं संचालित की गई है जिनका जागरूक रहकर लाभ उठाने के साथ-साथ अन्य लोगों को लाभ उठाने हेतु जागरूक करें।

### सामूहिक विवाह सम्मेलन में की शिरकत

मंत्री शर्मा ने सतीश भाटिया चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में शिरकत कर कर नव विवाहित जोडों को आशीर्वाद देकर उनके उज्ज्वल भविष्य व सुखद दाम्पत्य जीवन की कामना की। उन्होंने सेवा भारतीय ट्रस्ट के इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन समाज को सार्थकता प्रदान करने का काम करते हैं। ऐसे आयोजनों के माध्यम से गरीब पिता आर्थिक बोझ से बचकर अपनी बेटी का विवाह करा रहे हैं।

# आईक्यूएसी की बैठक में प्रस्तुत किया वार्षिक प्रतिवेदन, ग्रीष्मकालीन कार्यक्रमों की दी जानकारी

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ ( राजकुमार गुप्ता )।** कस्बे के राजकीय महाविद्यालय में बुधवार को आईक्यूएसी की बैठक का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ के एल मीना की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आईक्यूएसी समन्वयक प्रो. अशोक कुमार काकोडिया ने आईक्यूएसी का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि आईक्यूएसी के तत्वावधान में वर्षभर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें जुलाई 2024 में इन हाउस नेक टीम दौरा तथा 29-30 जूलाई को नेक पीयर टीम का दौरा प्रमुख रहा। जिसमें महाविद्यालय को 2.37 सीजीपीए के साथ बी ग्रेड प्राप्त हुआ जो 5 वर्ष के लिए वैध रहेगा। आईक्यूएसी द्वारा महाविद्यालय में अनेक कार्यशालाएं, सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें आईआईटी लैब दिल्ली के साथ मिलकर वर्चुअल लैब पर कार्यशाला, सभी के लिए पोष्टिक आहार विषय पर संगोष्ठी, कौशल विकास के माध्यम से रोजगार सृजन में मॉडल केरियर केन्द्र की भूमिका पर संगोष्ठी, सर्प शिक्षा अभियान पर एक दिवसीय कार्यशाला, लायंस क्लब के साथ मिलकर कैंसर जागरूक परामर्श कार्यक्रम पर संगोष्ठी, एसबीआई बैंक के सहयोग से निबंध,डिबेट, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि विमेन सैल के साथ मिलकर आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हार्टफुलनेस संस्था के साथ मिलकर नेतृत्व निपुणता पर 5 दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। भारत विकास परिषद के साथ मिलकर उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एमएसएमई मंत्रालय के साथ मिलकर राष्ट्रहित में एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन, प्लेसमेंट सैल के साथ मिलकर एक्सेस बैंक के सहायक प्रबंधक के लिए प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। आईक्यूएसी द्वारा भूगोल विभाग, वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, जन्तु विज्ञान आदि के साथ मिलकर स्वयंपाठी विद्यार्थियों के लिए प्रायोगिक परीक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बैठक में प्राचार्य



डॉ के एल मीना ने वार्षिक प्रतिवेदन को प्रमाणित कर ग्रीष्मकाल में विभिन्न विषयों जैसे- व्यक्तित्व विकास, स्पोकन इंग्लिश, रिज्यूम बनाना, डिजिटल मार्केटिंग, कैनवा तैयार करना, रोबोटिक्स में कैरियर, ब्यूटी पार्लर, ट्यूरिस्ट गाइड, सिलाई मशीन जैसे अनेक कार्यक्रम करवाने की अनुमति दी। बैठक में प्रो.सुमेर सिंह बैरवा, डॉ भगतसिंह, डॉ अंशु महलावत, डॉ अशोक मीना, डॉ सुबोध शर्मा, आयुषी गुप्ता, रचना जैन, मनीषा मीना, राकेश कुमार, योगेन्द्र सिंह सहित अनेक संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

# स्कूली बच्चों को दिए संस्कार

## बच्चो को बताया मोबाइल से दूर रहे और पक्षियों के लिए लगाए परिंडे

बढ़ता राजस्थान

**अलवर।** नेक कमाई फाउंडेशन की ओर से बच्चों में नैतिक विकास और सुसंस्कार विकसित करने के लिए नि:शुल्क कार्यशाला एल.सी. आर. पबिलक स्कूल में हुई। एलसीआर स्कूल के गणेश जी मेडिटेशन हॉल में हुई इस कार्यशाला में आर्ट ऑफलिविंग की ट्रेनर और संरक्षक मंजू चौधरी अग्रवाल ने बच्चो को मोबाइल से दूर रहने, सुबह जल्दी उठकर गायत्री मंत्र का जाप करने, माता पिता की बात को मानने ओर गर्मियों में परिंडे लगाने का आह्वान किया। इस अवसर पर बच्चों से खेल खेल में प्रतियोगिता कराई। नेक कमाई के कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा ने बताया कि नेक कमाई की ओर से स्कूली बच्चों में आत्मविश्वास और सुसंस्कार विकसित करने की कार्यशालाएं आयोजित की जा रही है। स्कूल चेयरमैन प्रदीप वतराना ने आभार जताया। प्रिंसीपल यश अरोड़ा ने मंजू चौधरी को स्मृति चिन्ह प्रदान किया। कार्यक्रम में शिक्षिका अंशुए निधि, नेहा, सोनम, चिंकी और प्रियांशी आदि थे। मंच संचालन सौरभ कालरा ने किया।

# मैंने बानसूर का हर तरह से विकास किया पर यह कोणा छूट गया : रावत

## देवरानी जेठानी इसी उमंग से नाचती रहें यही मेरी अभिलाषा : रावत

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** विधानसभा क्षेत्र के एकदिवसीय दौरे पर आई राजस्थान की शेरनी और आयरन लेडी के नाम से विख्यात पूर्व मंत्री शकुंतला रावत ने कहा कि मेरे दिलों की अभिलाषा अधिकतर ख़त्म हो गई, सिर्फ एक कोणे का विकास करना मेरी अभिलाषा रह गई। रावत ने कहा कि मेरा सोचना था कि बानसूर विधानसभा क्षेत्र का सम्पूर्ण विकास हो इसके लिए मैंने भरपूर प्रयास किया। जब आपके आशीर्वाद से मुझे शक्ति मिली तो मैंने उसका खुलकर भरपूर इस्तेमाल करते हुए बानसूर में उपजिला अस्पताल खुलवाया। क्षेत्र में होने वाली दुर्घटनाओं से आमजन भयभीत हुए बिना अपने घर रहकर दुर्घटनाग्रस्त मानव का जीवन बचा सके। पहले आपको जयपुर



जाना पड़ता था लेकिन आने वाले समय में आपको जयपुर जाने की जरुरत ही नहीं पड़ेगी। रावत ने कहा कि मैंने शिक्षा, चिकित्सा, सड़क सहित अन्य मदों के लिए कार्य करवाए जो समय आने पर मील का पत्थर साबित होंगे। उन्होंने कहा कि मेरे द्वारा करवाए गए विकास कार्यों में एक कोणा छूट गया जिसको पूरा करने का प्रयास करुँगी उसकी मैं क्षमा चाहती हूँ। पूर्व मंत्री शकुंतला रावत ने विधानसभा क्षेत्र के अनेक गाँवों में विभिन्न समाजों के विवाह -शादी समरोहों में शिरकत की। उन्होंने कहा कि मेरी देवरानी और जेठानी इसी तरह मंगल गीत गाकर हंसती रहें।

# अक्षय तृतीया पर भगवान जगन्नाथ जी के हुआ चंदन का लेप



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ ( राजकुमार गुप्ता )।** कस्बे के जन-जन के आराध्य देव श्री जगन्नाथ जी महाराज को अक्षय तृतीया पर चंदन का लेप कर भगवान जगन्नाथ जी महाराज को नवीन पोशाक धारण कराई गई। मंदिर के महंत एडवोकेट मदनमोहन शास्त्री ने बताया कि मंदिर में अल सुबह से ही भक्तों ने श्री जगन्नाथ जी महाराज, साक्षी गोपाल, राधारानी के दर्शन कर पुण्य लाभ कमाया। उन्होंने बताया कि जो कभी नष्ट ना हो उसे अक्षय कहते हैं। अक्षय तृतीय को अनंत अक्षय फलदायक कहा जाता है। वर्ष में साढे तीन अक्षय मुहूर्त हैं जिसमें प्रमुख स्थान अक्षय तृतीया का है। इस दिन समस्त शुभ कार्यों के अलावा प्रमुख रूप से शादी, स्वर्ण खरीदने, नया सामान, गृह प्रवेश, भूमि पूजन, नया व्यापार प्रारंभ कर सकते हैं। भविष्य पुराण के अनुसार अक्षय तृतीया के दिन सतयुग और त्रेता युग का प्रारंभ हुआ था। भगवान विष्णु के छठे अवतार परशुराम का अवतरण भी अक्षय तृतीया के दिन ही हुआ। ब्रह्मा जी के पुत्र अक्षय कुमार का जन्म भी इस अक्षय तृतीया के दिन ही हुआ था। उन्होंने बताया कि अक्षय तृतीया के अवसर पर ही बद्रीनारायण में भगवान बद्रीनाथ के पट खुलते हैं। साक्षी गोपाल जी के चरण दर्शन करने का जो विशेष महत्व होता है वह आज के दिन ही होता है।

# बेरोजगार युवाओं के लिए निजी क्षेत्र में सुनहरा मौका

## बानसूर में लगेगा 4 मई को विशाल रोजगार मेला

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** विधानसभा क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं के लिए एक अच्छी खबर सामने आई है। बानसूर पंचायत समिति परिसर में आगामी 4 मई 2025वार रविवार को एक विशाल रोजगार मेले का आयोजन होगा।रोजगार मेला प्रात: 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा। जिसका मुख्य उद्देश्य स्थानीय बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करना है। जानकारी देते हुए पंचायत समिति प्रधान सुमन सुभाष यादव ने बताया कि क्षेत्र में बढ़ती बेरोजगारी को लेकर युवा परेशान थे। जिसे मध्यनजर रखते हुए इस रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मेले में एफसीसी क्लच इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और होण्डा कॉम्प्लेक्स टपूकड़ा (भिवाड़ी) जैसी प्रतिष्ठित कम्पनियाँ इस रोजगार मेले में हिस्सा ले रही हैं। इस रोजगार मेले में पात्र बेरोजगार युवाओ के साक्षात्कार लिए जाएंगे और नियुक्ति दी जाएगी।यादव ने बताया कि उक्त कम्पनियों में काम करने के इच्छुक युवाओं के लिए 8 घण्टे की ड्यूटी का समय निर्धारित किया गया है। वहीं चयनित उम्मीदवारों का वेतनमान 15हजार से 16हजार रुपये प्रति माह तक रहेगा। इस रोजगार मेले में कक्षा 10वीं, 12वीं, आईटीआई और स्नातक की योग्यता रखने वाले सभी इच्छुक अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। बेरोजगार युवा अपने सपनों को एक नई उड़ान दे सकते हैं। उन्होंने बताया कि यह क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं के लिए एक बेहतरीन अवसर है। इस अवसर का विधानसभा क्षेत्र के बेरोजगार युवाओ को लाभ उठाना चाहिए।

# किसानों परिवारों को मिले केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ : शेखावत

## कृषि कार्य करते हुई अकाल मौत के चलते राहत राशि की गईं भेंट

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** कृषि उपज मण्डी परिसर गुरुवार को मुख्यमंत्री कृषक साथी योजना को लेकर लाभार्थियों को सहायता राशि वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम दौरान बानसूर के सिंह विधायक देवीसिंह शेखावत ने कुल 13 लाभार्थी किसान परिवारों को सहायता राशि के चैक भेंट किए। बानसूर के सिंह विधायक देवीसिंह शेखावत ने इस मौके पर बताया कि केन्द्र की मोदी सरकार और राज्य की भजनलाल शर्मा सरकार की योजनाओं को प्रत्येक किसान के घर तक पहुँचाने की हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि उपस्थित किसानऔर व्यापारीयों को इसकी जानकारी देनी चाहिए। किसान और व्यापारियों ने यह जानकारी प्रत्येक किसान तक नहीं पहुंचाई तो हम सब उपस्थित भाजपाईयों की जिम्मेदारी है कि केन्द्र और राज्य सरकार की प्रत्येक योजनाओं से उन्हें रूबरू करावें। उन्होंने कहा कि इस दौरान उन्होंने बताया कि खेत खलियान में काम करते समय किसान अकाल का मृत्यु का शिकार हो जाए तो परिवार



को भरण पोषण के लिए उचित मुआवजा भी चाहिए।इस दौरान उन्होंने कृषि मण्डी में अकाल दुर्घटना के शिकार हुए किसान परिवारों के 13लोगों को 12.90 लाख रूपये के सहायता राशि के चैक वितरित किए। वहीं उपस्थित किसानों की समस्याओं को सुनते हुए किसानों की समस्याओं से व्यापारियों को अवगत कराया गया। उन्होंने मण्डी सचिव को किसानों की समस्याएँ भी दूर करने के निर्देश दिए।शेखावत ने कहा कि किसानों को केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ मिले और दुर्घटना बीमा की जानकारी दी जाए। इस मौके पर बानसूर के सिंह विधायक देवीसिंह शेखावत, उपखण्ड अधिकारी अनुराग हरित, व्यापार मण्डल के अध्यक्ष महावीर बालासिया, सब्जी मण्डी अध्यक्ष राजू, कृषि उपजमण्डी सचिव आशीष यादव सहित किसान और व्यापारी उपस्थित रहे।

# भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव पर विशाल मेले का हुआ आयोजन

## बाँटे गए औषधिय खानपान, खुशहाल रहे मजदूर किसान



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** विधानसभा क्षेत्र उपखण्ड नारायणपुर के मानसरोवर जोहड़ में स्थित परशुराम मंदिर में अक्षय तृतीया पर चिरंजीवी भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में सर्व ब्राह्मण समाज वाल क्षेत्र द्वारा विशाल मेले का आयोजन किया गया। मेले में विष्णु के छठे अवतार भगवान श्री परशुराम की मूर्ति का अभिषेक कर भव्य श्रृंगार किया गया। तत्पश्चात अभिजीत मुहूर्त में ककडी, दाल, सत्तू साथ छप्पन भोग का भगवान श्री परशुराम को भोग लगाया गया और मेले का शुभारम्भ किया गया। वही सांयकाल को भक्तजनों ने रामधुनी, भजन, संकीर्तन का आयोजन धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ किया। इस मौके पर भकतों और श्रद्धालुओं ने चिरंजीव भगवान श्री परशुराम के दण्डवत प्रणाम कर अपने घर परिवार और क्षेत्र की खुशहाली के लिए आशीर्वाद माँगा। इसी दौरान नारायण सेवा समिति द्वारा ठण्डे शीतल पेय की प्याऊ भी लगाई गई।

तत्पश्चात ठण्डे तरबूजों का वितरण भी किया गया। इस तरह के आयोजनों से मानव समाज को एकजुट रखने और भारतीयों को अपनी संस्कृति और परम्पराओं से जुड़ने का अवसर भी मिलता है। इस अवसर पर सुनील कुमार शर्मा, मोनू शर्मा, सन्तोष कुमार शर्मा, आलोक शर्मा, तनुज शर्मा, पुजारी महावीर शर्मा, डॉ. प्रकाश गंगावत, राजन शर्मा, चेतन सोनी, महेश जांगिड़, विष्णु शर्मा, मोनू काका, विशाल शर्मा सहित भारी संख्या में श्रद्धालु और ग्रामीण उपस्थित रहे।

# जिला शिक्षा अधिकारी मुरारी लाल हुए सेवानिवृत्त

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ ( राजकुमार गुप्ता )।** उपखंड के समीपवर्ती देवती विद्यालय के प्रधानाचार्य व जिला शिक्षा अधिकारी मुरारी लाल बुधवार को अधिवार्षिकी आयु पूरी कर सुखद सेवा निवृति हुए। इस दौरान पीईईओ परिक्षेत्र कुंडला व देवती विद्यालयों के शिक्षकों द्वारा उनका सम्मान किया गया। इस दौरान उनका रामसिंहपुरा, देवती सहित सभी ग्रामवासियों ने जगह जगह माला व साफा पहनाकर



स्वागत किया। राज्य स्तरीय पुरस्कृत शिक्षक ब्रजमोहन मीना ने बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी मुरारी लाल ने सेवा निवृति के दिन कार्मिकों के कार्य को प्राथमिकता दी। इस अवसर पर रामनरेश गुर्जर, भरत राम गुर्जर, करमचंद मीणा,सरोज मीणा, रामनिवास झालाटाला, सरपंच राजेश कुमार, पूर्व सरपंच मानसिंह मीणा, जिला परिषद सदस्य राजेंद्र कुमार तिवाड़ी, जितेन्द्र कुमार शर्मा, नीलकमल शर्मा, राखी शर्मा, विकास शर्मा, नीतीशा चौधरी सहित शिक्षक उपस्थित रहे।

# जिला कलक्टर ने किया बायोडायवर्सिटी पार्क का निरीक्षण

## पार्क का विस्तार करने हेतु प्रस्ताव बनाने के दिए निर्देश



बढ़ता राजस्थान

**अलवर।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने यूआईटी के अधिकारियों के साथ प्रतापबन्ध के पास बायोडायवर्सिटी पार्क (प्रताप वन) में नगर विकास न्यास द्वारा कराये जा रहे 68 लाख के कार्यो का निरीक्षण किया। जिला कलक्टर ने पेड-पौधे, आई पेन्टिंग, सेल्फी पाईन्ट, योग पार्क, चिन्ड्रन पार्क में जिम झूले, बटरफ्लाई, लोटस पाउण्ड (तालाब) न्यास द्वारा बनाये गये टैऊक एवं नये लगाये गये टॉयलेट्स, टयूबवैल इत्यादि कार्यों का निरीक्षण कर यूआईटी सचिव को निर्देश दिए कि प्रगतिरत विकास कार्यों को गुणवत्ता के साथ 15 जून से पूर्व पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने पर्यटकों की संख्या में बढोतरी हेतु पार्क को विकसित कर ग्रीन पार्क बनाये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिये कि पार्क के सभी झरने चालू स्थिति मे रहें तथा योग दिवस से पूर्व इसे तैयार करे। साथ ही बायोडायवर्सिटी पार्क का विस्तार कराने हेतु प्रस्ताव तैयार करें।

इस दौरान नगर विकास न्यास की सचिव धीगदे स्नेहल नाना, अधीक्षण अभियन्ता तैयब खान, अधिषाषी अभियन्ता कुमार सम्भव अवस्थी, अशोक मदान, सहायक अभियन्ता नरेन्द्र शर्मा, कनिष्ठ अभियन्ता प्रवीण मीणा एवं संवेदक सेतिया उपस्थित रहे।

# भगवान परशुराम जयंती मनाई

**राजगढ़ ( राजकुमार गुप्ता )।** बुधवार को श्री ब्राह्मण समाज राजगढ़ द्वारा परशुराम जयंती ब्राह्मण धर्मशाला में मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान परशुराम जी के छायाचित्र पर



माला व पुष्प चढ़ाकर प्रसाद वितरण किया गया। तत्पश्चात गोविन्द देव जी मंदिर व बावन देव जी के मंदिर पहुँच परशुराम भगवान की प्रतिमा पर पुष्पहार चढ़ा पूजा अर्चना की गई। विदित रहे आज ही के दिन परशुराम भगवान की शोभायात्रा होनी थी लेकिन ब्राह्मण समाज के कर्मठ समाज सेवक मदनलाल शर्मा के निधन हो जाने के चलते शोभायात्रा को स्थगित कर गया। इसलिए बुधवार को समाज के पदाधिकारियों की मौजूदगी में भगवान परशुराम जी की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का समापन किया। इस अवसर पर ओमप्रकाश प्रधान, दिनेश शास्त्री, विपिन भारद्वाज जगदीश शर्मा, जगमोहन शर्मा, राजू भैया, मनमोहन शर्मा, प्रदीप शर्मा, मैनेजर कमलेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान में बस स्टैंड के समीप डब्बो पर की कार्रवाई

## - जांच के लिए पनीर व दही के लिए नमूने

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण जयपुर के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अलवर के निर्देशन में जिले में चलाए जा रहे शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत आज अलवर शहर के बस स्टैंड के पास स्थित ढाबो एवं रेस्टोरेंट पर नमूनीकरण एवं निरीक्षण की कार्रवाई की गईद्य जिसके तहत न्यू महावीर ढाबा एवं एवं श्री महावीर ढाबा बस स्टैंड अलवर से एक एक पनीर एवं एक-एक दही का नमूना जांच हेतु लिया गयाद्य अग्रवाल ढाबा बस स्टैंड अलवर से पनीर का नमूना, बाबा डा पराठा बस स्टैंड अलवर से दही का नमूना, कूल होम रेस्टोरेंट एवं टेस्ट मिनिस्टर रेस्टोरेंट, विजय मंदिर रोड अंबेडकर सर्किल के पास स्थित से एक-एक पनीर का नमूना जांच हेतु लिया गया, शिव पवित्र भोजनालय बस स्टैंड अलवर से दही का नमूना जांच हेतु लिया गया।

# 50 लाख की कलाकृतियाँ बनी मुसीबत

## निंबाहेड़ा में सड़क संकरी, लाइटें बंद, जनता परेशान

निंबाहेड़ा (प्रकाश खत्री)।

नगर परिषद निंबाहेड़ा द्वारा शहर सौंदर्यीकरण के नाम पर करीब 50 लाख रुपये खर्च कर कल्याण पथ मार्ग पर बनाई गई दीवारों की पेंटिंग और लगाई गई लाइटें अब शहरवासियों के लिए परेशानी का कारण बन गई हैं। पहले से 60 फीट चौड़ी सड़क अब मात्र 30 फीट ही रह गई है, जिससे यातायात में खासी दिक्कतें हो रही हैं।

वहीं, सजावटी लाइटें भी कुछ समय बाद बंद हो गई हैं, जिससे सरकारी धन के दुरुपयोग का आरोप नगर परिषद पर लग रहा है।

सूत्रों के अनुसार, यह कार्य नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष सुभाष चंद्र शारदा के कार्यकाल में करवाया गया था। कल्याण चौक से कल्याण पथ तक बनाई गई 36 प्रकार की दीवार पेंटिंग और रोशनी व्यवस्था पर तकरीबन 50 लाख रुपये खर्च किए गए, परन्तु कुछ ही समय में लाइटें बंद हो गईं। इससे पहले भी इन खराब पड़ी लाइटों को लेकर मीडिया में खबरें प्रकाशित हो चुकी हैं, लेकिन परिषद और ठेकेदार द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

इसी प्रकार रिको क्षेत्र में सर्वोदय फैक्ट्री के सामने 16 लाख रुपये की लागत से लगाई गई लाइटें भी बंद पड़ी हैं। यह सवाल खड़ा करता है कि जब रिको क्षेत्र का विकास कार्य खुद रिको करता है, तो नगर परिषद ने किस जरूरत के तहत वहां लाइटें लगवाईं, वो भी ऐसी जगह जहां पहले से उद्योगिक प्रकाश व्यवस्था होनी चाहिए।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह कार्य कुछ खास व्यक्तियों को फायदा पहुँचाने के उद्देश्य से किया गया और यह मामला तकनीकी अधिकारियों, ठेकेदार तथा तत्कालीन नगर अध्यक्ष की मिलीभगत का प्रतीत होता है।

### तकनीकी गारंटी पर सवाल

**प्रश्न यह भी उठता है कि जब निर्माण कार्य की गारंटी अवधि 5 साल होती है, तो लाइटें कुछ ही महीनों में क्यों बंद हो गईं? अगर गुणवत्ता में खामी थी, तो ठेकेदार पर अभी तक कोई पेनल्टी क्यों नहीं लगाई गई? नगर परिषद के सहायक अभियंता रिंकू सिंह ने केवल इतना कहा, ऽमैं दिखवाता हूं किसका ठेका हैऽ, जो पूरे मामले की गंभीरता को और बढ़ाता है।**



**जनता की मांग: जांच हो और कार्यवाही की जाए**–स्थानीय नागरिकों और समाजसेवियों ने मांग की है कि इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच हो और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही ठेकेदार को पाबंद कर बंद पड़ी लाइटों को स्थायी रूप से दुरुस्त कराया जाए।

### इनका कहना है -

**मे दिखवाता हूं किसका ठेका है।**
**रिंकू सिंह ,**
**सहायक अभियंता नगर परिषद, निम्बाहेड़ा**

## राजस्थान शिक्षा विभाग की वेबसाइट हैक होने की खबर से मचा हंडकम्प

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** राजस्थान शिक्षा विभाग की वेबसाइट हैक होने की जानकारी सामने आने के बाद शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने मीडिया से रूबरू होते हुए विभाग की ओर से आवश्यक जरूरी कदम उठाने और तैयारी के बारे में जानकारी दी ज्ञात रहे की मंगलवार के दिन ही शिक्षा विभाग की वेबसाइट पर पाकिस्तानी हैकर द्वारा अटैक किया गया था और अगला युद्ध गोलियों से नहीं तकनीक का बताते हुए मैसेज फ्लैश किए गए थे इसके बाद शिक्षा विभाग ने अधिसूचना जारी करके वेबसाइट का एक होना स्वीकार किया था कोटा प्रवास पर आए शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने इंडिया के माध्यम से अस्वस्थ करते हुए कहा है कि सरकार पूरी तैयारी में है हमारे इंजीनियर और अधिकारियों को हर स्थिति से निपटने के लिए कहा गया है। हालांकि अभी तक चोरी होने की कोई जानकारी शामिल नहीं है लेकिन स्थिति की गंभीरता को देखते हुए हर तरीके से जांच की जा रही है सुरक्षा एजेंसी को भी अवगत कराया दिया गया है।

## वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम के तहत दी बैंकिंग योजना की जानकारी



बढ़ता राजस्थान

**नैनवां ( टी.आर सैनी )।** उपखंड क्षेत्र के समीधी ग्रांम मे रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया व बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा संचालित क्रिसील फाउंडेशन के मनीवाइज वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत सेंटर मैनेजर दिनेश कुमार जैन ने अटल सेवा केंद्र में उपस्थित ग्रामीण महिलाओं और पुरुषों को वितिय साक्षरता व पेंशन योजना व प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के बारे में भी ग्रांमीण महिला पुरुषों को बीमा कराने हेतु प्रोत्साहित किया गया ।एरिया मैनेजर कैलाश प्रजापत द्वाराअटल पेंशन योजना की जानकारी व साइबर फ्रॉड से बचने हेतु विस्तार से बताया गया। व डिजिटल बैंकिंग व विभिन्न सरकारी एवं बैंकिंग योजना की जानकारी दी गई। भारतीय रिजर्व बैंक की सहायक प्रबंधक मृदुला माहेश्वरी ने ग्रामीणों और सरपंच द्वारा बताई गई बैंकिंग संबंधी समस्याओं को सुना और उनके समाधान के लिए आश्वासन दिया। इसके साथ ही उपस्थित सभी ग्रामीणों को वित्तीय बचत के बारे में भी जागरूक किया गया जिससे की वे अपना व अपने परिवार का भविष्य सुरक्षित कर सके स्थानीय ग्रामीणो ने वित्तीय साक्षरता केंद्र आभार व्यक्त किया। स्थानीय पंचायत के उक्त कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि आशाराम मीणा, शरीफ मोहम्मद, नरेगा मेट शैतान मीणा, ई मित्र संचालक नरेश मीणा, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के प्रबंधक,विद्यालय और बैंक बीसी दीपक शर्मा एवं, सामाजिक कार्यकर्ता व अन्य ग्रामीण कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विवेक राजवंशी ने अपने जन्मदिवस पर देहदान का संकल्प लिया

बढ़ता राजस्थान



**कोटा।** दक्षिण नगर निगम नेता प्रतिपक्ष विवेक राजवंशी ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर एक विशेष संकल्प लिया है। उन्होंने देहदान करने का निर्णय लिया है, जो उनके जीवन के मूल्यों और समाज के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। विवेक राजवंशी ने कहा, मेरा जन्मदिवस मेरे लिए एक अवसर है कि, मैं अपने जीवन के उद्देश्यों और मूल्यों पर विचार करूं। देहदान करने का मेरा निर्णय मेरे इस विश्वास को दर्शाता है कि, हमें समाज के लिए कुछ अच्छा करना चाहिए और दूसरों की जिंदगी में सकारात्मक परिवर्तन लाना चाहिए। विवेक राजवंशी के इस निर्णय से समाज में देहदान के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और लोगों को इसके महत्व के बारे में पता चलेगा। हमें उम्मीद है कि,उनके इस निर्णय से अन्य लोग भी प्रेरित होंगे और देहदान के लिए आगे आएंगे। इस अवसर पर, विवेक राजवंशी ने समाज के लोगों से अपील की है कि, वे देहदान के महत्व को समझें और इसके लिए आगे आएं। उन्होंने कहा कि देहदान करने से हम चिकित्सा विज्ञान की प्रगति में योगदान कर सकते हैं और असाध्याय बीमारियों का उपयुक्त इलाज पा सकते हैं।

## कोचिंग सिटी मे अब नही होगी अघोषित बिजली कटौती

### 33 करोड़ से132 केवी जीएसएस व केपेसेटर बैंक की सौगात

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर के निर्देश पर नए कोटा को 132 केवी जीएसएस की सौगात मिली। नए कोटा क्षेत्र में लोड बढ़ने पर बिजली की ट्रिपिंग की समस्या के चलते क्षेत्रीय विधायक संदीप शर्मा नए जीएसएस की स्वीकृति के लिए प्रयासरत थे। उनके आग्रह पर ऊर्जा मंत्री ने सर्वे के आदेश दिए थे। जिसके बाद सुभाषनगर में नया 132/33 केवी सब स्टेशन बनाने के लिए 33 करोड़ रुपए से अधिक की वित्तीय स्वीकृति जारी कर दी गई है।

विधायक संदीप शर्मा ने बताया कि नए कोटा क्षैत्र में भीषण गर्मी और विवाह आदि के कारण से लोड बढ़ जाता था। विद्युत लाइन की कम क्षमता इस बढ़े हुए लोड को सहन नहीं कर पा रही थी। ऐसे में क्षेत्र वासियों को अघोषित विद्युत कटौती का सामना करना पड़ रहा था। इससे निजात दिलाने के लिए ऊर्जा मंत्री से आग्रह किया था। इसके बाद 33 करोड़ की लागत से सुभाष नगर कोटा में 132/33 केवी जीएसएस की घोषणा हुई है। जिसकी प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी हो चुकी है। नए प्रस्तावित सुभाष नगर जीएसएस से केईडीएल द्वारा 50 मेगावाट के लोड की शिफ्टिंग होगी। जिससे आरकेपुरम, आरआईएमडीसी, मुकुंदरा विहार, कर्णेश्वर एवं नए कोटा के अन्य क्षेत्रों को निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। इसके बनने से महावीर नगर जीएसएस व इंडस्ट्रियल एरिया जीएसएस को भी लोड से राहत मिलेगी। इस जीएसएस के वोल्टेज को मेंटेन करने के लिए केपेसेटर बैंक बनेगा। सकतपुरा और रानपुर से लाइन शिफ्टिंग होगी। जीएसएस का निर्माण दिसंबर 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है।

## दो कमरों के विद्यालय में 12 वीं तक की क्लास हो रही संचालित

### शिक्षा विभाग का नया कारनामा आया सामने, विद्यालय भवन हो रहा जर्जर

### उपखंड क्षेत्र की सखावदा ग्राम पंचायत के गांव भांड ग्वार का मामला

बढ़ता राजस्थान



**लाखेरी ( विश्वनाथ शर्मा )** । उपखंड क्षेत्र की सखावदा ग्राम पंचायत के गांव भांड ग्वार के सरकारी विद्यालय में दो कमरों में 12 तक की क्लासें संचालित हों रही है। ताज्जुब की बात तो यह है कि इस विद्यालय का भवन पूरी तरह से जर्जर अवस्था में होने के बावजूद भी शिक्षा विभाग ने इस विद्यालय को क्रमोन्नत कर इसे 12 क्लास तक की मान्यता दे दी। इस भवन की जर्जरता की शिकायत विद्यालय की प्रधानाध्यापिका द्वारा कई बार शिक्षा विभाग तथा जिला कलेक्टर को लिखित में देने के बावजूद सिर्फ आश्वाशन के अलावा कुछ हासिल नहीं होता। वर्तमान में विद्यालय जीर्णशीर्ण स्थिति में है तथा कभी भी ढह सकता है। विद्यालय का परिसर भी बहुत छोटा होने के चलते विद्यालय के छात्र छात्राओं को बैठने तथा खेल कूद में भी परेशानी आ रही है।

### विद्यालय परिसर संचालित है आंगनबाड़ी

माध्यमिक विद्यालय होने के चलते तथा भवन की जीर्णशीर्ण स्थिति के कारण पहले से ही विद्यालय भवन छोटा पड़ता है उस पर इस विद्यालय परिसर में आंगनबाड़ी का सेंटर भी संचालित है। जिस कारण विद्यालय में आने वाले छात्र छात्राओं को कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

### विद्यालय भवन हेतु नई भूमि हुईं आवंटित -

विद्यालय की प्रधानाध्यापिका द्वारा बार बार शिकायत करने पर शिक्षा विभाग द्वारा विद्यालय निर्माण हेतु अन्य जगह पर भूमि आवंटित की गई है। सोमवार को बूंदी समग्र शिक्षा विभाग के सहायक अभियंता अशोक उपाध्याय ने मौके पर जाकर विद्यालय भवन तथा प्रस्तावित भूमि का निरीक्षण किया जिसमें सहायक अभियंता उपाध्यक्ष ने उक्त प्रस्तावित भूमि को विद्यालय हेतु अनुपयुक्त बताते हुए उक्त भूमि को निरस्त कर दिया। उपाध्याय ने बताया कि उक्त भूमि डूब क्षेत्र में हर अत: वह पर बनने वाले विद्यालय भवन दुबारा से बैठक लेने कि संभावना अधिक है।

विद्यालय की प्रधानाध्यापिका हेमलता ने बताया कि विद्यालय भवन पूरी तरह से जीर्ण शीर्ष अवस्था में है तथा विद्यालय में सिर्फ दो ही कमरे थोड़ी अच्छी स्थिति में है। विद्यालय के सामान तथा रिकॉर्ड रखने हेतु अलग से कमरे की व्यवस्था नहीं है, पिछले चार सालों से विद्यालय की स्थिति के बारे में उच्चाधिकारियों सहित जिला कलेक्टर तथा उपखंड अधिकारी को सूचना देने के बावजूद आश्वाशन के अलावा कुछ नहीं मिल रहा, विद्यालय में वर्तमान में 12 वीं तक की क्लास संचालित है जिसमें कुल 182 नामांकन दर्ज है, विद्यालय का भवन कभी भी जमींजोद हो सकता है, हमेशा डर बना हुआ है, बच्चों को बैठने तथा पढ़ाने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, बच्चे चिलचिलाती धूप तथा बारिश में खुले आसमान के तले बैठकर पढ़ने को मजबूर हो रहे है।

## आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में आनंदम 2025 प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया



बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा।** मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी महेश गागोरिया, कार्यक्रम अध्यक्ष राधेश्याम गुप्ता, समाजसेवी विशिष्ट अतिथि राम रतन गुप्ता एवं घनश्याम गुप्ता रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सम्मानित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन करके किया गया अतिथि परिचय संस्था के प्रधानाचार्य मुकेश वैष्णव द्वारा कराया गया, विद्यालय में प्रथम एवं द्वितीय रहे भैया बहिनों को प्रतीक चिन्ह देकर अध्यक्ष राधे श्याम गुप्ता द्वारा सम्मानित किया गया और सर्वोच्च परिणाम देने वाले भैया बहनों को बधाई दी एवं संस्कारों को जीवन पर्यंत जीवन में अपनाने की बात कही गई विद्यालय की सह शैक्षिक गतिविधियों में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी महेश गागोरिया द्वारा किया गया उन्होंने बताया कि विद्या भारती शिक्षा के साथ-साथ अन्य जो अपने आयाम लेकर चल रही है यह देश में सर्वोपरि संस्था है। विद्यालय के आचार्यो के लिए हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं का पुरस्कार वितरण कार्यक्रम विशिष्ट अतिथि राम रतन गुप्ता, घनश्याम गुप्ता द्वारा किया गया। विद्यालय के सह सचिव ओम प्रकाश भाबीं द्वारा बताया गया कि हमें अंकों के पीछे नहींभागना चाहिए हमें हर परिस्थिति में सामना करके देश के उत्थान और सेवा के लिए कार्य करना चाहिए। विद्यालय प्रबंध समिति कोषाध्यक्ष महावीर प्रसाद चौधरी द्वारा आभार व्यक्त किया गया। मंच संचालन विद्यालय की आचार्या प्रीति मिश्रा द्वारा किया गया।

## युवाओं के हाथ में दुबारा पत्थर थमाने की साजिश थी पर्यटको पर हमला: मुस्लिम राष्ट्रीय मंच

### पड़ोसी देशो को भाईचारे का असली सबक सिखाती हिंदुओ परिपक्वता

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** पिछले दिनों पहलगाम में दुर्दांत आंतकी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों को न्याय दिलवाने की मांग को लेकर मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के प्रदेश सह संयोजक इरशाद अली के नेतृत्व में एडीएम मुकेश चौधरी को गृह मंत्री अमित शाह के नाम ज्ञापन दिया गया।



इस अवसर पर इरशाद अली ने कहा कि नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से 370 हटाने के साथ ही कश्मीर में जो विकास हुआ, दुनियाभर से जो निवेश आया और आतंक पर लगाम लगाकर पर्यटकों के लिए रास्ता साफ किया गया उससे कश्मीरी अर्थव्यवस्था को नई गति मिली है। पहले आतंकियों के लिए कश्मीर के बेरोजगार युवाओं को बरगलाना आसान था लेकिन अब उन्हें स्थानीय समर्थन नहीं मिल पा रहा है। इसके चलते आतंकियों के पाकिस्तानी आका परेशान है और वे दुबारा कश्मीरी युवाओं के हाथों में पत्थर थमाना चाहते हैं। पुलवामा में हमला करके पर्यटन को खत्म करना इसी साजिश का हिस्सा है।

उन्होंने कहा कि कश्मीर में पर्यटकों से होने वाले आमदनी काफी बढ़ी है। 2 साल पहले कश्मीर में पर्यटकों की संख्या 22-25 लाख थी जो पिछले वर्ष लगभग 10 गुना की बढ़ोतरी के साथ 1.5 करोड़ हो गई। आमतौर पर मई और जून में पर्यटक से आबाद होने वाला कश्मीर इसी साल ज्यादा गर्मी होने से अप्रैल में ही गुलजार हो गया और इस वर्ष कश्मीर का टूरिज्म बढकर 2 करोड़ होने की उम्मीद थी। इन सबके कारण स्थानीय लोगों को अच्छी आमदनी हो रही है, 40 हजार महीने कमाने वाला कश्मीरी क्यों 5 हजार के लिए पत्थर फैंकेगा और क्यों आतंकियों को बॉर्डर क्रॉस करवाएगा। अब पाकिस्तान को ऐसे लोग नहीं मिल रहे हैं उन आतंकियों को बॉर्डर क्रॉस करवा सके। पाकिस्तान को यह बात नागवार गुजरी और इसीलिए उसने नापाक तरीके से पुलगांम हमला करवाया जिससे भारत मे हिन्दू-मुस्लिम फसाद पैदा हो और कश्मीर का पर्यटन खत्म कर बेरोजगार युवाओं के हाथों में वापस पत्थर और बंदूकें थमा सके।

## मंत्री मदन दिलावर ने किया दुर्गपुरा ग्राम पंचायत का निरीक्षण

### सरपंच सहित ग्राम विकास अधिकारी, स्वच्छता प्रभारी पर कार्यवाही के निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**कोटा।** शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने दुर्गपुरा ग्राम पंचायत सरपंच लीला बाई, ग्राम विकास अधिकारी महफूज खान व स्वच्छता प्रभारी चंद्रवीर पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए है तथा खंड विकास अधिकारी महेश कुमार को 16 सी सी का नोटिस जारी करने के निर्देश दिए है। जन अभाव अभियोग निराकरण समिति के पूर्व अध्यक्ष सत्यनारायण गुप्ता की दिवंगत पुत्री को श्रद्धांजलि देने झालावाड़ पहुंचे शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने कोटा लौटते समय अचानक झालरापाटन पंचायत समिति की दुर्गपुरा ग्राम पंचायत का निरीक्षण किया। दिलावर के साथ जिला परिषद झालावाड़ के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शंभू दयाल मीणा, खंड विकास अधिकारी महेश कुमार भी मौजूद थे।



शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर को गांव की सड़कों पर घूमता देखा ग्रामीण इकट्ठे हो गए और मंत्री को सरपंच के खिलाफ शिकायत करने लगे। मंत्री दिलावर ने इस पर ग्राम विकास अधिकारी महफूज खान को मौके पर बुलाया और ग्रामीणों की शिकायत के बारे में सवाल किया। ग्राम विकास अधिकारी ने कहा की रोज सफाई करवा रहा हूं। इस पर मंत्री दिलावर नाराज हो गए बोला मैं खुद मौके पर हूं और अपनी आंखों से ही गंदगी देख रहा हूं और तुम मुझसे ही झूठ बोल रहे हो। ग्रामीणों ने बताया कि कोई भी सफाई करने पंचायत की तरफ से नहीं आता है। इस पर पंचायती राज मंत्री श्री दिलावर ने मौके पर ही उपस्थित जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शंभू दयाल मीणा को दुर्गपुरा ग्राम पंचायत की सरपंच लीलाबाई ग्राम, विकास अधिकारी महफूज खान तथा स्वच्छता प्रभारी चंद्रवीर के विरुद्ध तुरंत नियमानुसार कार्यवाही के आदेश दिए तथा खंड विकास अधिकारी महेश कुमार को 16 सी सी का नोटिस देने के आदेश दिए।

इसके बाद मंत्री का काफिला सलोतिया ग्राम पंचायत पहुंचा जहां झरनिया गांव का निरीक्षण किया। नालिया जाम और रस्ते पर कचरे का ढेर देख कर मंत्री नाराज़ हुए। सरपंच ओंकार लाल बंजारा को बुला कर मंत्री ने चेतावनी दी कि तीन दिन में पूरी पंचायत की सफाई कराओ। वरना कार्यवाही करूंगा। इसके बाद मंत्री ने सालोंतिया गांव का भी निरीक्षण किया। ग्रामीणों द्वारा पीने के पानी की शिकायत करने पर जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता से बात कर जलापूर्ति के निर्देश दिए।

महिलाओं ने मंत्री को शिकायत की कि गांव के आसपास 15 दुकानें अवैध शराब की दुकान चलती है। इस पर मंत्री ने मौके पर ही उपस्थित उपाधीक्षक हर्ष राज सिंह को शराब की अवैध दुकानें बंद करने के निर्देश दिए। नरेगा में काम की मांग पर मंत्री दिलावर ने 10 दिवस में नरेगा के काम शुरू करने के निर्देश मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद को दिए।

### बांसी सीएचसी लेब कार्मिक पर प्राईवेट जॉच का आरोप

## बीसीएमओ ने शिकायत पर नियुक्त की जॉच टीम

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां ( टी.आर सैनी)।** बांसी सीएचसी में कार्यरत एक लैब टेक्नीशियन द्वारा मरीजो की जॉचे अपनी नीजी लेब पर किया जाने का दबाव बनाये जाने का मामला सामने आया है। त्रिलोक स्वामी निवासी बांसी ने इसकी शिकायत मुख्य ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ एल.पी नागर से की है। उन्होने शिकायत में बताया कि 22 अप्रेल को सवेरे 9 बजे उसकी पत्नि ज्योति को हो रही शारीरिक कमजोरी को लेकर सीएचसी में दिखाने गया था। वहां कार्यरत चिकित्सक अशोक कुमावत ने सीबीसी जॉच के लिए लिखा गया। वह जॉच कक्ष में जॉच करवाने पहुँचा तो वहां कार्यरत लैब टेक्नीशियन ने एक घंटे में जॉच करके दिया जाने की बात कही गई।

लेकिन एक घंटे के बाद भी उसने जॉच रिर्पोट नहीं दी। जल्दी जॉच करवाने के लिए बाहर प्राईवेट जॉच करवाने के लिए कहा गया। जब उसने सरकारी लेब में ही जॉच करने की बात कही तो उसने जॉच के लिखी गई पर्ची को फाड़ दिया।

शिकायतकर्ता का आरोप है,कि लैब टैक्नीशियन द्वारा ही बाहर प्राईवेट जॉच के लिए लेब खोल रखी है। मामले की जानकारी ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ एल.पी नागर से लेने पर बताया कि उसने जॉच टीम का गठन किया गया है। जॉच उपरान्त नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

## सीएमएचओ ने किया चिकित्सा संस्थानों का किया निरीक्षण, लू ताप घात से बचाव की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

### निजी अस्पतालों पर भी की छापामार कार्यवाही

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** भीषण गर्मी के दौर में आमजन को लू तापघात से बचाव हेतु चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग गंभीर है। आमजन को लू तापघात से बचाव के लिए जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी के निर्देशानुसार एडवाइजरी जारी की जा रही है। साथ ही चिकित्सा संस्थानों पर भी उपचार हेतु माकूल व्यवस्था की गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा ने बुधवार को इस संबंध में जिले के विभिन्न चिकित्सा संस्थानों का औचक निरीक्षण कर चिकित्सा संस्थानों पर लू ताप घात से बचाव की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सीएमएचओ डॉ. मीणा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कंचनपुर, सैंपऊ, बसई नवाब, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खानपुर का निरीक्षण किया। इस दौरान सभी चिकित्सा संस्थानों पर हीटवेव एवं मौसमी बीमारियों से बचाव एवं उपचार की व्यवस्थाओ की समीक्षा की गई तथा आई एच आई पी पोर्टल पर नियमित रिपोर्टिंग करने हेतु निर्देशित किया। अस्पतालों में कूलर, पंखे, एसी, पीने का पानी, वाटर कूलर आदि क्रियाशील मिले। चिकित्सा संस्थानों पर सभी व्यवस्थाए माकूल पाई गई। सीएचसी सैंपऊ पर सफाई व्यवस्था ठीक नहीं पाई गई इसके लिए चिकित्सा अधिकारी प्रभारी को दिशा निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ डॉ.मीणा द्वारा इस दौरान झोलाछाप चिकित्सकों एवं अंकुश लगाने के हेतु छापामार कार्रवाई की गई। साथ ही निजी नर्सिंग होम के भी निरीक्षण किए गए। इस दौरान उन्होंने रहना वाली क्लीनिक एवं होम केयर मरैना, प्रकाश हॉस्पिटल राजाखेड़ा, सुप्रिया नर्सिंग होम राजाखेड़ा, चौहान क्लिनिक कंचनपुर तथा गोपाल प्रसाद माहौर, चाँदसी क्लीनिक बसई नवाब का निरीक्षण किया अनियमितता पाए जाने पर सभी को नोटिस जारी



कर तीन दिवस में क्लीनिक संचालन एवं योग्यता संबंधी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि तीन दिवस में जवाब संतोषप्रद न मिलने पर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जावेगी। निरीक्षण के दौरान एपिडेमोलॉजिस्ट अखिलेश गर्ग सहित अन्य साथ रहे।

### सर्राफा व्यापारी से हुई लूट और जानलेवा हमले का मामला

# दो दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली, चार एसएचओ सीओ के नेतृत्व में कर रहे जांच

## हथियारों के बल पर दो बदमाश व्यापारी से छीन ले गए साठ लाख का माल

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र के रेलवे फाटक पर सोमवार की रात 8 बजे दुकान बंद कर घर जा रहे एक सर्राफा व्यापारी से लूट की वारदात हुई थी। जिसमें व्यापारी द्वारा अपना गहनों और नगदी से भरे थैले को नहीं छोड़ने पर बदमाशों ने गोली मार दी और थैले को जबरन छीनकर फरार हो गए।

रेलवे फाटक पर हुई यह पूरी घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद हुई है। जिसमें दो बदमाश घटना को अंजाम दे रहे हैं। ऐसे में गोली लगने से घायल व्यापारी को ग्वालियर उपचार के लिए भर्ती किया गया है। वही मामले में व्यापारी के पर्चा बयान के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए एडिशनल एसपी कमल कुमार जागिड़ के सुपरविजन में ने मामले की जांच बाड़ी सीओ महेंद्र कुमार को सौपी है। चार थानाधिकारियों के साथ अलग-अलग टीमों का गठन किया है। जो बदमाशों की तलाश में जुटी है।

एडिशनल एसपी कमल कुमार जागिड़ ने बताया कि घटना के बाद घायल व्यापारी की पर्चा बयान के आधार पर मामला दर्ज किया है।

व्यापारी द्वारा थैले में रखी नगदी और सोने-चांदी के गहनों के साथ करीब साठ लाख रुपए के माल का चोरी होना बताया गया है। घटना के बाद बाड़ी सीओ महेंद्र कुमार को मामले की जांच दी है। चार




थाने कोतवाली एसएचओ, सदर एसएचओ, कंचनपुर एसएचओ और बसेड़ी एसएचओ को मामले की जांच में लगाया है। जल्द ही सीसीटीवी फुटेज में मिले संदिग्ध के लिए और लगातार मिल रहे इनपुट के आधार पर पुलिस बदमाशों को गिरफ्तार करेगी और मामले का खुलासा किया जाएगा।

## प्रभात फेरी से शुरू हुआ परशुराम जयंती उत्सव हवन- शस्त्र पूजा, महाभिषेक के साथ महाआरती

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** नगर पालिका क्षेत्र सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भगवान परशुराम जयंती का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रभात फेरी से हुई। समाज के लोगों ने कस्बे के विभिन्न मार्गों भुसावर कस्बे और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भगवान परशुराम जयंती का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रभात फेरी से हुई। समाज के लोगों ने कस्बे के विभिन्न मार्गों पर रामधुन गाते हुए यात्रा निकाली। भुसावर कस्बे और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भगवान परशुराम जयंती का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रभात फेरी से हुई। समाज के लोगों ने कस्बे के विभिन्न मार्गों पर रामधुन गाते हुए यात्रा निकाली।

पार वाले हनुमान जी महाराज मंदिर स्थित भगवान परशुराम मंदिर पर भी विशेष आयोजन हुआ। भक्तों ने भगवान का महाभिषेक किया और महाआरती की। हवन से पहले भगवान परशुराम जी के साथ शस्त्रों का विधिवत पूजन किया गया। बरपाड़ा स्थित ब्राह्मण धर्मशाला पर अध्यक्ष विभिन्न विप्र एवं बाल अखाड़ा के संचालक साहित्य अनेक लोगों ने यज्ञ में पूर्णाहुतियां दी।

कार्यक्रम में युवाओं ने पटेबाजी का प्रदर्शन किया। साथ ही बुजुर्गों का सम्मान भी किया गया। समाज के गणमान्य नागरिकों और युवाओं ने भगवान के जयकारे लगाए, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर समाज की एकजुटता का संदेश भी दिया गया।

## झूठ ऐसा आवरण है जो सच्चाई को ढकने की कोशिश करता है

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** हमें अपने सभी कार्यों में सत्यनिष्ठ रहना चाहिए। झूठ एक ऐसा आवरण है जो सच्चाई को ढकने की कोशिश करता है, लेकिन समय के साथ सत्य की आग में झूठ का आवरण जल जाता है।

सत्य से आत्मविश्वास पैदा होता है। ईमानदारी से किए गए कार्यों से सच्ची और लम्बी चलने वाली सफलता मिलती है। ईमानदार व्यक्ति समाज में इज्जत पाता है और देश और समाज को सही दिशा प्रदान करता है, इसलिए ईमानदारी को सर्वश्रेष्ठ नीति कहा गया है। ईमानदारी सर्वदा प्रशंसनीय है। यह कहना है कृषि महाविद्यालय भुसावर के डींन डॉ. उदय भान सिंह का, डॉक्टर सिंह राष्ट्रीय ईमानदारी दिवस के उपलक्ष में आयोजित विचार गोष्ठी मेंअपना मत व्यक्त कर रहे थे विचार गोष्ठी को डॉक्टर राहुल कुमार सहित अन्य वक्ताओं ने संबोधित करते हुए कहा कि कुछ लोगों को झूठ बोलने की आदत हो जाती है और वे बिना मतलब के झूठ बोलते है, उन्हे झूठ बोलकर अफवाह फैलाने में आनन्द आता है। सत्य से बढ़ कर कोई नही है तथा झूठ सबसे बडा पाप है। हमें बच्चों सामने कभी झूठ नहीं बोलना चाहिए। इस अवसर पर डॉ. बी.एल. जाखड, भानूप्रिया पंकज सहित समस्त महाविद्यालय स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित थे।

## ग्राम पंचायत आंगई में रात्रि चौपाल का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर।** ग्राम पंचायत आंगई में रात्रि चौपाल का आयोजन किया जाएगा। अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना ने बताया कि जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में 1 मई को ग्राम पंचायत आंगई उपखण्ड सरमथुरा में सायं 6 बजे से रात्रि चौपाल का आयोजन किया जाएगा।

## ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर।** त्रि-स्तरीय जनसुनवाई एवं परिवेदनाओं के निस्तारण के संबंध में ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन 1 मई को प्रात: 11 बजे से किया जायेगा। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी द्वारा ग्राम पंचायत बरौली सरमथुरा की जनसुनवाई में भाग लिया जायेगा।

## जोधपुर में नकली नोट की गैंग 500-500 की गड्डियां मिलीं

**जोधपुर।** जोधपुर में नकली नोट छापने वाली गैंग का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। आरोपियों के पास 7.50 लाख की फेक करेंसी भी मिली है। बदमाशों ने किराए के कमरे में नोट छापने का पूरा सेटअप तैयार कर रखा था। जोधपुर पुलिस ने मंडोर कृषि उपज मंडी में कार्रवाई की। नकली नोटों के साथ नागौर के रहने वाले दो बदमाशों को हिरासत में लिया है। डीसीपी आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि गैंग की एक्टिवटी पर लंबे समय से नजर रखी जा रही थी। मौका देखकर मंगलवार को दबिश दी गई। नकली नोटों को बेचने की कीमत फिक्स : पुलिस अधिकारियों के अनुसार आरोपियों ने मंडी की एक दुकान के ऊपर ही ठिकाना बना रखा था। अंदेशा है कि वे बड़े व्यापारियों को नकली नोट खपाने का प्रयास करते थे। गैंग 2 लाख रुपए के बदले में 500-500 के 10 लाख के जाली नोट देती थी। मंगलवार को छापेमारी में आरोपियों के पास फेक करेंसी के अलावा कलर प्रिंटर, स्कैनर, कटर, पेपर के पैकेट, कंप्यूटर सिस्टम बरामद किए हैं। पुलिस टीम ने यहां से 2 बदमाशों को हिरासत में लिया।

## अनाथ बेटी शिवानी कुमारी का संपन्न हुआ शुभ विवाह, गांव में छाया खुशियों का माहौल

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** करीब 25 वर्ष पूर्व बसेड़ी के फूले का पूरा से आकर बसे स्वर्गीय प्रेम सिंह जाटव का परिवार गांव की उम्मीद और जज्बे की मिसाल बन गया। जीवन की तमाम कठिनाइयों के बीच उनकी पौत्री शिवानी कुमारी का शुभ विवाह आज संपन्न हुआ।

स्वर्गीय प्रेम सिंह जाटव की असमय मृत्यु के बाद, उनकी पत्नी भी एक बच्ची को साथ लेकर चली गई थी, पीछे रह गईं दो मासूम बच्चियां। इन बच्चियों का पालन-पोषण प्रेम सिंह की माता गयासो देवी ने अत्यंत कठिन परिस्थितियों में किया। शिक्षा की मशाल 'हर घर शिक्षा-खानपुर मीना केंद्र' से इन बच्चियों ने ज्ञान प्राप्त किया और जीवन की हर कठिनाई के सामने कभी हार नहीं मानी।

आज उन्हीं में से एक बेटी, शिवानी कुमारी, विवाह योग्य आयु में पहुंची। गयासो देवी ने जैसे-तैसे उसकी सगाई कराई और आज 29 अप्रैल को गांव में



उसकी शादी धूमधाम से सम्पन्न हुई। इस पुनीत अवसर पर जागृति महिला मंडल एवं इच्छापूर्ति फाउंडेशन ने शिवानी कुमारी के आंगन में भारतीय संस्कृति के अनुसार हल्दी पूजन एवं कन्या पूजन कर कन्यादान किया। साथ ही उपहार भेंट कर इस सुखद घड़ी को और भी यादगार बना दिया।

गांव में खुशी का माहौल देखते ही बनता था। जागृति महिला मंडल एवं इच्छापूर्ति फाउंडेशन के सदस्यों ने खुशी से झूमकर नृत्य किया। गांववासियों एवं रिश्तेदारों की आंखों से भी खुशी के आंसू छलक उठे।

इस अवसर पर इच्छापूर्ति फाउंडेशन के फाउंडर रामकुमार चौधरी, अर्चना बंसल, विदित चौधरी, गौ सेवा संघ से शिवम भारद्वाज, विवेक शिवहरे, घर-घर शिक्षा टीम से रोहित मीणा तथा जागृति महिला मंडल से श्रीमती रजनी सिंघल, गीता गर्ग, कृष्णा जिंदल, सुनीता बंसल, अनीता अवस्थी, सीमा मित्तल, सोनम बंसल, राधा मित्तल, राजकुमारी बिंदल, मनोरमा मित्तल, सुमन बंसल, सुषमा पहाड़िया, शीला मीना, राशि अग्रवाल, अर्चना सिंघल सहित अनेक गणमान्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

## हज यात्रा पर रवाना होने से पूर्व मंसूर खान का भव्य स्वागत

### स्थानीय नागरिकों ने दीं शुभकामनाएं, सामाजिक सौहार्द का मिला संदेश



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के बड़ा किला निवासी एवं सेवानिवृत्त जिला उद्योग अधिकारी मंसूर खान और उनकी धर्मपत्नी सलमा बेगम इस वर्ष 2025 की हज यात्रा पर जा रहे हैं। इस अवसर पर उनके निवास स्थान पर एक आत्मीय व गरिमामय विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, परिजन, मित्रगण और समाजसेवी उपस्थित रहे।

हज यात्रा पर रवाना होने से पूर्व उपस्थित लोगों ने मंसूर खान व उनकी पत्नी का मिठाई खिलाकर, गुलाब की मालाएं पहनाकर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानपूर्वक स्वागत किया। कार्यक्रम में सभी ने देश में अमन, भाईचारा और खुशहाली की दुआएं कीं।

इस अवसर को सामाजिक एकता और धार्मिक सौहार्द का प्रतीक बताते हुए लोगों ने हज यात्रा को न केवल एक व्यक्तिगत धार्मिक उपलब्धि बताया बल्कि समाज के लिए ज़रूरी बताया।

स्वागत करने वालों में हाजी हाशिम खान, फजलू खान, फैयाज खान, मलिक जावेद खान, मुकेश सिंघल अग्रोहा, मुन्ना तरीन, संसार खान, मुन्ना लाल मंगल, परवेज खान, सुनील गर्ग कम्पनी परिवार, यासीन शाह, फरीद, पत्रकार मलिक इमरान खान, भगवती मित्तल सहित कई प्रमुख समाजसेवी मौजूद रहे।

मंसूर खान के पुत्र महबूब खान, शानू, मोनू, आदिल और डॉ. साहिल सहित परिवार के अन्य सदस्यों ने सभी आगंतुकों का हृदय से आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि आप सभी के स्नेह और आशीर्वाद ने इस अवसर को यादगार बना दिया। यह आयोजन आपसी प्रेम, सौहार्द और धार्मिक भावनाओं की सराहना का उदाहरण बन गया, जिसे सभी ने एक सकारात्मक सामाजिक संदेश के रूप में सराहा।

## जयपुर के रामलीला मैदान में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष - नेताप्रतिपक्ष

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** राज्यसभा मल्लिकार्जन खड़गे के नेतृत्व में आयोजित संविधान बचाओ रैली में कांग्रेसजनों के साथ सहभागिता निभाई। इस रैली के माध्यम से हमने संविधान की महत्ता और इसके संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। संविधान बचाओ रैली के मंच पर सभी दिग्गज नेता उपस्थित रहे जिसमें संविधान की शक्ति और इसके महत्व को उजागर किया गया। संविधान ने हमें समानता, न्याय और स्वतंत्रता का अधिकार दिया है, और हमें इसकी रक्षा करने का संकल्प लेना चाहिए संविधान हमारा गौरव है, इसकी रक्षा हमारा धर्म है। आइए, हम सब मिलकर संविधान की रक्षा करें और देश की एकता और



अखंडता को बनाए रखें। संविधान बचाओ रैली जयपुर में धौलपुर जिले कांग्रेस सेवा दल के के सभी कार्यकर्ता। मौजूद रहे इस इस कार्यक्रम का श्रेय कांग्रेस सेवा दल को जिला अध्यक्ष बहन समृद्धि दीक्षित के नेतृत्व में हुई उपस्थिति से रैली को नई ऊर्जा और शक्ति मिली। संविधान की रक्षा और इसके महत्व को लेकर आपकी प्रतिबद्धता और उत्साह ने हमें और मजबूत बनाया इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सेवा दल के कार्यकर्ताओं का बहुत बड़ा हाथ रहा जिसमें मौजूद रहे भरतपुर प्रभारी सुलेमान फारुकी कांग्रेस युवा नेता अभिषेक यादव जिला प्रभारी रोशनी शिव हरे महिला जिला अध्यक्ष शबनम खान मीडिया प्रभारी राशिद खान मुन्ना अब्बासी राजीव गांधी संगठन जिला अध्यक्ष रविंद्र परमार शबाना खान सोनी खान सानिया खान कांग्रेस सेवा बादल की काफी लोग मौजूद रहे।

## पूर्ण विधिविधान एवं पूजा अर्चना कर मनाया गया भगवान परशुराम का जन्मोत्सव



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** भगवान विष्णु के छठें अवतार भगवान परशुराम का जन्मोत्सव स्थानीय परशुराम धर्मशाला में पूर्ण विधिविधान, मंत्रोच्चारण एवं पूजा अर्चना कर मनाया गया। इस मौके पर सनाढ्य ब्राह्मण सेवा समिति के अध्यक्ष मुकेश बिधौलिया ने बताया कि भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव पर पंडित गौरीशंकर कटारा द्वारा पूर्ण विधि विधान और मंत्रोच्चारण के साथ विशेष पूजा अर्चना की गई, साथ ही उन्होंने बताया कि आगामी 15 जून को भगवान परशुराम जी की शोभायात्रा निकाली जावेगी, इस दौरान पांच दिवसीय भगवान परशुराम महोत्सव कार्यक्रम भी आयोजित होगा, जिसमें समाज के प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित कार्यक्रम, विभिन्न प्रतियोगिताएं, विचार गोष्ठी आदि कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष जगदीश जगरिया, चंद्रशेखर पाराशर, दाऊदयाल शर्मा, शिवकुमार खेमरिया, गौरीशंकर कटारा, धर्मेन्द्र बिधौलिया, परशुराम जन्मोत्सव संयोजक 2025 संदीप शर्मा, सीताराम शर्मा, लवकेश राजौरिया, राजवीर खेमरिया आदि विप्रजन उपस्थित थे।

## करेरुआ गांव के दो दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने सौंपा एसडीएम को ज्ञापन

### गांव के आम रास्ते की भूमि पर अतिक्रमण और श्मशान घाट की समस्या को लेकर ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** उपखंड मुख्यालय से करीब 5 किलोमीटर दूर स्थित करेरूआ गांव के दर्जनों ग्रामीणों उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी से मुलाकात कर गांव के आम रास्ते की भूमि पर दबंगों द्वारा किए गए कब्जे की शिकायत की है साथ में एसडीएम को अवगत कराया कि गांव में 250 से अधिक घरों की बस्ती है। लेकिन कोई श्मशान घाट नहीं है। ऐसे में किसी की मृत्यु होने पर उसके अंतिम संस्कार के लिए कोई जगह नहीं है। जिसके लिए ग्रामीण परेशान होते हैं। ऐसे में हल्का पटवारी से मौका जांच कर श्मशान घाट के लिए जमीन उपलब्ध कराने और आवंटित करने की मांग की है।

गांव करेरूआ निवासी ओमप्रकाश शर्मा, राजेश, नानकराम, मुकेश कुमार, केदारनाथ, रामभरोशी, योगेश, बाबूलाल आदि ने बताया कि करेरूआ गांव में आम रास्ते की भूमि पर कुछ लोगों द्वारा कब्जा कर लिया है। खसरा नंबर 622 पर अंकित उक्त भूमि जो जिसका रास्ता धनोरा रोड की



ओर जाता है। उंस पर कुछ लोगों ने कब्जा कर अपने खेतों में मिला लिया है। जिसके चलते ग्रामीणों को भारी परेशानी हो रही है। यह रास्ता आज भी सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज है। ऐसे में उक्त मामले में हल्का पटवारी और पुलिस को मौके पर भेज जांच कराई जाए साथ में पुलिस की मौजूदगी में रास्ते को साफ कराया जाए और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाही कर उनको पाबंद किया जाए।

वहीं दूसरी ओर गांव के ही मुन्नालाल, भूरी, नरेश, बीरो धोबी, बाबूलाल, पूरन धोबी, दोजीराम आदि ने उपखंड अधिकारी को अवगत कराया एवं ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि उनका गांव 250 से अधिक घरों की बस्ती है। गांव में कोई श्मशान घाट नहीं है। ऐसे में जब किसी की मृत्यु होती है तो उसके अंतिम संस्कार के लिए कोई निश्चित स्थान नहीं है। कभी किसी के खेत में तो कभी सड़क किनारे या तालाब, पोखर के किनारे अंतिम संस्कार करना पड़ता है। जिसमे काफी परेशानी होती है।

ऐसे में ग्रामीणों की मांगे की है कि हल्का पटवारी से जांच करा श्मशान घाट के लिए ग्रामीणों को जमीन उपलब्ध कराई जाए और उसे आवंटित किया जाए। जिससे ग्रामीण अपने किसी की मृत्यु होने पर उसका अंतिम संस्कार कर सके।

## नीट परीक्षा 2025 के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** महानिदेशक राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी एनटीए द्वारा नीट परीक्षा 2025 का आयोजन 4 मई को जिला मुख्यालय में निर्धारित 7 परीक्षा केन्द्रों पर किया जाएगा। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने बताया कि परीक्षा के निष्पक्ष, निर्विघ्न व सफल संचालन, मॉनीटरिंग एवं राष्ट्रीय एजेंसी एनटीए द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार समस्त आवश्यक व्यवस्थाऐं सुनिश्चित करने के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन का नोडल अधिकारी स्वयं जिला कलक्टर एवं पुलिस प्रशासन का नोडल अधिकारी जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा को नियुक्त किया गया है।

## पहलगाम शहीद पर्यटकों को श्रद्धांजलि

बढ़ता राजस्थान

**कामां/ भरतपुर ( यतेन्द्र गुलपाडिया )।** अनाज मंडी कामा में भारतीय किसान संघ कामा की बैठक यतेंद्र गुलपाडिया जी की अध्यक्षता में आयोजित की गई । बैठक में जिला उपाध्यक्ष हुकम सिंह यादव ने पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा निर्दोष सैलानियों की धर्म पूछ कर गोलियों से भून कर की गई हत्या कि घोर्र नंदाकी गई। मंत्री गोपाल सिंह ने पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे बोलते हुए कहा कि पाकिस्तान बार-बार इस तरह की घिनोनी हरकत करता है और मार खाकर भी जाता है अबकी बार इसे सबक सिखाना जरूरी है। सभी किसानों ने पहलगाम शहीद हुए सैलानियों को श्रद्धा सुमन अर्पित कर अर्पित कर 2 मिनट का मौनरखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा में हुकम सिंह यादव यतेंद्र गुलपाडिया इंदल सिंह केसरी सिंह राठौर रमेश चंद मनीराम रतिराम नंबरदार हरकिशन कलावत ज्ञानी पप्पू नुनेरा रामबाबू यादव सहजू नंबरदार मोहन जैन बोरखेड़ा महेश चंद आदिकिसान उपस्थित रहे।

# भीलवाड़ा में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ : हिस्ट्रीशीटर घायल, तीन गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान




**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** जिले के हमीरगढ़ थाना क्षेत्र में बुधवार तड़के पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग की। जवाबी कार्रवाई में एक हिस्ट्रीशीटर सिकंदर उर्फ लॉटरी के पैर में गोली लग गई, जिसे इलाज के लिए महात्मा गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं, पुलिस ने उसके तीन अन्य साथियों प्रहलाद कुमावत, जगदीश कुमावत और अजीज खान को मौके से गिरफ्तार कर लिया। बदमाशों के पास से हथियार और कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि हमीरगढ़ थाना पुलिस को इनपुट मिला था कि कुछ बदमाश मध्य प्रदेश की ओर से हथियार लेकर भीलवाड़ा आ रहे हैं। इस सूचना के आधार पर बुधवार तड़के करीब 4 बजे इको पार्क के पास आईपीएस प्रोबेशनर जतिन जैन और थाना प्रभारी संजय गुर्जर के नेतृत्व में नाकेबंदी की गई। नाकेबंदी के दौरान जब संदिग्ध वाहन को रोकने का प्रयास किया गया, तो बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। एक गोली पुलिस जीप को चीरते हुए निकल गई। इसके जवाब में पुलिस की फायरिंग में हिस्ट्रीशीटर सिकंदर घायल हो गया।

**आशंका थी बड़ी वारदात की :** प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि बदमाश भीलवाड़ा और राजसमंद में किसी बड़ी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे। उनके निशाने पर कोबरा गैंग का लीडर सुरेंद्र रावत और भीलवाड़ा के दो अन्य व्यक्ति थे। ये सभी मध्य प्रदेश से अवैध हथियार लेकर आए थे। घायल बदमाश की निगरानी के लिए अस्पताल में सुरक्षा बल तैनात कर दिया गया है और जिले भर में सख्त नाकेबंदी की गई है। पुलिस गिरफ्तार आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है, जिससे किसी बड़े षड्यंत्र का खुलासा होने की संभावना जताई जा रही है।



# जल्द पूरे हों पेयजल और नाला निर्माण कार्य, मरम्मत कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता जरूरी : जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** जिला कलक्टर अक्षय गोदारा ने बुधवार को साप्ताहिक निरीक्षण के दौरान शहर में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया, जिसमें खेल संकुल स्थित तरणताल, सड़क मरम्मत कार्य, जैतसागर नाला निर्माण और पेयजल आपूर्ति परियोजनाएं शामिल रहीं। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए।

**तरणताल का किया निरीक्षण, साफ-सफाई पर दिया जोर :** जिला कलक्टर ने शहर के खेल संकुल परिसर में संचालित तरणताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने तरणताल में साफ-सफाई रखने के लिए संचालनकर्ता को निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से पानी की गुणवत्ता पर ध्यान देने और उसे नियमित रूप से जांचने के लिए कहा। जिला कलक्टर ने तरणताल में महिलाओं के लिए एक अलग लेन निर्धारित करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, उन्होंने चेंजिंग रूम और लॉकर रूम का निरीक्षण किया और सभी व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित रखने तथा निर्धारित मानकों के अनुसार संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**सड़क मरम्मत कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के दिए निर्देश :** इसके पश्चात, जिला कलक्टर ने चित्तौड़ रोड़ क्षेत्र में चल रहे सीवरेज कनेक्शन और सड़क मरम्मत कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने मरम्मत कार्यों में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने और किसी भी प्रकार की खानापूर्ति से बचने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि मरम्मत कार्य टिकाऊ होने चाहिए ताकि आमजन को असुविधा न हो।जिला कलक्टर ने बाईपास रोड़ पर भी सड़क मरम्मत के कार्य का निरीक्षण किया और कार्य पूर्ण होने के बाद सड़क पर मलबा न छोड़ने तथा उसे अच्छी तरह से साफ करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़कों की सफाई प्राथमिकता से होनी चाहिए।

**जैतसागर नाला निर्माण की प्रगति का किया अवलोकन :** साप्ताहिक निरीक्षण के तहत, जिला कलक्टर ने मीरांगेट, महावीर कॉलोनी, मजिस्ट्रेट कॉलोनी, पुलिस लाइन और नैनवां रोड़ क्षेत्र में जैतसागर नाला निर्माण की प्रगति का भी जायजा लिया।

मीरांगेट क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान उन्होंने आरयूआईडीपी के अधिकारियों को नाले की शटरिंग का कार्य शुरू करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने इस कार्य को प्राथमिकता देने और टीमों की संख्या बढ़ाने के लिए भी कहा। जिला कलक्टर ने नाला निर्माण के लिए खोदी गई जगहों से मलबा तुरंत हटाने और काम शुरू करने के निर्देश दिए ताकि निर्माण कार्य में तेजी लाई जा सके।

**पेयजल कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश :** जिला कलक्टर ने शहर में संचालित पेयजल आपूर्ति संबंधी कार्यों का भी अवलोकन किया। उन्होंने उच्च जलाशयों से पेयजल की मुख्य लाइन को जोड़ने के कार्य को अतिशीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि इन कार्यों में कोई परेशानी आती है तो तुरंत सूचित किया जाए। जिला कलक्टर ने परीक्षण संबंधी कार्यों को इस सप्ताह में पूरा करने के निर्देश दिए और कहा कि टेस्टिंग के दौरान पेयजल आपूर्ति का शटडाउन लेने से पहले संबंधित क्षेत्र के निवासियों को इसकी जानकारी अवश्य दी जाए। उन्होंने आवश्यकतानुसार ट्यूबवेल लगाने के प्रस्ताव शीघ्र बनाने और स्वीकृत ट्यूबवेल को जल्द से जल्द स्थापित करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, उन्होंने पिछले वर्ष जिन स्थानों पर पेयजल समस्या के कारण टैंकरों से जलापूर्ति की गई थी, उनकी सूची तैयार कर जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों से समन्वय बनाए रखने तथा पेयजल समस्या की जानकारी मिलते ही तुरंत टैंकरों से जलापूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता सुनील शर्मा, जिला खेल अधिकारी हर्षवर्धन सिंह, आरयूआईडीपी की अधिशाषी अभियंता सोनम शर्मा, नगर परिषद के अधिशाषी अभियंता धमेन्द्र मीणा, कनिष्ठ अभियंता जोधराज मीणा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# मेवाड़ के प्रसिद्ध शनिधाम श्री शनिमहाराज आली तीर्थ स्थल पर तुर्रा कलंगी दंगल कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति के साथ हुआ मेले का समापन





कपासन। बढ़ता राजस्थान

मेवाड़ के प्रसिद्ध शनिधाम श्री शनिमहाराज आली तीर्थ स्थल पर आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक मेले का मेवाड़ के पारम्परिक तूर्रा कलंगी दंगल कार्यक्रम का शानदार मंचन के साथ किया गया। कार्यक्रम में ओंकार दास वैष्णव की अगुवाई में भगवतीलाल चिकारडा,दुर्गेश लालपुरा, लादू सेन बारडोद,धीरज बिनोता, सत्तू चिकारडा, लोकेश गरदाना कलाकारों द्वारा शानदार मंचन प्रस्तुत किया गया। इस दौरान तूर्रा एवं कलंगी दल ने काव्यात्मक व संगीतमय संवादों से दर्शकों का मन मोह लिया। इस मौके पर श्री शनिमहाराज आली मंदिर प्रबंधकारिणी कमेटी अध्यक्ष नरेंद्रपाल सिंह ने तीन दिवसीय मेले के सफल आयोजन हेतु क्षेत्रीय प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

इस भव्य धार्मिक मेले के सफल आयोजन में मंदिर प्रबंधकारिणी कमेटी उपाध्यक्ष माधुलाल जाट, मंत्री छगनलाल गुर्जर, कोषाध्यक्ष गोपालकृष्ण शर्मा, भेरूलाल लोधा, रामेश्वर सुथार, गोपाललाल सुथार, शैलेंद्र कुमार शर्मा, देवी सिंह चारण, रामचंद्र किर, कालू किर, कालू कुम्हार, भेरूलाल जाट, नारायण सिंह, विक्रम सिंह, नरेंद्र विजयवर्गीय, महेंद्र सिंह, अर्जुन सिंह, रतन सिंह, किशन सिंह, प्रकाश लोधा आदि भक्तों एवं श्रद्धालुओं का सहयोग प्रदान किया गया। मेले में लगे विभिन्न अस्थाई प्रतिष्ठानों पर मेले के बाद भी खरीददारी हेतु मेलार्थियों की भीड़ रेलमपेल के साथ बनी रही।

जिसमे ग्रामीण महिलाओं द्वारा मनिहारी, घरेलू एवं सजावटी सामान खरीदने को होड़ रही। मेले टैटू कलाकारों की स्टाल्स पर भी लोगों की भीड़ लगी रही।

# अंतर विभागीय समन्वय बैठक में कलक्टर ने दिए जल, स्वास्थ्य, स्वच्छता और शांति व्यवस्था से जुड़े निर्देश

बढ़ता राजस्थान

कोटा, 30 अप्रेल। जिला कलक्टर डॉ. रविंद्र गोस्वामी की अध्यक्षता में बुधवार को अंतर विभागीय समन्वय एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक जिला कलक्ट्रेट में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा बजट घोषणाओं से जुड़े कार्यों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। कलक्टर डॉ. गोस्वामी ने पीएचईडी विभाग को निर्देश दिए कि ब्लॉक और जिला स्तर पर जलापूर्ति से संबंधित शिकायतों की मॉनिटरिंग के लिए कंट्रोल रूम की व्यवस्था सुदृढ़ की जाए तथा प्राप्त शिकायतों के रिस्पांस टाइम की नियमित समीक्षा की जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि कोटा शहरवासियों को पर्याप्त एवं गुणवत्तापूर्ण जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए। टैंकरों के माध्यम से जल आपूर्ति होने वाले क्षेत्रों में टैंकर पूरी तरह भरे हों और उनके राउंड की जीपीएस ट्रैकिंग से सतत निगरानी की जाए। उन्होंने ट्यूबवेल एवं हैंडपंप की कार्य स्थिति की जानकारी लेते हुए मरम्मत कार्य शीघ्र करवाने के निर्देश दिए।

गर्मी से बचाव के लिए बनाए गए आश्रय स्थलों की व्यवस्था को लेकर कलेक्टर ने विभागों को निर्देशित किया कि वे आश्रयस्थलों का निरीक्षण करें तथा वहां उपलब्ध सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, फर्स्ट एड किट और अन्य आवश्यक सुविधाओं की भी समुचित समीक्षा करें।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया कि डेंगू नियंत्रण हेतु नियमित सर्वे कराएं जाएं एवं लू व तापघात से बचाव को लेकर स्कूली व महाविद्यालय स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि सभी चिकित्सा संस्थानों में ओआरएस घोल, आईवी फ्लूइड सहित आवश्यक दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। कलक्टर ने कोटा विकास प्राधिकरण (केडीए) एवं नगर निगम को निर्देश दिए कि मानसून से पूर्व सभी नालों की सफाई करवाई जाए तथा नालों के किनारों पर बांस सहित अन्य पौधों का पौधारोपण कर सौंदर्यीकरण किया जाए।

विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया कि कंट्रोल रूम में प्राप्त बिजली आपूर्ति से संबंधित शिकायतों के निस्तारण की निगरानी नियमित रूप से की जाए।

## पार्कों के विकास में स्थानीय समितियों को मिले प्राथमिकता : विधायक कोठारी

बढ़ता राजस्थान

भीलवाड़ा (अमित शर्मा)। शहर विधायक अशोक कोठारी ने नगर निगम द्वारा संचालित पार्कों के रखरखाव, विकास और सौंदर्यकरण को लेकर जिला कलेक्टर को पत्र लिखा है। मीडिया प्रभारी पंकज आडवाणी ने बताया कि विधायक कोठारी ने पत्र में लिखा कि शहर की सौंदर्यता में पार्कों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, लेकिन जब इनका उचित रखरखाव नहीं होता, तो वे वीरान होकर प्रशासन की उदासीनता को दर्शाते हैं। कोठारी ने उल्लेख किया कि राज्य सरकार ने भीलवाड़ा को आगामी तीन वर्षों में क्लीन, ग्रीन इको सिटी के रूप में विकसित करने की घोषणा की है। नगर निगम ने शहर के 130 पार्कों को आठ जोनों में बांटकर रखरखाव की जिम्मेदारी विभिन्न संवेदकों और समितियों को सौंपी है। हालांकि, 35 में से केवल दो संवेदकों—महेंद्र कुमार मीणा (42 पार्क) और मैसर्स दिवाकर कंस्ट्रक्शन (29 पार्क)—को ही अधिकांश पार्क सौंपे गए हैं, जो असंतुलन को दर्शाता है। विधायक ने कहा कि पार्कों को स्थानीय समितियों व सोसाइटियों को प्राथमिकता देकर सौंपा जाए, क्योंकि स्थानीय लोग पार्कों से भावनात्मक रूप से जुड़े होते हैं।

# अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भीलवाड़ा की कलाकार दीपिका पाराशर को मिला बेस्ट आर्टिस्ट अवार्ड

बढ़ता राजस्थान





**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** 26 अप्रेल से 29 अप्रेल तक शांतिनिकेतन, पश्चिम बंगाल में आयोजित हुए 'कलर विंग्स 16वें इंटरनेशनल आर्ट एक्सपो' में भीलवाड़ा की बेटी व कलाकार दीपिका पाराशर की कृति को बेस्ट आर्टिस्ट के लिए चयन कर पुरस्कृत किया गया।

जानकारी के अनुसार इस एक्सपो में भीलवाड़ा व अजमेर के कलाकारों की कृतियां प्रदर्शित हुई। इस आर्ट एक्स्पो में कला की विभिन्न विधाओं का प्रदर्शन किया गया जैसे चित्रकला, मूर्तिकला, छापाकला, फोटोग्राफी, मिक्स मीडिया, क्राफ्ट आदि। इस आर्ट एक्सपो का आयोजन प्रतिवर्ष प. बंगाल के नबंकुर आर्ट फाउंडेशन, बोलपुर द्वारा किया जाता है। भीलवाड़ा के संगम स्कूल की कला शिक्षिका दीपिका की अनटाइटल्ड फर्स्ट व सेकण्ड प्रिंट कृतियां, फ्रीलांसर कपिल खन्ना की मिक्स मीडिया में बनी 'लाइफ' व 'रिवर साइड', कन्या महाविद्यालय की चित्रकला की सहायक आचार्य गीतांजलि वर्मा की कैनवास पर बनी लैट मी लिव- फर्स्ट व सेकण्ड के साथ अजमेर की फ्रीलांस फोटोग्राफर मीनाक्षी वर्मा के नेचर - फर्स्ट व सेकण्ड नामक छायाचित्रों का इस एक्सपो में प्रदर्शन किया गया जिसमें दीपिका पाराशर की अनटाइटल्ड फर्स्ट का पुरस्कार हेतु चयन किया गया।

एक्स्पो में राजस्थान के चार प्रतिभागियों सहित देश-विदेश के कुल 45 प्रतिष्ठित कलाकारों की कृतियों का प्रदर्शन किया गया इनमें भारत के विभिन्न राज्यों के कलाकारों के साथ श्रीलंका व बांग्लादेश के कलाकार भी शामिल थे।

## गणेश पूजन व झण्डारोहण के साथ शुरू हुआ 22वां जाट समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन

# जाट समाज के 23 जोड़े आज होगें एकदूजे के आर्शिवाद समारोह के मुख्य अतिथि जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौंधरी होगें

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)** उपखण्ड की सुविख्यात धार्मिक नगरी डिग्गह स्थित जाट धर्मशाला में बुधवार को गणेश पूजन व झण्डाराहेण के साथ जाट समाज का 22वां सामूहिक विवाह सम्मेलन शुरू हुआ।

बुधवार को धर्मशाला के हाल स्थित कमरे में समिति अध्यक्ष उम्मेदसिंह दगोलिया के नेतृत्व में व सभी पदाधिकारियो व समाजबंधुओं `की मौजुदगी में विद्वान पण्डितो के दल ने पूर्ण विधि विधान व वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश जी का पूजन हुआ। इसके पश्चात परम्परा के अनुसार सामूहिक विवाह सम्मेलन के ध्वज का पूजन कर ध्वज लहराया गया। आर्शिवाद व सम्मान समारोह में समिति द्वारा सभी अतिथियो के अलावा भामाशाहो व दानदाताओं अलावा सामूहिक विवाह सम्मेलन को सफल बनाने के लिए प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग देने वालो का सम्मान किया जाएगा।

**ये रहे मौजुद :-** इस दौरान समिति अध्यक्ष उम्मेदसिंह दगोलिया के अलावा महामंत्री रामकरण बुगालिया, प्रवक्ता मुकेश खादवाल, पूर्व अध्यक्ष प्रो.कुम्भाराम चौधरी, गिरिराज निठारवाल, छीतरलाल ताखर, प्रहलाद दगोलिया, बजरंगलाल कुंडरवाल, सुखलाल ताखर, सत्यनारायण सरूड़िया, हीरालाल बुगालिया, बद्रीलाल दगोलिया, रामनारायण सरूड़िया, पवन जाखड़, गोपाल शेषप्रिया हिण्डोली, गोविन्द ठीकरिया, सहित अन्य समिति पदाधिकारी व भारी संख्या में समाजबंधु मौजुद रहे।

# उपखंड अधिकारी को सौपा ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**चौमहला (आबिद हुसैन)।** झालावाड जिले के चौमहला गंगधार एवं चिस्ती अंजुमन कमेटी ने डग मै हुई घटना की निंदा करते हुए बुधवार को उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौपा। डग में गोली काण्ड की दु:खद घटना घटित हुई हैं उसकी अंजुमन कमेटी एवं अहले मुस्लिम कौम की तरफ से घोर निन्दा की गई एवं, मृतक शम्भूसिंह के परिवार को सहानुभूति प्रकट करते हुए प्रशासन से अपील की गई कि गोलीकाण्ड के दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही हों एवं उक्त गोलीकाण्ड के बाद उपजे उपद्रव में जिन लोगो की दुकानों एवं गुमटियों जलाया गया और उसमें हुऐ नुकसान का उचित मुआवजा दिलवाने की मांगी की गई। वही सभी धर्म के लोगों से अपील की गई कि संयम बरतते हुए अफवाह पर ध्यान ना दें।

## राष्ट्र व्यापी वक्फ सुधार जनजागरण अभियान के लिए जिले की तीनो विधानसभा में अलग-अलग संयोजक व सह संयोजक किए नियुक्त

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्र व्यापी वक्फ सुधार जनजागरण अभियान के लिए जिले की तीनो विधानसभा में अलग-अलग संयोजक व सह संयोजक नियुक्त किए हैं। भाजपा नेता संजय लाठी ने बताया कि वक्फ (संशोधन) विधेयक-2025 के लाभों की जानकारी साँझा करने को लेकर प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार भाजपा जिलाध्यक्ष रामेश्वर मीणा ने बूंदी विधानसभा के लिए अशोक जायसवाल को संयोजक एवं दीपक नारंग व रोमिल हरसोरा को सह संयोजक नियुक्त किया हैं। इसी प्रकार हिण्डोली विधानसभा के लिए मुकेश कुमावत को संयोजक एवं जय सिंह हाडा व गजेन्द्र सैनी को सह संयोजक नियुक्त किया हैं। वही केशवरायपाटन विधानसभा के लिए हितेश नागर को संयोजक एवं दीपक झांकल व दीपक मीणा को सह संयोजक नियुक्त किया हैं। उन्होंने बताया कि वक्फ संशोधन अधिनियम के बारे में विपक्षी दलों द्वारा फैलाये जा रहे दुष्प्रचार, भ्रांतियों व अधिनियम के सकारात्मक पहलुओं के बारे में आमजन को जागरूक करने के लिए जिले के प्रत्येक बूथ व मण्डल स्तर पर पार्टी जन जागरण करेगी।

## श्री चंडी महायज्ञ में अरणि मंथन से प्रकट हुए अग्निदेव, वेदमंत्रो से गुंजायमान हुई नाटेश्वर नगरी

बढ़ता राजस्थान




**नटवाड़ा।** कस्बे में स्थित श्री बद्रीनाथ भगवान के मंदिर परिसर में मानव के कल्याण के लिए आयोजित नव दिवसीय 108 कुंडीय श्री चंडी महायज्ञ के तीसरे दिन बुधवार को यज्ञ हवन के लिए बने मंडप में अग्नि प्रकट करने की प्राचीन विधि और अद्भुत नवग्रह यज्ञ का साक्षी बना। यज्ञाचार्य प. जगदीश नारायण शास्त्री ने बताया कि बुधवार को शूभ मुहूर्त में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अरणि मंथन विधि से अग्निदेव को प्रकट कर अनुष्ठानो का शुभारम्भ किया गया। हवन कुंड में अग्नि को सुरक्षित किया गया एवं यज्ञ-हवन आरंभ हुआ। मंडप में ही नवग्रह यज्ञ किया गया जिसमें प्रधान यजमान दंपति पुण्यप्रताप करण एवं नीता कंवर द्वारा एक ग्रह की 1008 आहुतियां दी गईं।

वरुण मंडल, योगिनी मंडल स्थापन, क्षेत्रपाल मंडल स्थापन, ग्रह होम, स्थाप्यदेव होम, प्रासाद वास्तु शांति सहित अनेक धार्मिक अनुष्ठानो का आयोजन किया गया।

# युवा मामले और खेल मंत्रालय भारत सरकार ने पैडवूमन पालीवाल को भेंट की मोदीञ्च20 किताब और दिया प्रशस्ति पत्र

## केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने विकसित भारत को लेकर पालीवाल के कार्यो को सराहा

बढ़ता राजस्थान



**राजसमन्द ( सुरेश बागोरा )।** जिले की सामाजिक कार्यकर्ता पैडवूमन भावना पालीवाल युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा हाल ही में दिल्ली में आयोजित भारत मण्डपम में विकसित भारत युवा संवाद सम्मेलन में शामिल हुई थी जहां विकसित भारत को लेकर उन्होंने अपने विचार भी साँझा किये थे । बुधवार को डाक विभाग के माध्यम से युवा एवं खेल मंत्रालय ने प्रधानमंत्री मोदी के सफर को रेखांकित करने वाली पुस्तक मोदीञ्च20 भेंट की और केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने राजस्थान के यूथ आइकॉन के तोर पर कार्यक्रम में विशेष सहभागिता के लिए शामिल होने और अपने विचार रखने के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया और कहा की विकसित भारत के प्रति आपकी प्रतिबद्धता वास्तव में सराहनीय है । देश में पैड वूमन के नाम से जानी वाली भावना पिछले कई वर्षो से महिलाओ के स्वास्थ्य पर 'चुप्पी तोड़ो सयानी बनो, अब पता चलने दो, मेरी लाडो, स्त्री स्वाभिमान पीरियड पाठशाला, पीरियड पॉजिटिव%, हैप्पी टू ब्लीड, %पीरियड्स आर नॉट एन इंसल्ट%,%आइ एम नॉट डाउन% जैसे कई अभियान चलाये ।

# सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई आयोजित

# जिले में दुर्घटनाओं को रोकने के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** जिला कलक्टर श्री लोकबन्धु की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक बुधवार को आयोजित की गई। इसमें जिले में सड़क दुर्घटनाओं की स्थिति और सुरक्षा उपायों की समीक्षा की गई। जिला कलक्टर ने जिले में दुर्घटनाएं रोकने के लिए प्रभावी उपाय करने के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने कहा कि राज्य सरकार सड़क दुर्घटनाओं को लेकर अतिसंवेदनशील है। माननीय मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहे है। राज्य सरकार के निर्देशानुसार सड़क दुर्घटना के लिए जिम्मेदारी तय की जाएगी। आई रेड एप पर दुर्घटना का वास्तविक कारण दर्शाया जाना चाहिए। अधिकतम दुर्घटना वाले कारणों के निराकरण के लिए प्रयास करें। जिला कलक्टर श्री लोक बन्धु ने बैठक में कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली प्रत्येक मृत्यु का गहराई से विश्लेषण किया जाए। दुर्घटना का कारण लापरवाही अथवा गलत रोड इंजीनियरिंग हो सकती है। गलत रोड़ इन्जिनियरिंग के कारण दुर्घटना होने पर संबंधित रोड निर्माण एजेंसी एवं अधिकारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने जिले में चिन्हित ब्लैकस्पोट्स (दुर्घटना संभावित क्षेत्र) पर प्रभावी सुधारात्मक उपाय (रेमेडियल मेजर्स) जल्द से जल्द करें। इन क्षेत्रों में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या को कम किया जा सके। बैठक में मुख्यमंत्री आयुष्मान जीवन रक्षा योजना के तहत सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को अस्पताल पहुंचाने वालों को प्रोत्साहन देने के निर्देश भी दिए गए। जिला कलक्टर ने कहा कि 'गोल्डन आवर' (दुर्घटना के बाद का पहला घंटा) में उचित उपचार न मिलने के कारण कई लोगों की जान चली जाती है। ऐसे में राहगीर द्वारा घायलों को अस्पताल ले जाने पर उसे सम्मानित किया जाएगा और प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

अजमेर जिला कलक्टर श्री लोक बन्धु ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर चलने वाले भारी वाहनों के चालकों के लिए विशेष नेत्र जांच शिविर आयोजित करने निर्देशित किया। लंबी दूरी के ट्रक एवं बस ड्राइवरों की आंखों की रोशनी कमजोर होती है। इससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि नियमित रूप से ऐसे शिविर लगाए जाए। इसके लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, परिवहन विभाग, यातायात विभाग सहित अन्य हितधारक कार्य योजना बनाकर जिला प्रशासन को उपलब्ध कराएंगे। किसी चालक की दृष्टि कमजोर पाए जाने पर चश्मा एवं चिकित्सकीय सलाह उपलब्ध कराई जाए। इसे अभियान के रूप में लगातार चलाया जाना चाहिए।



उन्होंने चिकित्सा विभाग को निर्देश दिया गया कि सभी ट्रोमा सेंटर पर 24 घंटे चिकित्सकीय सेवाएं उपलब्ध कराई जाए। इसके तहत आवश्यक उपकरणों, दवाइयों और डॉक्टरों की उपलब्धता सुनिश्चित करने को निर्देशित किया। इन केन्द्रों में स्टाफ सहित अन्य संसाधनों की कमी के बारे में उच्च स्तर पर अवगत कराए। आई रेड एप के अनुसार एम्बुलेन्स के स्थान की समीक्षा कर पुर्नस्थापित करें। सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ाने के लिए स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक स्थलों पर विशेष जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। इसके तहत व्यक्तियों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने और ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। और कहा कि यातायात नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि महावीर सर्किल पर स्थित ट्रांसफॉर्मर को स्थानान्रित करने के लिए आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। बाल वाहिनियों के द्वारा गलत ड्राईव करने की शिकायत सम्बन्धित संस्थान तक पहुंचाने की आवश्यकता है। इसके लिए बाल वाहिनियों के पीछे मोबाइल नम्बर लिखे होने चाहिए।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर श्री गजेन्द्र सिंह राठौड़, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियन्ता श्री गिर्रिराज प्रसाद गुप्ता, प्रादेशिक परिवहन अधिकारी सुमन भाटी, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के प्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग संयुक्त निदेशक विकास मीणा द्वारा कार्यालयों का किया गया निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

अजमेर (घनश्याम दास)। आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय जयपुर से संयुक्त निदेशक (प्रशासन) श्री विकास मीणा दो दिवसीय अजमेर दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने संयुक्त निदेशक कार्यालय, अजमेर ग्रामीण, पीसांगन एवं श्रीनगर ब्लॉक सांख्यिकी कार्यालयों का निरीक्षण किया।

आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय जयपुर से संयुक्त निदेशक (प्रशासन) श्री विकास मीणा श्री विकास मीणा द्वारा संयुक्त निदेशक कार्यालय आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग अजमेर, ब्लॉक सांख्यिकी कार्यालय अजमेर ग्रामीण, पीसांगन, एवं श्रीनगर का निरीक्षण किया गया। संयुक्त निदेशक कार्यालय के निरीक्षण के दौरान कार्यालय के सभी कार्मिक से उनके द्वारा सम्पादित किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली तथा सुधार हेतु आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान फसल कटाई प्रयोग, ई-ग्राम, मूल्य समंक, जन्म मृत्यु पंजीयन, जनाधार पर विस्तृत चर्चा की गई। संयुक्त निदेशक श्री फूल सिंह द्वारा कार्यालय कार्यप्रणाली, ई-फाईल सिस्टम पर श्री विकास मीणा को जानकारी प्रदान की गई। ब्लॉक सांख्यिकी कार्यालय अजमेर ग्रामीण के निरीक्षण के दौरान श्री मीणा द्वारा कार्यालय को शीघ्र ही स्थाई स्थान पर स्थानान्तरित करने की संभावना पर चर्चा की गई। ब्लॉक सांख्यिकी कार्यालय पीसांगन के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को नियत फील्ड विजिट कर लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। श्री मीणा द्वारा बुधवार को कार्यालय ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी श्रीनगर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जन्म मृत्यु पंजीयन, स्टॉक रजिस्टर एवं अन्य रिकॉर्ड जांचा गया। हाल ही में अधिनियम व नियमों में किए गए संशोधन एवं शुल्क के बारे में प्रचार प्रसार करने की आवश्यकता पर निर्देश दिए। साथ ही परिसर में स्थापित ई-मित्र कियोस्क मशीन का निरीक्षण किया गया। बुधवार सायं 4 बजे अजमेर जिले के सभी ब्लॉक से वीसी के माध्यम से जुडकर सांख्यिकी विभाग में ब्लॉक स्तर पर चल रहे कार्यों की चर्चा की। वीसी में श्री विकास मीणा द्वारा सभी ब्लॉक सांख्यिकी कार्यालयों के स्टाफ को कार्यालय में आने वाले आमजन के कार्यों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादित करने के निर्देश दिए।

# राज्यसभा सांसद सिरोहिया से मिला कुंवारिया का प्रतिनिधिमंडल

- पंचायत समिति की मांग से कराया अवगत
- राज्यसभा सांसद सिरोहिया को सौंपा हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**राजसमन्द ( सुरेश बागोरा )।** कुंवारिया तहसील मुख्यालय पर पंचायत समिति की मांग को लेकर कुंवारिया सहित आसपास की ग्राम पंचायत के कार्यकर्ताओं ने कुंवारिया में जन्मे कर्नाटक से राज्यसभा सांसद लहरसिंह सिरोहिया से भेंट करके कुंवारिया की पंचायत समिति की मांग से अवगत कराते हुए हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन सौंपा। क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के प्रतिनिधि मंडल ने राज्यसभा सांसद लहरसिंह सिरोहिया के मंगलवार से प्रस्तावित दो दिवसीय मेंवाड प्रवास कार्यक्रम के तहत मंगलवार को दिन में प्रभु श्रीनाथजी की नगरी नाथद्वारा में आगमन होने की सुचना पर कुंवारिया क्षेत्र के कार्यकर्ता वहां पर पहुंचकर राज्यसभा सांसद सिरोहिया का पगडी, इकलाई व शॉल के माध्यम से अभिनदंन किया। कार्यकर्ताओं के प्रतिनिधि मण्डल ने राज्यसभा सांसद लहरसिंह सिरोहिया को कुंवारिया तहसील मुख्यालय पर पंचायत समिति के गठन करने की दो दशकों से भी अधिक समय से चली आरही मांग से अवगत कराते हुए हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन सौंपा। कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन में बताया कि कुंवारिया तहसील मुख्यालय पर फोरलेन व ब्रोडगेज की सुविधा हैं। वहीं क्षेत्र के पच्चीस गांवो से सडक के माध्यम से सीधा जुडाव होने से आवाजाही की काफी अच्छी सुविधा हैं, जो आमजन के लिए काफी अधिक सुविधाजनक रहेगा। कुंवारिया में पंचायत समिति बनेगी तो क्षेत्र के 95 राजस्व गांव तथा 20 से भी अधिक ग्राम पंचायतो को सीधा फायदा मिलेगा। कुंवारिया क्षैत्र के गांवो के लिए सेंटर में आता हैं ऐसे में क्षेत्र के समस्त गांवो के लिए काफी अधिक सुविधाजनक रहेगा। कार्यकर्ताओं ने बताया कि विगत दो दशको से भी अधिक समय से कुंवारिया में पंचायत समिति की मांग की जा रही हैं। वर्तमान में पंचायत समिति का गठन हो रहा हैं ऐसे में तहसील मुख्यालय पर पंचायत समिति बनाना ही श्रेष्ठ रहेगा तथा कुंवारिया हर मापदंड व निर्धारित गाईड लाईन को पुरा कर रहा हैं। ऐसे में कुंवारिया को प्राथमिकता से पंचायत समिति बनाना चाहिए। प्रतिनिधि मण्डल ने राज्यसभा सांसद सिरोहिया के समक्ष कुंवारिया तहसील मुख्यालय पर पंचायत समिति का गठन करने की पुरजोर तरीके से मांग की गई। जिस पर राज्यसभा सांसद सिरोहिया ने आवश्यक सकारात्मक सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस दौरान कुंवारिया ग्राम पंचायत प्रशासक ललित श्रीमाली, रामेश्वर साहु, विपिन तातेड, अशोक चावला, प्रकाशचन्द्र पीपाड़ा, पारस ओस्तवाल, यशवंत पीपाडा, गिरिराज काबरा, गोपाल पालीवाल, विनय दाधीच, महेन्द्र टांक, जगदीश जागेटिया, छगनलाल रेगर, शालीनी तातेड़, दीपिका आदि काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### धरना छब्बीसवें दिन भी रहा जारी

कुंवारिया तहसील मुख्यालय पर पंचायत समिति की मांग को लेकर मंगलवार को छब्बीसवें दिन भी धरना जारी रहा। कार्यकर्ताओं ने धरना स्थल पर पहुंच कर अपनी मांग को पुरजोर तरिके से उठाया। कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में कहा कि कुंवारिया तहसील मुख्यालय की उपेक्षा क्षेत्र के लोगो को स्वीकार नहीं है।

# वरिष्ठ नागरिक संस्था ने कैंसर रोगियों को पौष्टिक आहार वितरित किया

## वीएनएस द्वारा एमबीएस अस्पताल के कैंसर रोगियों को फल, अल्पाहार व छाछ वितरित




बढ़ता राजस्थान

**कोटा।** वरिष्ठ नागरिक संस्थान, सामाजिक सरोकार की दिशा में अपने सेवा संकल्प को साकार करते हुए लगातार सक्रिय है। इसी क्रम में बुधवार को संस्थान द्वारा एमबीएस अस्पताल के कैंसर वार्ड में भर्ती रोगियों, बाह्य रोगियों (आउटडोर) तथा उनके परिजनों को फल, बिस्किट, छाछ और अल्पाहार वितरित किया गया। सेवा कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 10ञ्30 बजे कैंसर वार्ड में किया गया, जिसमें संस्थान के अध्यक्ष टी.पी.एस. सेठी के निर्देशन में सचिव तनुजा खन्ना एवं कोषाध्यक्ष एन. पाल सोनी के साथ-साथ कई सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कैंसर विभागाध्यक्ष डॉ. तंवर की उपस्थिति में नवनिर्मित वार्ड और पुराने कैंसर वार्ड के सभी रोगियों तक सेवा सामग्री पहुंचाई गई। अध्यक्ष टी.पी.एस. सेठी ने इस अवसर पर कहा,कि वरिष्ठ नागरिक संस्थान केवल एक सामाजिक संगठन नहीं, बल्कि एक मानवीय संवेदनाओं से प्रेरित परिवार है, जो समाज के कमजोर व पीड़ित वर्गों के प्रति अपनी जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभा रहा है। रोगियों को केवल दवाइयों की नहीं, आत्मीयता और सहानुभूति की भी आवश्यकता होती है। हम यह मानते हैं कि सेवा केवल दान नहीं, बल्कि समर्पण है— जो जीवन को सार्थक बनाता है। सेवा वितरण के दौरान सभी रोगियों और उनके तीमारदारों को व्यक्तिगत रूप से फल, बिस्किट, छाछ व अन्य अल्पाहार वितरित किए गए। इस मानवीय पहल से अस्पताल परिसर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ और रोगियों के चेहरे पर संतोष व आत्मीयता की झलक दिखाई दी।

# राजसमंद में लव जिहाद का मामला

## सडक़ पर टायर जलाकर प्रदर्शन



बढ़ता राजस्थान

**राजसमन्द ( सुरेश बागोरा )।** जिला मुख्यालय पर लव जिहाद का एक कथित मामला सामने आने के बाद शहर में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई।

आरोप है कि समुदाय विशेष का एक युवक एक हिंदू युवती को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया हैं। इस घटना के विरोध में राजगनर के कलालवाटी क्षेत्र के लोगों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने सडक़ों पर टायर जलाकर प्रदर्शन किया। गुस्साएं प्रदर्शनकारी इसके बाद थाने पर पहुंचे और वहां भी जमकर विरोध प्रदर्शन किया। घटना की जानकारी मिलते ही हिंदू संगठनों के पदाधिकारी भी बड़ी संख्या में थाने पर एकत्रित हो गए। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस प्रशासन को 24 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए युवती को सकुशल बरामद करने की मांग की हैं। थाने पर बढ़ते विरोध को देखते हुए एडीएम नरेश बुनकर, एएसपी महेंद्र पारीक और राजसमंद डीएसपी विवेकसिंह तुरंत मौके पर पहुंचे। उच्च अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों से बातचीत की और उन्हें शांत करने का प्रयास किया। अधिकारियों ने मामले की गंभीरता को समझते हुए जल्द ही कार्रवाई करने का आश्वासन दिया, जिसके बाद प्रदर्शनकारी शांत हुए। मामले को लेकर राजनगर पुलिस ने मामला दर्ज कर युवक की तलाशी के लिए पुलिश टीम का गठन किया गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही हैं और युवती की तलाश जारी हैं। इस घटना ने क्षेत्र में सांप्रदायिक तनाव बढ़ा दिया हैं।

# नीट यूजी परीक्षा 2025 प्रशिक्षण हुआ आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** नीट यूजी परीक्षा 2025 के आयोजन से सम्बन्धित अधिकारियों एवं कार्मिकों का प्रशिक्षण बुधवार को अतिरिक्त जिला कलक्टर श्री गजेन्द्र सिंह राठौड़ के अध्यक्षता में आयोजित हुआ।

अतिरिक्त जिला कलक्टर श्री गजेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेन्सी द्वारा आगामी 4 मई को आयोजित होने वाली नीट यूजी परीक्षा 2025 के सफल निष्पक्ष एवं सुचितापूर्ण आयोजन के लिए जिला कलक्टर श्री लोक बन्धु के निर्देशानुसार बुधवार को आयोजित बैठक में निर्धारित परीक्षा केंद्रों के केन्द्राधीक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में परीक्षा दिवस को परीक्षा केंद्र पर प्राप्त होने वाली परीक्षा सामग्री की ढंग से जांच करने, परीक्षा की गोपनीयता एवं सुचिता बनाये रखने के लिए निर्देश दिए गए। परीक्षा संचालन संबंधी राष्ट्रीय परीक्षा एजेन्सी द्वारा जारी सभी दिशा-निर्देशों का प्रशिक्षण दिया गया। इसमें परीक्षा संचालन में आने वाली समस्याओं का तार्किक समाधान करने हेतु अनुदेश दिए गए इस दौरान बैठक में निर्धारित स्थल से परीक्षा दिवस पर गोपनीय परीक्षा सामग्री प्राप्त करने तथा उन्हें आवंटित परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाने तथा परीक्षा समाप्ति उपरान्त विभिन्न परीक्षा संबंधी गोपनीय सामग्री संग्रहण केंद्र तक सुरक्षित रूप से पहुंचाने के लिए आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। वीडियोग्राफर से नियमानुसार वीडियोग्राफी करवाने का विशेष प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में उपस्थित अधिकारियों को जिला शिक्षा अधिकारी श्री अनिल कुमार जोशी द्वारा परीक्षार्थियों को परीक्षा में आने वाली विशेष समस्याओं के निराकरण के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि एनटीए द्वारा इस परीक्षा के आयोजन के लिए केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक एक के प्राचार्य श्री आर. के. मीणा को अजमेर शहर के लिए तथा केन्द्रीय विद्यालय बान्दरसिन्दरी के प्राचार्य श्री विनोद कुमार चौधरी को किशनगढ़ के लिए सिटी कॉर्डिनेटर नियुक्त किया गया है। इनके द्वारा परीक्षा सम्बन्धी सम्पूर्ण कार्यवाही सम्पादित की जाएगी। इनके द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। परीक्षार्थियों के प्रवेश के समय बायोमेट्रिक तरीके से जांच होगी। केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों के उपयोग की रोकथाम के लिए अभ्यर्थियों की फ्रिस्किंग की जाएगी। परीक्षा के सफल संचालन के लिए जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। इसके दूरभाष 0145-2422517 पर सम्पर्क किया जा सकता है। बाहर से आने वाले विद्यार्थियों के लिए परिवहन की विशेष सुविधा की गई है। परीक्षार्थी अपने साथ पारदर्शी रंगहीन पानी की बोतल ला सकते है।



# सरवाड़ पुलिस द्वारा चलाया गया किराएदार व घरेलू नौकर सत्यापन अभियान

बढ़ता राजस्थान

अजमेर सरवाड़ (इक़बाल अहमद)। अजमेर जिला पुलिस अधीक्षक श्रीमती वंदिता राणा के निर्देशों के अनुसार अपराधिक गतिविधियों पर रोक व अपराधियों की धर पकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सरवाड़ थाना क्षेत्र में किराए पर मकान में रह रहे तथा घरेलू नौकर, मजदूर व दुकानों पर काम करने वालों लोगो का सत्यापन किया जा रहा है। इसके तहत बीट कांस्टेबल द्वारा घर घर जाकर तस्दीक की जा रही है। तथा सभी मकान मालिकों व दुकानदारों से अपने यहां रह रहे किराएदार व नौकरों के संबंध में पुलिस थाने पर सूचना देने के लिए बताया जा रहा है।

# टैबू तोड़ना था, इसलिए तीन दिन तक बिकिनी पहनी

## सीन से पहले नुसरत ने की इंटरनेशनल ट्रिप

## कहा- इंडिया में खुलेआम घूमना मुमकिन नहीं



एक्ट्रेस नुसरत भरुचा ने हाल ही में एक इंटरव्यू में अपनी फिल्म प्यार का पंचनामा से जुड़ा एक दिलचस्प किस्सा शेयर किया। उन्होंने बताया कि फिल्म के एक सीन में उन्हें बिकिनी पहननी थी, लेकिन वो उसमें कम्फर्टेबल नहीं थीं। इस झिझक से बाहर निकलने के लिए उन्होंने जो किया, वो सुनकर कोई भी चौंक जाएगा। हॉटरफ्लाई को दिए इंटरव्यू में नुसरत ने कहा, मैंने कभी एक्टिंग सीखी नहीं है, तो जो भी मेरी रियल लाइफ के एक्सपीरियंस होते हैं, वही स्क्रीन पर कर पाती हूं। लेकिन बिकिनी तो मैंने कभी पहनी ही नहीं थी। नुसरत ने डायरेक्टर लव रंजन से भी अपनी चिंता साफ-साफ शेयर की। इस बारे में उन्होंने कहा, मैंने लव सर से कहा कि अगर मैं बिकिनी पहन भी लूं, तो उसमें कम्फर्टेबल नहीं रहूंगी। फिर शॉट में वो चीज कैसे नजर आएगी? जब तक मैं अंदर से उसे एक्सेप्ट नहीं करती, तब तक कैमरे के सामने वो चीज नैचुरल नहीं लगेगी। इसके बाद नुसरत ने जो तरीका अपनाया, वो वाकई यूनिक था। उन्होंने बताया, मैं एक इंटरनेशनल सोलो ट्रिप पर निकल गई। क्योंकि इंडिया में बिकिनी पहनकर खुलेआम घूमना मुमकिन नहीं है। मैंने तीन दिन तक सुबह से लेकर रात तक सिर्फ बिकिनी पहनी - होटल में, पूल में, बीच पर... हर जगह। वो आगे कहती हैं, मैंने ये जानबूझकर किया ताकि अपनी सोच और अंदर बैठे टैबू को तोड़ सकूं। खुद से कहना चाहती थी कि बिकिनी में घूमना कोई बड़ी बात नहीं है। दूसरे दिन के बीच में ही मुझे एहसास हुआ कि मैं कब से सिर्फ बिकिनी में घूम रही हूं और अब तो ये नॉर्मल लगने लगा है।

### रानी चटर्जी को आया गुस्सा, दे डाली ये धमकी

# खेसारी लाल जब हीरो भी नहीं थे तो मैं हिराइन थी

भोजपुरी सिनेमा की चर्चित अभिनेत्री रानी चटर्जी ने हाल ही में अपने खिलाफ चल रही एक खबर को 'फेक न्यूज' करार देते हुए कड़ी नाराजगी जताई है और कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है। यह पहली बार नहीं है जब रानी ने इस तरह की प्रतिक्रिया दी हो। इससे पहले भी वह कभी सुसाइड तो कभी किसी को लात मारने की धमकी दे चुकी हैं। रानी चटर्जी ने एक विशेष न्यूज रिपोर्ट का हवाला देते हुए फेसबुक पर पोस्ट शेयर की और संबंधित चैनल को जमकर लताड़ लगाई।

### दोबारा ऐसी फालतू न्यूज चलाई तो आपके चैनल पर एफआईआर कर दूंगी

रानी ने लिखा, दोबारा ऐसी फालतू न्यूज चलाई तो आपके चैनल पर एफआईआर कर दूंगी। कोई सबूत है आपके पास कि रानी, खेसारी के साथ काम करने को तरसती है या मैंने उन्हें डिमोटिवेट किया है। खेसारी जी तो कुछ भी बोल देते हैं, उन्हें बस दूसरों को नीचा दिखाकर खुद को बड़ा दिखाना होता है। शेयर किए गए न्यूज में लिखा था, खेसारी के साथ काम करने से रानी ने मना कर दिया था, अब उनके साथ काम करने को तरसती हैं। न्यूज चैनल को समझाते हुए रानी ने आगे लिखा, खेसारी लाल जब हीरो भी नहीं बने थे, उसके कई साल पहले से काम कर रही हूं। वो 'नागिन' में केवल इसलिए नजर आए थे क्योंकि मैंने कोई ऑब्जेक्शन नहीं किया था, बल्कि मैंने उनका सपोर्ट ही किया था। मैं कभी रिएक्ट नहीं करती हूं, मगर अब ज्यादा हो रहा है। चटर्जी ने बताया कि 20 साल के करियर में उन्हें काम के लिए कभी कोई दिक्कत नहीं आई या तरसना नहीं पड़ा। उन्होंने आगे लिखा, खेसारी लाल की हर बात सही हो, यह जरूरी नहीं है। मैंने ही नहीं, पूरी इंडस्ट्री ने उनका सपोर्ट किया है और आपको पत्रकारिता ही करनी है तो सबूत के साथ कीजिए। बता दूं कि नए एक्टर्स का जितना सपोर्ट रानी ने किया है, उतना कोई हीरोइन नहीं सोच सकती और बात रही तरसने की, तो 20 साल से भोजपुरी सिनेमा में मुझे कभी काम के लिए तरसना नहीं पड़ा। अभिनेत्री ने आगे बताया, रानी चटर्जी ने जब 2004 में 'ससुरा बड़ा पैसे वाला' से डेब्यू किया था, तब किसी से न तो डरी और न ही तरसी थीं, तो आज 2025 में जब मैं सक्षम हूं, तो क्या तरसूंगी।



### खेसारी लाल पर अभिनेत्री ने कसा तंज


खेसारी लाल पर तंज कसते हुए अभिनेत्री ने आगे लिखा, सच्चाई ये है कि जिस अभिनेता की आप बात कर रहे हैं, उन्होंने अपने शुरुआती दिनों में मदद करने वाले किसी भी एक्टर की इज्जत नहीं रखी, तो आगे क्या कहूं। एक सुपरस्टार को अपने को-स्टार के बारे में बोलने से पहले सोचना चाहिए। सच बताऊं तो मैं उनकी दोस्त हूं, लेकिन अब मैं शायद ही कभी लिख पाऊंगी कि मैं उनकी दोस्त हूं। इस तरह के झूठे इल्जाम से मैं आहत हूं।

### पहले भी कई बार गुस्से में दे चुकी हैं धमकी

न्यूज़ चैनल को धमकी देना रानी चटर्जी के लिए कोई नई बात नहीं है। इससे पहले भी वह कई बार गुस्से में आकर तीखे तेवर दिखा चुकी हैं। एक बार उनके नाम से फेक अकाउंट बनाकर कमेंट करने वाले एक यूज़र को उन्होंने सार्वजनिक रूप से लात मारने की धमकी दी थी और साथ ही मुंबई पुलिस से उस पर कार्रवाई करने की मांग भी की थी। साल 2020 में रानी चटर्जी ने इंस्टाग्राम पर एक भावुक पोस्ट साझा किया था, जिसमें उन्होंने बताया था कि एक व्यक्ति उन्हें लंबे समय से परेशान कर रहा है। इस उत्पीड़न से तंग आकर उन्होंने लिखा था कि वे डिप्रेशन में हैं और आत्महत्या जैसा कदम उठाने की सोच रही हैं। उस वक्त भी उन्होंने मुंबई पुलिस से तत्काल कार्रवाई की अपील की थी।







# मैंने तो नाना पाटेकर से भी हिप हॉप करवाया है, सनी देओल ओल्ड स्कूल हैं : अहमद खान

**डांस से आपका पहली बार रिश्ता कैसे जुड़ा? और उस दौर में जब डांस को अच्छा नहीं माना जाता था, आपने इसे करियर कैसे चुना?**

डांस मैं बचपन से कर रहा हूं। जब मैं 9 साल का था, तो मेरे बड़े भाई के दोस्तों का एक डांसिंग ग्रुप था तो उनसे मैंने सीखा। ये मैंने अनजाने में डांस सीख लिया, मगर बाद में मेरा प्रफेशन बन गया, क्योंकि मुझे डांस से बहुत प्यार है। आपने सही कहा, उस वक्त डांस को समय बर्बाद करना माना जाता था। घरवाले कहते थे कि पढ़ो लिखो, कुछ बनो क्योंकि डांस में कोई भविष्य नहीं होता था, पर मेरी मम्मी ने मुझे बचपन से बहुत सपोर्ट किया। उस वजह से मैं इसमें आगे बढ़ पाया। मुझे ज्यादा संघर्ष भी नहीं करना पड़ा, मैंने 9 की उम्र में डांस शुरू किया, 1-2 साल कुछ प्रतियोगिताएं जीतीं और 11 की उम्र में मुझे फिल्म मिस्टर इंडिया मिल गई। उस वक्त एक चाइल्ड ऐक्टर के लिए बहुत बड़ी बात थी कि आपको डांस की वजह से फिल्म मिल गई, तो मुझे किसी तरह की मुश्किल का सामना नहीं करना पड़ा। जब मैं 16 साल का था तो मैंने सरोज खान जी को बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर जॉइन कर लिया और यह सफर चल पड़ा।

**मिस्टर इंडिया के बाद ऐक्टिंग के मोह ने नहीं जकड़ा कि कोरियोग्राफर के बजाय ऐक्टर बनते हैं?**

देखो, जब आप बच्चे होते हैं न तो आपको चाइल्ड ऐक्टर का रोल मिल सकता है। मगर एक वक्त आता है, जब आप ना जवान होते हैं, ना बच्चे रहते हैं, उस 13 से 17 की उम्र में आप ना चाइल्ड ऐक्टर होते हैं, ना हीरो बन सकते हैं, न हीरो के दोस्त, तो वो जो गैप होता है वो बहुत मुश्किल होता है। तब लगा कि मैं क्या करूं? तो सोचा कि ऐक्टिंग में काम नहीं है तो चलो डांस में ही आगे बढ़ते हैं। इसलिए, मैंने मैंने सरोज जी को जॉइन किया। वो भी एक तुक्का था, क्योंकि 16 साल की उम्र ऐसी तो होती नहीं है कि आपको करियर का आइडिया होता है। मैंने अपनी किस्मत आजमाई। वो मुझे मिस्टर इंडिया की वजह से चाइल्ड ऐक्टर के तौर पर जानती थीं। उनके पास ऐसे वेस्टर्न डांसर नहीं थे जो सही हों तो उन्हें भी मेरे में कुछ दिखा तो उन्होंने मुझे मौका मिला। सरोज जी नंबर वन कोरियोग्राफर थीं, मैं उनको आंटी कहा करता था, तो एक कंफर्ट भी था।

**डांस से आपकी पहली कमाई कितनी हुई थी?**

ओह, ये आपने मुझे किस दौर में पहुंचा दिया हंसते हैं। मुझे याद भी नहीं है, क्योंकि वो 80 का दौर था। मेरा पहला चेक मिस्टर इंडिया के लिए ही मिला था। उस वक्त मेरी उम्र 11-12 साल थी, तो मैंने उसका क्या किया, मुझे याद नहीं। निश्चित तौर पर मम्मी को ही दिया होगा। मुझे ये याद है कि मम्मी ने मेरा एक मेरा अकाउंट खोला था, टाउन में, हाजी अली के पास, तो अपने दोस्तों के बीच मैं इकलौता बच्चा था, जिसका बैंक अकाउंट था।

**आप सरोज खान के शिष्य रहे हैं, जो डांस में एक्सप्रेशन को बहुत महत्व देती थीं। लेकिन अब उसमें स्पीड और एक्रोबैटिक ज्यादा हावी होता है। इस बदलाव पर क्या कहेंगे?**

अहमद खान बोले- मैं तो इसे तरक्की की तरह देखता हूं। पहले जो गाने और डांस होते थे, वे अमूमन पेड़ों के इर्द-गिर्द होते थे। रोमांटिक गाना हो या डांस नंबर हो, सारे डांसर लाइन से खड़े होकर एक ही स्टेप करते थे। गाने में एक पेड़ होता था और ऐक्टर उसके इधर-उधर घूमते थे। मेरे हिसाब से तो वहां सोच के लिहाज से तंगी थी। फिर देव आनंद साहब, शम्मी जी डांस में अपना एक स्टाइल लेकर आए। फिर ऐक्टर्स बेहतर होने लगे और वेस्टर्न डांसिंग फॉलो करने लगे, तो मैं इसे बेहतरी के तौर पर देखता हूं। ये एक्रोबैटिक नहीं है। आज ऐक्टर को अपनी ऑडियंस को इंप्रेस करने के लिए बहुत कुछ करना पड़ता है।


अब जो मिथुन दा डिस्को डांस करते थे, वो आज नहीं चलेगा ना, क्योंकि आज की आम जनता इतनी टैलंटेड है, इतना अच्छा डांस कर रही है तो हीरो को तो उससे ऊपर होना ही होगा। आज के समय में वो हाव भाव आउटडेटेड लगते हैं कि हर बोल पर एक्सप्रेशन देना, वो सब आज नहीं चलता।

**आपने इंडस्ट्री के लगभग सभी ऐक्टर्स को नचाया है, फिर वो डांसर हो या नॉन डांसर, ज्यादा मजा किसके साथ आता है?**-देखिए, हमारे पास ये ऐक्टर स्टूडेंट की तरह आते हैं। उनको जो बोलो, वे सुन लेते है। जो सिखाओ, वे सीखते हैं। हां, जो खुद बहुत अच्छा डांसर होता है, वो कभी-कभी अपनी कुछ सोच के साथ भी आते हैं, जो हमारे मूड पर होता है कि उसे रखना है या नहीं। जबकि, नॉन डांसर कुछ लाते ही हैं। वे ऐसे ही आते हैं कि भइया जो कराना है करा लो, तो उनके साथ आसान होता है, पर उनकी एक लिमिटेशन होती है तो आप ग्रो नहीं करते, क्योंकि आप उनसे उतना ही कराओगे, जितनी उनकी लिमिट है। बाकी, मैंने तो सनी देओल, जैकी श्रॉफ, संजय दत्त से लेकर ऋतिक, शाहिद, टाइगर तक के साथ काम किया है तो मैंने दोनों नॉन डांसर और डांसर दोनों के साथ काम किया। नॉन डांसर पहले ही बोल देते हैं कि मुझसे इतना ही होगा यार।

# पाकिस्तानी कलाकारों के बैन से सहमत जावेद अख्तर

### कहा- ये एकतरफा काम कब तक चलेगा, आज तक पाकिस्तान में लता मंगेशकर की एक परफॉर्मेंस तक नहीं हुई

जावेद अख्तर ने हाल ही में पाकिस्तानी कलाकारों पर लगे बैन पर साफ कहा है कि जो कुछ भी मौजूदा समय में हुआ उसके बाद ये सवाल ही नहीं किए जाने चाहिए कि क्या उन्हें बैन करना ठीक है या नहीं। क्योंकि अब पाकिस्तान के लिए फ्रैंडली फीलिंग पूरी तरह खत्म हो चुकी है। इसके साथ ही उन्होंने कहा है कि पाकिस्तानी कलाकारों को भारत में काम करने का मौका देना पूरी तरह से एकतरफा है क्योंकि पाकिस्तान में आज तक लता मंगेशकर की एक परफॉर्मेंस तक नहीं होने दी गई है। उन्होंने इस एकतरफा काम करने के तरीके का पूरी तरह खंडन किया है। जावेद अख्तर ने हाल ही में पीटीआई को दिए एक इंटरव्यू में कहा है, सवाल ये होना चाहिए कि क्या हमें पाकिस्तानी कलाकारों को यहां काम करने देना चाहिए। इसके दो जवाब हैं और दोनों ही लॉजिकल हैं। ये हमेशा से एकतरफा बात रही है। नुसरत फतेह अली खान भारत आए, मेहंदी हसन भारत आए, गुलाम अली भारत आए, नूर जहां भारत आईं। वो ग्रेट परफॉर्मर थे। फैज अहमद फैज भी आए, वो सबकॉन्टिनेंट पोएट थे। मैं उन्हें पाकिस्तानी पोएट नहीं कहूंगा। वो पाकिस्तान में रहते थे, क्योंकि वो वहां पैदा हुए थे, लेकिन वो प्यार और शांति के पोएट थे। जब अटल बिहारी बाजपेयी प्राइम मिनिस्टर थे, तब वो भारत आए थे, तब उन्हें स्टेट हेड जैसा सम्मान दिया गया था। यहां तक कि सरकार ने भी उन्हें बहुत सम्मान दिया था, लेकिन मुझे इसका पछतावा है कि वहां से इसके बदले कुछ नहीं किया गया। मुझे पाकिस्तान के लोगों से कोई शिकायत नहीं है। जावेद अख्तर ने आगे कहा है, पाकिस्तान के बड़े कवियों ने लता मंगेशकर के लिए गाने लिखे हैं। वो 60-70 के दशक में भारत और पाकिस्तान की सबसे पॉपुलर सिंगर थीं, लेकिन आज तक पाकिस्तान में कभी उनकी एक भी परफॉर्मेंस नहीं हुई। मुझे पाकिस्तानी लोगों से शिकायत नहीं। वहां के लोग उन्हें पसंद करते थे, लेकिन उनका रास्ता रोका गया था। सिस्टम ने बाधा डाली, जो मैं कभी नहीं समझ सकता। ये जो एकतरफा ट्रैफिक है, कहीं न कहीं हम इससे थक चुके हैं कि ये बात तो ठीक नहीं है। तुम्हारी तरफ से तो हमें रिस्पॉन्स मिलता नहीं है। ये कब तक चलेगा। आगे उन्होंने कहा है, दूसरा पॉइंट ऑफ व्यू भी वैलिड है। वो ये है कि अगर हम एक सॉलिड लॉजिक के साथ पाकिस्तानी कलाकारों को बैन करते हैं तो हम किसे खुश कर रहे हैं, आर्मी और कट्टरपंथियों को। वो भारत और पाकिस्तान के



बीच एक ऊंची दीवार बनाना चाहते हैं, जिससे पाकिस्तानी ये न देख सकें कि भारतीय लोगों के पास कितनी आजादी और विशेषाधिकारों हैं, जिसे वो एंजॉय करते हैं। वो दूरी चाहते हैं, यही उन पर शोभा देता है। जो हमारी मिलनसारिता है कि हमें पाकिस्तानी आर्टिस्ट के साथ काम करना है, ये उन पर शोभा ही नहीं देता।

ज़िन्दगी में सबसे ज्यादा खुश वही रहता है जो कम साधनो में भी खुश रहता है..

-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



## बीजेपी-आरएसएस कैसे भी करके निकाय, पंचायत चुनाव जीतना चाहते हैं, पुनर्गठन में सरकार तोड़ रही सारे नियम-कानून : अशोक गहलोत

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में पंचायतीराज और शहरी निकायों के पुनर्गठन को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सरकार पर जमकर धांधली करने और नियम ताक पर रखने का आरोप लगाया है। गहलोत ने सोशल मीडिया के माध्यम से पुनर्गठन में नियम-कानून तोड़ने का आरोप लगाते हुए बीजेपी और सरकार पर सियासी पलटवार किया है। उन्होंने आरएसएस और बीजेपी पर कैसे भी करके पंचायतीराज और शहरी निकायों के चुनाव जीतने के लिए गड़बड़ी करने का आरोप लगाया है।

**कलेक्टर कुछ नहीं कर पा रहे :** गहलोत ने एक्स पर लिखा है- राजस्थान की भाजपा सरकार मनमाने तरीके से पंचायतीराज और नगरीय निकायों के पुनर्गठन कर रही है। मैं ऐसा पहली बार देख रहा हूं कि सारे नियम-कानून तोड़े जा रहे हैं। कलेक्टरों ने जनता की आपत्तियां दर्ज कर आगे कार्रवाई करने की बजाय हाथ खड़े कर दिए हैं। कलेक्टर कह रहे हैं कि हम कुछ नहीं कर पाएंगे। सारा काम राज्य सरकार के स्तर से हो रहा है।

**कई जगह उपचुनाव तक नहीं करवाए गए :** गहलोत ने लिखा- भाजपा और आरएसएस मिलकर येन-केन-प्रकारेण पंचायतीराज और नगरीय निकाय के चुनाव जीतना चाहती है। इसके लिए पहले भरतपुर जिला प्रमुख समेत कई जगह इनके उपचुनाव तक नहीं करवाए। फिर वन स्टेट-वन इलेक्शन के नाम पर कार्यकाल पूरा होने के बाद भी चुनाव नहीं करवाए।

गहलोत ने लिखा- अब ये वोटबैंक को साधकर जीतने के लिए नियमों और जनता की सहूलियत को भी अनदेखा कर रहे हैं। न तो न्यूनतम और अधिकतम जनसंख्या के पैमाने को माना जा रहा है और न ही मुख्यालय से उचित दूरी का ध्यान रखा जा रहा है। कहीं शहर से 10-10 किलोमीटर दूर के गांवों को नगरीय निकायों में मिलाया जा रहा है तो कहीं गांवों को इस तरह पंचायतों से जोड़ा जा रहा है कि पंचायत मुख्यालय ही 5 से 10 किलोमीटर दूर हो गया है। गहलोत ने कहा- जनता में इसको लेकर आक्रोश पनप रहा है।

## दिल्ली उच्च न्यायालय ने बिहार से सांसद के रूप में चिराग पासवान के निर्वाचन के खिलाफ याचिका खारिज की

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को हाजीपुर लोकसभा सीट से लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान के निर्वाचन को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी, जिसमें कहा गया था कि चूंकि चुनाव बिहार में हुए थे, इसलिए इसमें अधिकार क्षेत्र का अभाव है। न्यायमूर्ति अमित बंसल ने कहा कि चूंकि चुनाव बिहार में हुए थे, इसलिए उच्च न्यायालय के पास चुनाव याचिका पर निर्णय लेने का अधिकार नहीं है। अदालत ने कहा, तदनुसार, चुनाव याचिका को क्षेत्रीय अधिकार क्षेत्र के अभाव के आधार पर खारिज किया जाता है। हालांकि, अदालत ने याचिकाकर्ता को अन्य कानूनी उपायों का लाभ उठाने की स्वतंत्रता दी। याचिकाकर्ता ने दावा किया कि वह यौन उत्पीड़न की शिकार है, जो प्रिंस राज और उसके चचेरे भाई पासवान सहित उसके सहयोगियों के आग्रह पर किया गया था, जिन्होंने चुनाव के लिए अपना नामांकन दाखिल करते समय इस आपराधिक पृष्ठभूमि का खुलासा नहीं किया था। उन्होंने तर्क दिया कि आपराधिक मामलों के संबंध में झूठा हलफनामा दाखिल करना या हलफनामे में कोई जानकारी छिपाना जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 125 ए का उल्लंघन है और इसके लिए छह महीने की सजा हो सकती है। भारत के चुनाव आयोग के वकील सिद्धांत कुमार ने कहा कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत दिल्ली में चुनाव याचिका सुनवाई योग्य नहीं है, क्योंकि चुनाव बिहार में हुए थे।

## मुख्यमंत्री ने की ऊर्जा विभाग की समीक्षा

# 'हर घर-हर खेत' बिजली राज्य सरकार की प्राथमिकता : मुख्यमंत्री

### किसानों को वर्ष 2027 तक हर हाल में दिन में बिजली उपलब्ध कराएगी हमारी सरकार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हर घर-हर खेत बिजली निर्बाध रूप से उपलब्ध करवाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। हमारी सरकार प्रदेश के किसानों को वर्ष 2027 तक दिन में बिजली उपलब्ध करवाने एवं औद्योगिक क्षेत्र के लिए सुचारू बिजली उपलब्ध करवाने के लक्ष्य के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि इन लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए विद्युत उत्पादन से लेकर प्रसारण एवं वितरण तंत्र का दूरदर्शिता के साथ सुदृढ़ीकरण किया जाए।

श्री शर्मा बुधवार को मुख्यमंत्री आवास पर ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गर्मी के मौसम को देखते हुए पीक डिमांड अवधि में विद्युत आपूर्ति को सुचारू बनाए रखा जाए ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

### विद्युत उत्पादन की सभी यूनिट्स का संचालन हो सुनिश्चित-

श्री शर्मा ने बिजली उपलब्धता एवं मांग की समीक्षा करते हुए कहा कि रबी सीजन के दौरान किसानों को एवं फरवरी से अब तक की पीक डिमांड पर उपभोक्ताओं को राज्य सरकार ने निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की है। उन्होंने विद्युत उत्पादन की सभी यूनिट्स के संचालन को सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निकट भविष्य की मांग को देखते हुए उत्पादन के वैकल्पिक स्त्रोत तैयार किए जाएं।

### विकेन्द्रीकृत सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना के कार्यों में लाएं गति -

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार हर हाल में किसानों को वर्ष 2027 तक दिन में बिजली उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। केन्द्र सरकार ने राज्य सरकार के अनुरोध पर पीएम कुसुम योजना के अंतर्गत 5 हजार मेगावाट का अतिरिक्त आवंटन किया। उन्होंने इस संबंध में जीएसएस से स्थापित किए जाने वाले विकेन्द्रीकृत सौर ऊर्जा संयंत्र के कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने बैटरी स्टोरेज सिस्टम को भी लागू किया जाए के संबंध में निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि



उपभोक्ताओं को पर्याप्त विद्युत आपूर्ति के लिए उत्पादन इकाइयों एवं प्रसारण तंत्रों का उचित रख-रखाव किया जाना आवश्यक है। उन्होंने ट्रांसफार्मर्स की मरम्मत, देखभाल एवं उपयोग संबंधी प्रक्रिया में सुधार करते हुए समुचित प्रावधान किए जाने के निर्देश दिए। बैठक में वित्त विभाग तथा राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन, प्रसारण व वितरण निगमों सहित ऊर्जा विभाग के उच्चाधिकारी उपस्थित रहे।

# अलवर में जहरीली शराब ने ली 8 की जान

## एक दिन में 5 ने दम तोड़ा, दो दिन बाद पहुंचे प्रशासनिक अधिकारी

बढ़ता राजस्थान

**अलवर।** अलवर में जहरीली शराब ने 8 लोगों की जान ले ली। पहली मौत 26 अप्रैल को हुई थी। अगले दो दिन में 7 और लोगों ने दम तोड़ दिया। लगातार हुई मौत जिला प्रशासन पर भी सवाल उठ रहे हैं। सभी मरने वाले दो गांव (पैंतपुर और किशनपुर) के हैं। इन सभी की उम्र 39 से 60 साल के बीच है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस पूरे एरिया में धड़ल्ले से अवैध शराब की बिक्री हो रही है, लेकिन ऐसे लोगों पर कोई कार्रवाई नहीं होती है। जब 28 अप्रैल को एक दिन में 5 मौत हुई तो जिला प्रशासन के अधिकारी इन गांवों में पहुंचे। जहरीली शराब पीने से कई और लोगों की हालत खराब है। जिन्हें अलग-अलग हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया है। जिला आबकारी अधिकारी के अनुसार तीन दिनों में 6 लोगों की मौत हुई है, जबकि ग्रामीणों का कहना है कि जहरीली शराब पीने से 8 लोगों की जान गई है। जिला आबकारी अधिकारी अर्चना जैमन ने मृतकों के परिजनों के बयानों का हवाला देते हुए जहरीली शराब से मौत की बात को खारिज किया है। उन्होंने बताया कि परिजनों ने अलग-अलग कारण बताए हैं - कुछ ने खेत में कीटनाशक छिड़कने के दौरान मौत, कुछ ने दमे की बीमारी और एक ने अत्यधिक शराब सेवन से मौत होना बताया है। जैमन ने कहा कि उनके पास आई रिपोर्ट के अनुसार तीन दिन में 6 मौतें हुई हैं। विभाग अवैध शराब पर लगातार कार्रवाई करता रहता है।



### काम से आकर शराब पी फिर उल्टियां और मौत

मृतक सुरेश की चाची सरिता देवी ने बताया कि घटना वाले दिन सुरेश काम से घर लौटा और शराब का सेवन किया। खाना खाने के बाद वह सो गया। सुबह उठने पर उसे उल्टियां होने लगीं। परिवार के लोग तुरंत उसे अस्पताल ले गए, लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी।

### सबसे ज्यादा मौत 28 अप्रैल को हुई

जहरीली शराब पीने से पहली मौत 26 अप्रैल को पैंतपुर निवासी सुरेश वाल्मीकि (45) की हुई। वहीं, 27 अप्रैल को दो किशनपुर निवासी रामकिशोर (47) और पैतपुर निवासी रामुकुमार (39) की मौत हुई। सबसे ज्यादा मौतें 28 अप्रैल को हुईं, जिसमें किशनपुर के लालाराम (60), भारत (40) और पैंतपुर के ओमी (65) (पुत्र बहाल नट) शामिल हैं। ग्रामीणों ने बताया कि तीन दिन हुई मौतों के बाद बुधवार को पहली बार प्रशासनिक अधिकारी इन गांवों में पहुंचे।

### एक ठेकेदार ने कई दुकानें खोलीं

प्रभावित गांव के लोगों का कहना है कि अकबरपुर थाना इलाके के गांवों में लंबे समय से अवैध शराब की बिक्री हो रही है। इसकी जानकारी पुलिस व दूसरे अधिकारियों को भी है। आरोप है कि जिन ठेकेदारों को एक-एक शराब की दुकानें अलॉट हैं उन्होंने कई दुकानें यहां खोल रखी हैं। जहां कच्ची शराब की भी बिक्री होती है। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसे अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर गुरुवार को महापंचायत बुलाई गई है।

## विशाखापट्टनम में बारिश से नरसिंह स्वामी मंदिर की दीवार गिरी

### 7 श्रद्धालुओं की मौत, 4 घायल



बढ़ता राजस्थान

**विशाखापत्तनम।** आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम में वराह लक्ष्मी नरसिंह स्वामी मंदिर की दीवार का 20 फीट लंबा हिस्सा गिर गया। हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई और 4 घायल हो गए। मंदिर में चंदनोत्सव चल रहा था। यह हर साल मनाया जाता है। इसमें हजारों श्रद्धालु भगवान नरसिंह के दर्शन के लिए आते हैं। कलेक्टर हरेंद्र प्रसाद ने बताया कि एनडीआरएफ और एसडीआरएफ ने रेस्क्यू पूरा कर लिया है। राज्य की गृह और आपदा प्रबंधन मंत्री वंगलापुड़ी अनिता भी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचीं और हालात का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि घायलों के इलाज और राहत-बचाव में कोई कोताही न हो। घटना की जांच के आदेश दे दिए गए हैं। हादसे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शोक व्यक्त किया है। पीएम ने कहा, लोगों की मौत की खबर से बहुत दुखी हूं। यही कामना है, घायल जल्द ठीक हों। प्रधानमंत्री राहत कोष से मृतकों के परिजनों को 2 लाख और घायलों को 50,000 की सहायता राशि दी जाएगी।

मंदिर में चंदनोत्सव चल रहा था। मान्यता है कि इस दौरान भगवान वराह लक्ष्मी नरसिंह स्वामी अपने वास्तविक रूप में भक्तों को दर्शन देते हैं। भगवान के दर्शन के लिए मंगलवार रात बड़ी संख्या में भक्त सिंहगिरी पहुंचे थे।

# अक्षय तृतीया पर गंगोत्री-यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ चारधाम यात्रा शुरू

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मां गंगा के दर्शन किए

बढ़ता राजस्थान

**गंगोत्री/ यमुनोत्री (उत्तरकाशी)।** विश्व प्रसिद्ध गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट देश-विदेश के श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए हैं। इसी के साथ उत्तराखंड में चारधाम यात्रा 2025 का श्रीगणेश भी हो गया। गंगोत्री धाम में कपाट उद्घाटन के लिए बुधवार को भैरों घाटी से तड़के मां गंगा की उत्सव डोली यात्रा गंगोत्री धाम पहुंची। यहां तीर्थ पुरोहितों के द्वारा कपाट उद्घाटन से पहले पूजा पाठ संपन्न किया गया, इस दौरान मंदिर प्रांगण में बड़ी संख्या में तीर्थ यात्री व स्थानीय श्रद्धालु उपस्थित रहे। श्रद्धालुओं के जयकारे व 14 राजपूताना राइफल्स के बैंड की मधुर स्वर लहरियों के बीच गंगोत्री मंदिर के कपाट 10:30 बजे अभिजीत मुहूर्त में खोले गए, इस दौरान हेलिकॉप्टर से गंगोत्री मंदिर के ऊपर पुष्प वर्षा की गयी। कपाट उद्घाटन के बाद पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने धाम पहुंच कर मां गंगा के दर्शन किए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम से पहली पूजा की गई। साथ ही देश-प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की। कपाट उद्घाटन के समय धाम में हजारों श्रद्धालु मौजूद रहे। अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर बुधवार को रोहिणी नक्षत्र में विश्व प्रसिद्ध यमुनोत्री धाम के कपाट विधिपूर्वक खोल दिए गए। ठीक प्रात: 11:55 बजे वैदिक मंत्रोच्चार, पूजा-अर्चना और हर्षोल्लास के बीच धाम के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोले गए। कपाट खुलने के साथ ही अब अगले छह माह तक श्रद्धालु यमुनोत्री धाम में मां यमुना के दर्शन कर सकेंगे। इससे पूर्व, प्रात: 8:20 बजे मां यमुना की शीतकालीन निवास स्थली खरसाली गांव से वाद्य यंत्रों की मधुर धुनों, ढोल-दमाऊ की थाप और यमुना मईया के जयकारों के साथ मां यमुना



की भव्य डोली यात्रा यमुनोत्री धाम के लिए रवाना हुई। इस पवित्र यात्रा में बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण, तीर्थयात्री और पंडा-पुरोहित शामिल हुए। डोली यात्रा के साथ भक्तिमय वातावरण में ग्रामीणों ने परंपरागत वेशभूषा और उत्साह के साथ मां यमुना का स्वागत किया। इस विशेष अवसर पर राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा तैयार आधुनिक पैकेजिंग में मां यमुना के महाभोग-प्रसाद का भी शुभारंभ किया गया। यह पहल न केवल धार्मिक महत्व की दृष्टि से, बल्कि स्थानीय महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। कपाट खुलने के इस शुभ अवसर पर प्रशासन द्वारा धाम में समुचित सुरक्षा, सफाई, जलापूर्ति, स्वास्थ्य और भीड़ नियंत्रण की सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गई थीं। श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु मार्गों की मरम्मत, संकेतचिह्न, चिकित्सकीय सहायता और अन्य व्यवस्थाओं को प्रभावी रूप से लागू किया गया। कपाट खुलने के अवसर पर धाम परिसर में हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक संजय डोभाल, पूर्व विधायक केदार सिंह रावत, मुख्य विकास अधिकारी एस. एल. सेमवाल, उपजिलाधिकारी बड़कोट वृजेश तिवारी, पुरोला विधायक मुकेश रमोला, पुलिस उपाधीक्षक, मंदिर समिति के पदाधिकारी, पंडा-पुरोहित समाज, सामाजिक कार्यकर्ता महावीर पंवार, श्रीमती यशोदा राणा सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने माँ यमुना के दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।

**चारधाम यात्रा का पहला पड़ाव शुरू-** यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ ही चारधाम यात्रा का औपचारिक शुभारंभ हो गया है। उत्तराखंड सरकार द्वारा इस वर्ष यात्रा को अधिक सुरक्षित, सुव्यवस्थित और पर्यावरण हितैषी बनाने हेतु विशेष प्रयास किए जा रहे हैं।

## मुंबई पुलिस की कमान संभालेंगे बिहार के देवेन भारती

### पुलिस कमिश्नर बने, कसाब को फांसी दिलवाने में अहम रोल; सीएम फडणवीस के करीबी

बढ़ता राजस्थान

**पटना।** बिहार के दरभंगा के रहने वाले आईपीएस अधिकारी देवेन भारती मुंबई के नए पुलिस कमिश्नर बनाए गए हैं। वह वर्तमान कमिश्नर विवेक फणसालकर की जगह लेंगे। 35 साल की नौकरी के बाद फणसालकर आज यानी बुधवार को रिटायर हो रहे हैं। देवेन भारती 1994 बैच के आईपीएसअधिकारी हैं। इससे पहले वे मुंबई के लॉ एंड ऑर्डर में स्पेशल पुलिस कमिश्नर रहे हैं। उन्हें महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का करीबी माना जाता है। देवेन आज शाम को पद संभालेंगे।

**26/11 हमले की जांच में शामिल थे-**2014 से लेकर 2019 तक फडणवीस के सीएम कार्यकाल के दौरान भारती जॉइंट पुलिस कमिश्नर (लॉ एंड ऑर्डर) के पद पर थे। भारती मुंबई में हुए 26/11 आतंकी हमले की जांच में शामिल थे। पाकिस्तानी आतंकवादी अजमल कसाब को फांसी दिलवाने में उनका अहम रोल रहा।

**कमिश्नर की रेस में कई नाम थे-**विवेक फणसालकर के रिटायर होने के बाद चर्चा थी कि पद किसे मिलेगा। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सदानंद दाते, संजय कुमार वर्मा, रितेश कुमार और महिला पुलिस अधिकारी अर्चना त्यागी का नाम भी पुलिस कमिश्नर की रेस में था।


बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**

- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**

- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com